

# समवेत शिखर

हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...




वर्ष-36 अंक-312 | रायपुर, गुरुवार 02 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपरः samvetshikhar.com


## फर्स्ट कालम

### जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सेना ने बुधवार सुबह एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। यह ऑपरेशन मंगलवार रात से जारी था। एक अधिकारी ने बताया कि खास इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, पुलिस और सेना की एक जॉइंट टीम ने मंगलवार शाम को घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एक आतंकी के छिपे होने की जानकारी मिली। अंधेरे की वजह से ऑपरेशन रोक दिया गया था। सुबह आतंकी को मार गिराया गया। इससे पहले फरवरी में सेना ने जम्मू-कश्मीर में 6 आतंकवादियों को मार गिराया था। किश्तवाड़ के चतरू में 3 आतंकी ढेर हुए थे।

### जनगणना शुरू, पीएम ने ऑनलाइन फॉर्म भरा

**नईदिल्ली।** जनगणना 2027 का पहला फेज आज (1 अप्रैल) से शुरू हो गया है। यह 30 सितंबर 2026 तक चलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने X पर बताया कि उन्होंने अपनी सेल्फ-एन्यूमरेशन (स्व-गणना) पूरी कर ली है। उन्होंने ऑनलाइन फॉर्म भरते हुए तस्वीर भी शेयर की। जनगणना के पहले फेज में 'हाउस लिस्टिंग' यानी मकानों की गिनती की जा रही है। दूसरा फेज 'जनसंख्या गणना' फरवरी 2027 में होगा। इसमें लोगों से उनकी जाति पूछी जाएगी। आजादी के बाद पहली बार जाति का डेटा जुटाया जाएगा। इससे पहले 1931 में ऐसा हुआ था।

### इंडिगो की घरेलू उड़ानें 950, इंटरनेशनल 10000 तक महंगी

**नईदिल्ली।** एयरलाइंस के लिए जेट-फ्यूल सबसे बड़ा खर्च होता है। कुल ऑपरेटिंग खर्च में इसकी हिस्सेदारी 30% से 40% होती है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की फ्लाइट्स गुरुवार से महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में अधिकतम 950 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में 10,000 तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाया है। नई कीमतें 2 अप्रैल रात 12:01 बजे से लागू होंगी। इंडिगो ने 18 दिन में दूसरी बार घरेलू और इंटरनेशनल उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे पहले कंपनी ने 14 मार्च को भी किराए में बढ़ोतरी की थी।

### ईरान युद्ध के बीच लॉकडाउन का फेक नोटिस वायरल

**नईदिल्ली।** एक अप्रैल को सोशल मीडिया पर 'वॉर लॉकडाउन नोटिस' वायरल हुआ। इसके पीडीएफ के ऊपरी हिस्से पर सत्यमेव जयते के साथ अशोक चक्र दिख रहा है। जब इसे खोला गया तो यह 'अप्रैल फूल' का मजाक निकला। कई लोगों ने इसे फॉरवर्ड किया। हालांकि, दस्तावेज को खोलने पर इसके फेक होने की सच्चाई सामने आई। लॉकडाउन की अफवाहें प्रधानमंत्री मोदी के संसद में दिए गए बयान के बाद शुरू हुई थीं।

### निशिकांत दुबे ने माफी मांगी, कहा- बीजू पटनायक बड़े नेता

**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक पर दिए बयान को लेकर माफी मांग ली है। एक्स पर कहा कि बीजू बाबू हमारे लिए हमेशा ऊंचे कद के स्टेट्समैन रहे है और रहेंगे। मेरे बयान से यदि भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं बेशर्त क्षमा चाहता हूं।' उन्होंने कहा की उनके बयान उनकी निजी राय थी और उसे गलत तरीके से समझा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नेहरू जी पर कही गई बात को बीजू पटनायक से जोड़ दिया गया, जो सही नहीं है।

### अर्जेंटीना ने ईरान के आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**ब्यूनस आयस।** अर्जेंटीना ने ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय सरकार ने आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। बयान में यह याद दिलाया गया कि देश ने 1990 के दशक में दो आतंकवादी हमलों का सामना किया था। पहला हमला इजरायली दूतावास पर और दूसरा ब्यूनस आयर्स में एक यहूदी सांस्कृतिक केंद्र पर हुआ था।

---

**पीएम मोदी ने सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी मीटिंग की अध्यक्षता की**

# मोदी ने पश्चिम एशिया में हालात की समीक्षा की, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल सहित जरूरी सामानों पर की चर्चा



**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम 7 बजे कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक हुई। इसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत में मौजूदा हालात की समीक्षा की गई। मीटिंग में अमित शाह, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव, मनोहर लाल खट्टर, प्रल्हाद जोशी, किंजरापु राममोहन नायडू और हरदीप सिंह पुरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल रहे।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, पीएम के प्रमुख सचिव पी.के. मिश्रा और शक्तिकांत दास और कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन भी मीटिंग में शामिल हुए। इस दौरान आम लोगों की जरूरी जरूरतों जैसे खाद्य, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल उपलब्धता पर चर्चा की गई। पिछले 10 दिनों के भीतर सीसीएस की यह दूसरी मीटिंग है। इससे पहले 23 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीसीएस मीटिंग की अध्यक्षता की थी। इसमें भारत पर पश्चिम एशिया में संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों का आकलन किया गया था।

पीएम ने कहा था कि यह समस्या लगातार बढ़ रही है और पूरी दुनिया इससे प्रभावित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिया था कि सरकार के सभी विभाग मिलकर काम करें ताकि आम लोगों को कम से कम परेशानी हो। मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अन्य अधिकारी मौजूद थे। कैबिनेट सचिव ने अब तक उठाए गए और प्रस्तावित कदमों की जानकारी दी थी। इसके अलावा कृषि, उर्वरक, खाद्य सुरक्षा, पेट्रोलियम, बिजली, एमएसएमई, निर्यात, शिपिंग, व्यापार, वित्त और सप्लाई चेन जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव और उससे निपटने के उपायों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ईरान जंग को लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने कहा कि सभी राज्य टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें और अपनी तैयारियां मजबूत रखें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में पीएम ने राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और नागरिकों की सुरक्षा है। पीएम ने सप्लाई चेन सही रखने, जमाखोरी-कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती करने को कहा। साथ ही खाद के स्टॉक व वितरण पर नजर रखने को कहा। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल की तरफ से ईरान पर हमले के बाद युद्ध शुरू हुआ था। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में जवाबी हमले किए। अब युद्ध एक महीने से ज्यादा समय से जारी है और इसके जल्द खत्म होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। ईरान के नियंत्रण में स्थित होर्मुज इस संघर्ष के कारण प्रभावित हुआ है। इसके चलते भारत सहित कई देशों को तेल और गैस सप्लाई में बाधा का सामना करना पड़ रहा है। होर्मुज से दुनिया की करीब 20 प्रतिशत ऊर्जा सप्लाई होती है। संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब, यूएई, कतर, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, फ्रांस, नीदरलैंड, मलेशिया, इजराइल और ईरान सहित कई देशों के नेताओं से बातचीत की है।

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर दिल्ली में 195 रुपए महंगा

**नई दिल्ली (ए)।** पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति संबंधी बाधाओं के बीच तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी-भरकम बढ़ोतरी की घोषणा की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पहली अप्रैल से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 2,078.50 रुपये का मिलेगा। इसकी कीमत गत 07 मार्च को बढ़ाकर 1,883 रुपये की गयी थी। इस प्रकार अब यह 195.50 रुपये यानी 10.38 प्रतिशत महंगा हो गया है। इस साल एक जनवरी से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में यह पांचवीं बढ़ोतरी है। इस दौरान दिल्ली में यह 498 रुपये महंगा हो चुका है। घरेलू इस्तेमाल वाले 14 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें 07 मार्च को 60 रुपये की वृद्धि की गयी थी और फिलहाल दिल्ली में इसकी कीमत 913 रुपये प्रति सिलेंडर है। कोलकाता में पहली अप्रैल से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 218 रुपये (10.95 प्रतिशत) महंगा होकर 2,208 रुपये का और मुंबई में 196 रुपये (10.68 प्रतिशत) की बढ़ोतरी के साथ 2,031 रुपये का हो गया है। चेन्नई में इसकी कीमत 203 रुपये (9.93 प्रतिशत) बढ़कर अब 2,246.50 रुपये प्रति सिलेंडर पर पहुंच गयी है।

# चंडीगढ़ में पंजाब भाजपा हेडक्वार्टर के बाहर ब्लास्ट





### खालिस्तानी संगठन ने जिम्मेदारी ली

**चंडीगढ़ (ए)।** चंडीगढ़ में बीजेपी के पंजाब मुख्यालय के बाहर बुधवार शाम 5 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट के बाद वहां पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों के शीशे टूट गए। बीजेपी ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रों जैसे निशान बन गए। इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें एक व्यक्ति ग्रेनेड की पिन खोलकर उसे फेंककर भाग रहा है। इस दौरान धमाके की आवाज भी सुनाई देती है।

मौके से करीब 10 मीटर दूर स्थित पेट्रोल पंप से सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें धमाके के तुरंत बाद बाइक पर 2 लोग भागते दिख रहे हैं। इनके ही हमलावर होने का दावा किया जा रहा है। वहीं, खालिस्तानी आतंकी सुखजिंदर सिंह बब्बर की ओर से एक पोस्ट भी सामने आई, जिसमें खालिस्तानी संगठन हमले की जिम्मेदारी ले रहा है। चंडीगढ़ पुलिस के साथ ही सेना और एनआईए की टीम भी मौके पर पहुंची। बम और डॉग स्क्वॉड तथा फॉरेंसिक टीमों के जरिए पूरे इलाके को खंगाला गया। टीम ने विस्फोटक के टुकड़ों की भी जांच की। संदिग्धों की तलाश में पूरे शहर में नाकाबंदी की गई। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स भी मौके पर पहुंची। इस वारदात की जिम्मेदारी एक खालिस्तानी आतंकी ने ली। उसकी तरफ से लिखा गया है- सुखजिंदर सिंह बब्बर 1 अप्रैल 2026 को चंडीगढ़ सेक्टर-37 में हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी लेता है। हम भारतीय सिस्टम को बताना चाहते हैं कि पंजाब के सिख नौजवानों को खत्म करने के जितने मर्जी हथकंडे इस्तेमाल कर लो, दसमेश पिता का खालसा पंथ इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। पोस्ट में आगे लिखा है- गुरदासपुर में रणजीत सिंह के हत्यारे को भी नहीं बख्शा जाएगा। पंजाब की धरती धरती खालसा की धरती है।

पंजाब में खालिस्तान बनेगा। खालिस्तान जिंदाबाद। खालसा राज करेगा। 22 फरवरी 2024 को गुरदासपुर के एक गांव में एक ए.एसआई और एक होमगार्ड जवान की हत्या हुई थी। पुलिस ने इस मामले में रणजीत सिंह नाम के युवक को पकड़ा। पुलिस ने कहा था कि उसी ने दोनों का कत्ल किया। उसके पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई हैंडलर्स के साथ लिंक हैं। पुलिस के मुताबिक, 25 फरवरी को रणजीत को हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने भागने की कोशिश की। जवाबी फायरिंग में वह मारा गया। परिवार का आरोप था कि यह फर्जी एनकाउंटर है। 12 दिनों तक परिवार से संस्कार नहीं किया था।

# मोदी ने असम में राजग की हैट्रिक का किया दावा, कांग्रेस पर बोला हमला



**डिब्रूगढ़ (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को असम के गोगामुख में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार की हैट्रिक (लगातार तीसरी जीत) का दावा करते हुये कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में ब्रह्मपुत्र नदी के दोनों किनारों को जोड़ने के लिए केवल तीन पुल बनाए, जबकि भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (भाजपा-राजग) की 'डबल इंजन' की सरकार ने पिछले 11 वर्षों में पांच नए पुलों का निर्माण कर लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि बोगीबील पुल और भूपेन हजारिका सेतु जैसी परियोजना ने असम के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। श्री मोदी ने कहा कि पहले सर्वानंद सोनोवाल और अब हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम की जनता ने पिछले 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का नया दौर देखा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह चुनाव 'विकसित असम से विकसित भारत' बनाने का चुनाव है। श्री मोदी ने जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ को भाजपा-राजग की जीत का संकेत बताते हुए कहा कि इस बार राज्य में हैट्रिक तय है।

### अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

**नई दिल्ली (ए)।** आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 पास कर दिया है। इस बिल के जरिए अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी का कानूनी दर्जा मिलेगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बिल पेश किया था। इस पर एक घंटे से ज्यादा बहस हुई, जिसके बाद इसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा आज लोकसभा से जन विश्वास बिल और राज्यसभा से CAPF बिल भी पास हो गया। इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विदेशों से चंदा मिलने वाले विदेशी अंशदान संशोधन बिल को लेकर हंगामा किया। उन्होंने FCRA बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे।

# बंगाल एसआईआर : 60 लाख में 47 लाख आपत्तियां निपटीं सुप्रीम कोर्ट बोला-7 अप्रैल तक सबका निपटारा होगा

### ट्रिब्यूनल गलत तरीके से जोड़े-हटाए नामों को सुधारेंगे



**नईदिल्ली (ए)।** पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद 60 लाख आपत्तियों में से लगभग 47 लाख आपत्तियों का निपटारा 31 मार्च तक कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधबार को बताया कि उन्हें यह जानकारी 31 मार्च को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने लेटर से दी। हाईकोर्ट ने बताया गया है कि हर दिन लगभग 1.75 लाख से 2 लाख आपत्तियों को निपटाया किया गया। सभी लंबित आपत्तियों का निपटारा 7 अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा, 'हम इन आंकड़ों से काफी खुश हैं।' सुप्रीम कोर्ट अब 6 अप्रैल को बंगाल SIR के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। बंगाल में एसआईआर के बाद 28 फरवरी को फाइनल वोटर लिस्ट जारी हुई थी। इसमें 7.04 करोड़ वोटर के नाम थे। लगभग 60 लाख नाम न्यायिक जांच के दायरे में रखे गए। इन्हें वोटर लिस्ट में रखने या हटाने पर फैसले के लिए 705 न्यायिक अधिकारियों को नियुक्त किया गया था।

---

**खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : 2026**

# छत्तीसगढ़ को एक रजत और एक कांस्य



### दशरथ तलवार, नागिनी के स्वर्ण से कर्नाटक की बढ़त मजबूत

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रेस वॉकर दशरथ तलवार और मिडिल-डिस्टेंस धाविका नागिनी के स्वर्ण पदकों की बदौलत कर्नाटक ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के आठवें दिन अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। वहीं छत्तीसगढ़ के गजेंद्र ठाकुर ने पुरुष 800 मीटर में रजत पदक जीता और पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।

जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर एथलेटिक्स ट्रैक पर दशरथ तलवार ने 45:13.85 के समय के साथ पुरुष 10 किमी रेस वॉक में कर्नाटक को 1-2 की बढ़त दिलाई। उनके साथी दर्शन बगाड़ी (46:25.90) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि गुजरात के सागरभाई कटारा (48:16.09) तीसरे स्थान पर रहे। इसके बाद नागिनी ने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में 2:13.80 का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता, जिससे कर्नाटक के स्वर्ण पदकों की संख्या 21 हो गई। कर्नाटक ने अब तक आठ रजत और सात कांस्य सहित कुल 36 पदक जीत लिए हैं। छत्तीसगढ़ के गजेंद्र ठाकुर ने पुरुष 800 मीटर में 1:53.82 के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में ओडिशा के दावनिधि मुंडा ने 1:53.33 के समय के साथ स्वर्ण जीता। अपने प्रदर्शन से खुश ठाकुर ने बताया कि उन्होंने एथलेटिक्स में प्रशिक्षण केवल एक साल पहले शुरू किया था। उन्होंने साई मीडिया से कहा, मैं बिलासपुर के SAI ट्रेनिंग सेंटर में कबड्डी ट्रायल देने आया था।

# केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक विपक्ष के वाकआउट के बीच राज्यसभा से ध्वनिमत से पारित



**नईदिल्ली (ए)।** राज्यसभा ने विपक्षी सदस्यों के वाकआउट के बीच केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (समान्य प्रशासन) विधेयक 2026 को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक में संशोधन के प्रस्ताव दिये थे लेकिन सदस्यों के सदन में मौजूद नहीं रहने के कारण इन्हें पेश नहीं किया गया। विपक्षी सदस्य विधेयक को प्रवर समिति में भेजने की मांग कर रहे थे जिसे नहीं माने जाने पर उन्होंने सदन से वाक आउट किया। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक पर करीब आठ घंटे चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक देश की सुरक्षा व्यवस्था को और सुरक्षित तथा सुदृढ बनाने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि यह अधिकारियों की सेवा शर्तों में उत्पन्न प्रशासनिक और कैडर प्रबंधन से जुड़ी हुई चुनौतियों के समाधान की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। इससे पहले विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने श्री राय के जवाब को आधा अधूरा बताते हुए कहा कि इसमें विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाये गये मुद्दों का जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को विस्तृत चर्चा के लिए प्रवर समिति में भेजा जाना चाहिए।

# अनिल अंबानी के खिलाफ सीबीआई ने नया केस दर्ज किया

### एलआईसी से 3,750 करोड़ के फ्रॉड का आरोप



**नईदिल्ली (ए)।** सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के खिलाफ एक नया केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई एलआईसी की शिकायत पर की गई है। जांच एजेंसी का आरोप है कि अनिल अंबानी और उनकी कंपनी ने मिलीभगत कर एलआईसी से करीब 3,750 करोड़ का फ्रॉड किया है। RCom और अनिल अंबानी के खिलाफ यह चौथा मामला है। सीबीआई ने इस केस में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई की जांच में सामने आया है कि 2009 से 2012 के बीच रिलायंस कम्युनिकेशंस ने एलआईसी को नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स में 4,500 करोड़ निवेश करने के लिए राजी किया था।

**मीडिल-ईस्ट युद्ध** » माइक्रोसॉफ्ट-एपल, गूगल भी निशाने पर, ट्रम्प बोले- ईरान से डील की कोई जरूरत नहीं

# ईरान ने बहरीन में अमेजन ऑफिस पर किया हमला



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (ए)।** ईरान ने बहरीन में बुधवार को अमेरिकी कंपनी अमेजन वेब सर्विस के एक डेटा सेंटर पर हमला किया। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, हमले के बाद उस जगह पर आग लग गई। इससे पहले बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी बताया था कि एक कंपनी की इमारत में आग लगी है, जिसे फायर ब्रिगेड की टीम बुझा रही थी। हालांकि उस समय कंपनी का नाम नहीं बताया गया था।

यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने मिडिल ईस्ट में काम कर रही 18 अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाने की धमकी दी थी। इनमें माइक्रोसॉफ्ट, एपल, गूगल, मेटा जैसी कंपनियां शामिल हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए किसी समझौते (डील) की जरूरत नहीं है। अमेरिका यह युद्ध 2 से 3 हफ्तों में खत्म कर सकता है।

**जंग से मिडिल ईस्ट को 18 लाख करोड़ का नुकसान :** यूनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम ने कहा है कि मध्य पूर्व में चल रहा युद्ध पूरे इलाके की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक यह संघर्ष अब सिर्फ कुछ देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए बड़ा संकट बन गया है। ईरान की सेना ने दावा किया है कि उसने इजराइल के बेन गुरियन एयरपोर्ट और यूएई में कुछ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। वहीं दक्षिणी लेबनान में एक घर पर इजराइली हमले में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।

### ईरान में इस्लामिक गार्ड के हाथ में पूरा कंट्रोल

**तेहरान।** ईरान में सरकार और धार्मिक सेना के बीच टकराव बढ़ने की खबर है। तेहरान टाइम्स रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ताकतवर सेना जैसी संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के बीच सत्ता को लेकर खींचतान चल रही है। अखबार के मुताबिक IRGC ने देश का कंट्रोल अब अपने हाथ में ले लिया है। दावा यह भी है कि राष्ट्रपति पजशकियान की मुलाकात सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से नहीं हो पा रही है। दरअसल इस हफ्ते की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को लेकर एक बड़ा दावा किया।

## ▶▶ न्यूज़ ब्रीफ

### बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत सहसपुर लोहारा में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



**कवर्धा।** बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के सभागृह में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंचायत सचिवों, सरपंचों, पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत में परियोजना अधिकारी सहसपुर लोहारा, सुश्री रीना ठाकुर द्वारा बाल विवाह से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के कर्तव्यों एवं दायित्वों, शिकायत दर्ज करने हेतु उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों तथा पंचायत स्तर पर आवश्यक रजिस्टर संधारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा श्री शिव कुमार साहू ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने अभियान की सफलता हेतु सभी से सक्रिय सहयोग एवं सतत प्रयास करने की अपील की। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई से श्री अविनाश सिंह ठाकुर एवं सुश्री प्रिंसी गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं, मिशन शक्ति से श्री धनसाय साहू की उपस्थिति रही। कार्यशाला का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति प्रशिक्षित करना था, जिससे समाज से इस कुप्रथा का समूल उन्मूलन सुनिश्चित किया जा सके।

### लू-तापघात से बचाव हेतु जिला प्रशासन सतर्क पशुधन सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लू-तापघात (हीट वेव) से बचाव एवं प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने समस्त विभागों को जिला, तहसील एवं ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार वैश्विक तापमान में औसत वृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते विगत वर्षों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अप्रैल से जून माह के दौरान भीषण गर्मी एवं लू की प्रवृत्ति में वृद्धि देखी गई है। इस वर्ष भी तापमान में वृद्धि एवं भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके परिणामस्वरूप पशुओं के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न होने की आशंका है। ऐसी स्थिति में पशुपालकों को स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच से संपर्क कर जल समस्या से अवगत कराने तथा स्थानीय स्तर पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुझाव देने के लिए कहा गया है। संस्था स्तर पर लू से बचाव के लिए ÷क्या करें एवं क्या न करें के संबंध में ग्राम सभाओं के माध्यम से पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही अधीनस्थ अमले को निर्देशित किया गया है कि वे पशुपालकों को समय-समय पर आवश्यक सलाह दें तथा जरूरत पड़ने पर इन उपायों का पालन भी सुनिश्चित कराएं। जिले में चल चिकित्सा अधिकारियों की निगरानी में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां आपात स्थिति में मोबाईल नंबर 8103187138 पर संपर्क किया जा सकता है।

### डुलिपि सर्वेक्षण और संरक्षण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन और 'ज्ञानभारतम' के मध्य हुए एम.ओ.यू. के तहत जिले में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्वयन तथा पाण्डुलिपियों की पहचान एवं दस्तावेजीकरण गतिविधियों के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति एवं नोडल अधिकारियों का गठन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा समिति की अध्यक्ष होंगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी (मोबाईल नंबर 7587202092) नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर (9630770881) सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी (9425235450), जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री चंद्रेश कुमार ठाकुर (7354584284), अधीक्षक भू-अभिलेख श्री भूपेन्द्र ताण्डेकर (8602145340) एवं सहायक प्राध्यापक नवीन कॉलेज घोटिया श्री दीपक मेश्राम (8959553921) समिति के सदस्य होंगे।

# कलेक्टर वर्मा ने सुदूर वनांचल ग्राम भुरसीपकरी में लगाई रात्रि चैपाल

### झिरिया में सेनेटरी वेल का होगा निर्माण, ताकि गांव में साल भर मिले पानी

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** जिले के अंतिम छोर में बसे बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल एवं बैगा बाहुल्य ग्राम भुरसीपकरी की योजनाओं में क्रियान्वयन का मुआयना करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा स्वयं गांव पहुंचे। उन्होंने यहां रात्रि चैपाल लगाकर बैगा आदिवासियों के साथ जमीन पर बैठकर बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी।

कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं, शिकायतें और मांगें विस्तार से सुनीं तथा कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर को रात्रि चैपाल के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल समस्या की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या होती है। करीब डेढ़ किलोमीटर दूर झिरिया से पानी लाना पड़ता है, जिससे काफी कठिनाई होती है। उन्होंने बताया कि झिरिया में सालभर पानी उपलब्ध रहता है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएचई विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि झिरिया में सेनेटरी वेल बनाया जाएगा। सेनेटरी वेल में मोटर पंप लगाकर और पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाने की योजना तैयार की गई है और शासन को भेजा गया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिले के ऐसे सभी वनांचल गांवों का सर्वे किया जा रहा है, जहां झिरिया से पानी लाना पड़ता है। इन गांवों के लिए भी इसी तरह की योजना बनाकर सेनेटरी वेल मोटर पंप और पाइपलाइन के माध्यम से सालभर पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता श्री दिलीप राजपूत ने बताया कि वर्तमान में गांव में 3 सोलर पंप स्थापित है जिससे पेयजल आपूर्ति की जाती है, गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण समस्या होती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से गांव में साल भर पानी की आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए कार्य योजना तैयार किया गया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने जनमन योजना के तहत आवास निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की। ग्राम सचिव ने जानकारी दी कि भुरसीपकरी में 142 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 83 पूर्ण हो चुके हैं, 55 निर्माणाधीन हैं और 4 कार्य शुरू नहीं हुए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों को राशि मिल चुकी है, उनके आवास निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराए जाएं। साथ ही आवास मित्रों को नियमित निरीक्षण कर समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। राशन वितरण की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें नियमित राशन मिल रहा है।

# प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। निगम प्रशासन ने यह निर्णय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है, ताकि



अधिक से अधिक करदाता समय पर अपना कर जमा कर सकें और शासकीय छूट का लाभ प्राप्त कर सकें। मंगलवार को अवकाश होने के बावजूद बड़ी संख्या में नागरिक टैक्स जमा करने निगम कार्यालय पहुंचे। जो नागरिकों की जागरूकता और सहयोग को दर्शाता है। नगर निगम में संपत्तिकर जमा करने की आखिरी तारीख 30 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। बढ़े हुए अतिरिक्त दिनों में राजस्व विभाग के कर्मचारियों को घर-घर जाकर लोगों से संपत्तिकर की वसूली करनी है। साथ ही उन्हें आनलाइन टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित करना है। 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करने पर उनसे पेनाल्टी नहीं ली जाएगी। 1 मई के बाद जो भी व्यक्ति पिछले वर्ष का संपत्तिकर जमा करेगा, उनसे 17 प्रतिशत तक सरचार्ज की वसूली की जाएगी। निगम प्रशासन ने समस्त करदाताओं से अपील की है कि वे बढ़ाई गई अंतिम तिथि 30 अप्रैल से पहले अपना बकाया कर जमा कर दें, ताकि छूट का लाभ प्राप्त किया जा सके एवं किसी भी प्रकार की पेनाल्टी या दंडात्मक कार्यवाही से बचा जा सके। समय पर कर जमा कर शहर के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति, संकल्पपूर्ति पर सिद्ध खेड़ापति हनुमान महाराज मंदिर प्रांगण कवर्धा में हनुमंत भंडारा का आयोजन

### 4 दशकों से अधिक समय से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से जूझ रहा था

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** 31 मार्च 2026 की नियत तिथि तक बस्तर सहित छत्तीसगढ़ से सशस्त्र नक्सलवाद के पूर्णतः समाप्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में 2 अप्रैल को कवर्धा स्थित खेड़ापति हनुमान जी महराज मंदिर में पावन हनुमंत भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन आयोजन के माध्यम से प्रदेश में स्थापित शांति, सुरक्षा और समृद्धि के नए युग का अभिनन्दन करते ईश्वर का आभार नमन-वंदन किया जाएगा। 4 दशकों से अधिक समय से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से जूझ रहा था। नक्सलवाद ने विशेषकर बस्तर अंचल को लंबे समय तक प्रभावित किया, जहां हजारों लोगों की जाने व बुनियादी विकास कार्य बाधित रहे और आम जन-जीवन असुरक्षा व दंश के बारूदी साये में रहा। बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के कई अन्य जिले भी नक्सलवाद से पीड़ित और प्रभावित रहे, जिसमें कबीरधाम जिला भी शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के संकल्प के अनुसार नियत समय पर आज छत्तीसगढ़ ही नहीं, समूचे देश से सशस्त्र नक्सलवाद का अंत हो रहा है, दशकों से चली आ रही हिंसा और भय का दौर समाप्त हो रहा है, तब आम लोगों में भी खुशी का माहौल है। जन सामान्य में खुशी इस बात की भी है, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के गृह मंत्री के रूप में कवर्धा के विधायक श्री विजय शर्मा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। सबसे अहम तथ्य यह कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों के साहस, वीरता और बलिदानों के कारण संभव हो सकी है। उन जवानों के अमर बलिदान का पावन स्मरण और भगवान खेड़ापति हनुमान जी महराज का पूजन अर्चन कर प्रदेश में शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ पावन भंडारा का शुभारंभ प्रातः 11 बजे किया जाएगा। कवर्धा के माटीपुत्र विजय शर्मा ने भक्तजनों को इस अवसर पर सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि खेड़ापति हनुमान महाराज जी की असीम कृपा से हम सब उस लक्ष्य को प्राप्त कर सके जो वर्षो तक असाध्य माना जाता था। अंजनीनंदन , श्रीराम भक्त वीर हनुमान जी की अशेष कृपा से आज हमारा छत्तीसगढ़ के शान्तिमार्ग पर आरूढ़ हुआ। आइए इस पावन अवसर पर हम सब मारूतिनंदन के श्रीचरणों मे नमन-वन्दन कर उनके असीम आशीर्वाद का वरण करे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समीक्षा बैठक हुई जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में आज दिनांक -01.04.2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चिटफंड के प्रकरण, स्थायी वारंटी एवं प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



उक्त बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल द्वारा ली गई, जिसमें उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री आशीष शुक्ला, निरीक्षक विमल लवानिया, योगेश कश्यप, लालमन साव, डी.सी.बी. प्रभारी सउनि सफीक कुरैशी, प्र.आर. लोकेश शर्मा, शिकायत शाखा प्र.आर. एवन नेताम एवं हेमंत ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा चिटफंड से संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में संलिप्त आरोपियों का शीघ्र पता लगाकर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट की अधिकतम तामिली सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीम गठित कर लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके जिससे दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि पुलिस के पास प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जाए, जिससे आम जनता को समय पर न्याय मिल सके व कबीरधाम पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के दिशा में निरंतर प्रयास किए जा सके।

# 22 सरपंचों ने एक साथ पहुंचकर सौंपा एसडीएम को ज्ञापन, 7 अप्रैल को होगा जंगी प्रदर्शन

### पात्र हितग्राहियों को नहीं मिला रहा योजनाओं का लाभ

समवेत शिखर संवाददाता

**पाटन।** पाटन ब्लॉक के 22 सरपंच आज एसडीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे, जहां उन्होंने गांवों में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।



सरपंचों ने निस्तारी व्यवस्था, पेयजल संकट, हितग्राही मूलक योजनाओं में आ रही दिक्कतें, प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन से जुड़ी समस्याओं सहित कई अहम मुद्दों को विस्तार से रखा। साथ ही इन समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग भी की गई। यह ज्ञापन जनकल्याण समिति पाटन के नेतृत्व में सौंपा गया। सरपंचों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि प्रशासन की ओर से ठोस पहल नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसी कड़ी में आगामी 7 अप्रैल को बड़े आंदोलन की तैयारी भी की जा रही है, जिसमें विभिन्न गांवों से 10 हजार से अधिक ग्रामीण और हितग्राही पाटन में एकत्र होकर प्रदर्शन करेंगे। फिलहाल, अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इन मांगों पर कितनी गंभीरता से कदम उठाता है। एसडीएम ने प्राथमिकता के साथ सभी समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर युगल किशोर आडील,राकेश आदिल ,भास्कर वर्मा जनपद पंचायत पाटन सदस्य, विष्णु निषाद जनपद पंचायत पाटन सदस्य, उपसरपंच अशोगा द्रोपती साहू, महकाकला सरपंच जितेंद्र वर्मा, पूर्व सरपंच तारीघाट अशोक साहू, सरपंच सोरम नरोत्तम बजाज, उपसरपंच सोरम राजेश वर्मा, सरपंच टेमरी वरुण देव नेताम ,पूर्व सरपंच चांगोरी चंद्रशेखर वर्मा, सरपंच फूंडा रोशन वर्मा, टीकम यादव सरपंच भरर छविराम आदि उपस्थित रहे।

# कबीरधाम में स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण का नया अध्याय, जिले को मिली 7 नई एम्बुलेंस

### जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में एक और नया अध्याय जुड़ा है। 108 सेवाओं के तहत चलने वाली 07 नयी एम्बुलेंस जिले को मिली हैं। इन एंबुलेंस को कलेक्ट्रेट परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 07 एंबुलेंस में से 02 एएलएस और 05 बीएलएस एम्बुलेंस में से 01 एएलएस एम्बुलेंस कवर्धा जिला मुख्यालय और 01 चिल्पी में तैनात होंगें। वहीं 05 बीएलएस एंबुलेंस पंडरिया, सहसपुर लोहारा, रेंगाखार, कुकदूर और बोड़ला में सेवाएं देंगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने इस अवसर पर कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के निरंतर विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व व उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से कवर्धा में स्वास्थ्य सुविधाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण, जिला अस्पताल में सीटी स्कैन, सोनोग्राफी के साथ ही उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में अब राज्य शासन द्वारा जिले को 07 नयी एम्बुलेंस मिली है। जो दूरस्थ अंचलों से जरूरतमंद व गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए अस्पतालों तक परिवहन में सहायक होंगी। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि जिले को मिले एम्बुलेंस मरीजों के परिवहन के लिए आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों और सुविधाओं से युक्त हैं। इससे ग्रामीण और दूर दराज के ऐसे मरीज जिन्हें अस्पताल तक आने में कठिनाई है अथवा दुर्घटना इत्यादि के समय फौरन चिकित्सीय सहायता की जरूरत होती है उनके लिए बड़ी सहायक होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि 07 नए एम्बुलेंस का वितरण इस प्रकार किया गया है, जिससे शहरी के साथ साथ दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को इसका लाभ मिले। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि शासन द्वारा बच्चों के आईसीयू युक्त नियो नेटल एंबुलेंस संभाग मुख्यालयों में प्रदान किया गया है, जो बच्चों के लिए चलता फिरता आईसीयू है।

# आमदी सेक्टर 9 श्री संकट मोचन पीपल वाले हनुमान मंदिर में न्यासीगण करेंगे आज प्रथम पूजन

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** हनुमान जयंती के अवसर पर स्व.रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चंद्राकर एवं श्रीमती गजरा बाई चंद्राकर निजी न्यास के परिवारिक सदस्यों के द्वारा 2 अप्रेल दिन गुरुवार को तड़के सुबह तीन बजे हनुमान भगवान की प्रथम आरती की जायेगी। व्यवस्थापक नितीश चंद्राकर ने पीपल पेड़ वाले श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर (आमदी मंदिर), सेक्टर 9,भिलाई में सभी भक्तगण हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लेने कि अपील कि है।



उन्होंने आमदी मंदिर के न्यास के इतिहास के बारे में बताया कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेक्टर 9, ग्राम आमदी, भिलाई कुलदेवता स्व. रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर ग्राम रिसामा आँधी चन्द्राकर परिवार मंदिर एवं न्यास का विवरण खंड क्रमांक 13612 दिनांकः 13अक्टूबर /1971 श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा सन् 1866 में ग्राम आमदी के लंबरदार एवं मालगुजार स्व. रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर उप नाम (ठगड़ा दाऊ) के द्वारा किया गया है। रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर द्वारा श्री रामजानकी मंदिर दुर्ग एवं रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर जलाशय - प्रचलित नाम ठगड़ाबांध का निर्माण भी दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर द्वारा किया गया है।

स्व. रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर सेन्ट्रल प्रॉविंसेस के जूरी के सदस्य एवं कृषि रत्न की उपाधि से सम्मानित किये गये थे। इस मंदिर की देखरेख की व्यवस्था दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर के मृत्यु के उपरान्त तत्कालीन माल गुजार स्व. दाऊ लाला राम चन्द्राकर एवं स्व. दाऊ विष्णु प्रसाद चन्द्राकर द्वारा किया जाता था। वर्तमान में इस मंदिर की देखरेख इनके वंशजों के द्वारा किया जा रहा है। श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की अच्छे से देखरेख हो सके इस हेतु रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर के वंशज डॉ. जीवन लाल चन्द्राकर द्वारा 13अक्टूबर 1971 न्यास का विधिवत गठन किया गया। इस न्यास के प्रथम अध्यक्ष स्व. डॉ. जीवन लाल चन्द्राकर, द्वितीय अध्यक्ष स्व. डॉ. मंगल प्रसाद चन्द्राकर, वर्तमान अध्यक्ष डॉ. भूधर लाल चन्द्राकर एवं न्यास के व्यवस्थापक नितिश चन्द्राकर हैं स्व. रायसाहब दाऊ माधो प्रसाद चन्द्राकर न्यास के तरफ से पूजा के लिये स्व. नर्मदा प्रसाद तिवारी को पूजारी के रूप में नियुक्त किया गया था। वर्तमान में उनके परिवार के सदस्य कमलाकांत तिवारी स्ह्लड्डु4 कृष्णकांत तिवारी मंदिर की देखरेख न्यास की सहमति से कर रहे हैं।यह जानकरी न्यास के व्यवस्थापक नीतीश चंद्राकर ने दी है।

### पार्षद यादव के नेतृत्व में रिसाली-भिलाई में श्री केसरी समिति का श्री हनुमान जन्मोत्सव आज

**भिलाई।** श्री केसरी समिति, रिसाली (भिलाई) द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम गुरुवार, 2 अप्रैल 2026 को शाम 4:00 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजक-पार्षद (वार्ड-25) मनीष यादव (बंटी) एवं श्री केसरी परिवार- ने समस्त नगरवासियों को सपरिवार व इष्ट-मित्रों सहित सादर आमंत्रित किया है। आशीष नगर,



वार्ड-25 स्थित प्रियंका नगर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा प्रारंभ होकर डी.पी.एस. चौक रिसाली के हनुमान मंदिर प्रांगण में भव्य ध्वजारोहण के साथ समापन होगा। श्री दुलराय अघोरी व काली माता ग्रुप, अंजोरा- संगवारी गड़वा बाजा पार्टी-आनंद धाम, सगनी - माता जसगीत, नवदुर्गा झांकी, नरसिंह भगवान की झांकी-शंकर-पार्वती माता झांकी, काली माता 5 स्वरूप झांकी, रामदरबार झांकी डी.जे. महाकाल एवं डी.जे. गजराज आयोजक मनीष यादव (बंटी) ने कहा, हनुमान जन्मोत्सव हमारे वार्ड-रिसाली की सामूहिक आस्था और एकता का पर्व है।

# छत्तीसगढ़ नक्सलवाद मुक्त होने पर भाजयुमो का दीपदान, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के नक्सलवाद मुक्त होने के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिला दुर्ग द्वारा शहीदों की स्मृति में दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 31 मार्च को सिविल लाइन स्थित शीतला माता मंदिर के समीप छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सह-कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, वरिष्ठ नेता अजय तिवारी, महामंत्री अनिकेत यादव एवं आरुणि दानी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि 31 मार्च का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि प्रदेश नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद प्रदेश के विकास में बड़ी बाधा था, जिसके समाप्त होने से अब विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा।



युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के दृढ़ संकल्प और समयबद्ध लक्ष्य के कारण नक्सलवाद का समूल नाश संभव हो सका। उन्होंने कहा कि अब बस्तर के युवा अपनी सांस्कृतिक विरासत को खुले रूप से आगे बढ़ाएंगे और क्षेत्र विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में रजनी श्रीवास्तव, अविनाश राजपूत, तेखन सिन्हा, बंटी चौहान, रूपेंद्र साहू, शिशिर राठौर, श्वेता यादव, मनीष पुणाचा, शुभम साहू, राहुल दीक्षित, उमंग ताम्रकार, आदेश कुमार, अभिषेक गोस्वामी, श्रीराम भूटान, तुषार सोनी, राहुल गजभिए, सुमित सिंह, गौरव चंदनिया, गगन सिंह, तुषार राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य-सचिव के नाम पर बड़े अस्पतालों से ठगी की कोशिश, कॉल कर मांग रहा पैसे, अमित कटारिया ने पुलिस-कमिश्नर को पत्र लिखकर की शिकायत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के नाम पर एक शख्स खुद को उनका करीबी बताकर अस्पताल संचालकों से पैसों की मांग कर रहा है। मामला बढ़ने पर सचिव ने पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला को लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की बात कही है। आरोपी सीधे अस्पताल संचालकों को फोन करता और खुद को अजय अग्रवाल बताता है। वह कहता है कि आपके अस्पताल के खिलाफमंत्रालय में शिकायत आई है। इसके बाद वह कार्रवाई से बचाने या शिकायत दबाने के नाम पर मोटी रकम की मांग करता है। ठग केवल फोन तक ही सीमित नहीं रहता था। वह अस्पताल संचालकों को मंत्रालय तक बुलाता था। जब डॉक्टर वहां पहुंचते, तो उन्हें गेट पर ही रुकने के लिए कहा जाता। अंदर एंट्री नहीं दिलाई जाती, बल्कि यह कहा जाता कि अभी साहब मीटिंग में हैं। इस तरीके से वह यह भरोसा दिलाता था कि उसका मंत्रालय में सीधा संपर्क है।

### 8 अप्रैल को प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में आदिम जाति विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**रायपुर।** आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में 08 अप्रैल को समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 10:30 बजे मंत्रालय, महानदी भवन के पंचम तल स्थित सभागार में होगी। विभाग के सभी परियोजना प्रशासकों (एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना) एवं सहायक आयुक्तों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में वर्ष 2025-26 के बजट आबंटन, व्यय, समर्पण एवं व्यय की समीक्षा के साथ-साथ स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति, पीएम जनमन योजना की स्थिति, छात्रावासों एवं आश्रमों की तैयारियां तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति वितरण, जवाहर उत्कर्ष योजना, देवगुड़ी एवं अखरा विकास योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना तथा प्रयास आवासीय विद्यालयों के संचालन की समीक्षा भी बैठक के प्रमुख एजेंडा में शामिल है। वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन, लंबित न्यायालयीन प्रकरणों एवं अवमानना मामलों की स्थिति पर भी चर्चा की जाएगी।

### बर्खास्त पुलिसकर्मी ने पत्नी-बेटी को कुल्हाड़ी से काटा, खुद थाने पहुंचकर किया सरेंडर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक बर्खास्त पुलिसकर्मी ने पत्नी और बेटी को कुल्हाड़ी से काट डाला। घटना बुधवार सुबह 7 बजे की है। आरोपी गुलाब साहू ने पहले पत्नी लता साहू पर कुल्हाड़ी से हमला किया, फिर बेटी चित्रा साहू (22) को मारा। मामला विधानसभा थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव का है। वारदात के बाद आरोपी ने खुद थाने पहुंचकर सरेंडर किया और पुलिस से कहा कि मेरी पत्नी का किराएदार से अफेयर था, मां बेटी दोनों के टॉर्चर से परेशान होकर उसने हत्या की। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी को पूर्व में अनुशासनहीनता के कारण सेवा से बर्खास्त किया जा चुका था। पुलिस हिरासत में आरोपी गुलाब साहू ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि किराएदार ने घर गाड़ी पैसा का लालच देकर मेरी पत्नी का ब्रेनवॉश कर दिया था। वह कहता था कि बेटी को गोद ले लूंगा फिर हम ऐश करेंगे। मुझे निकालने की बात कहता था। उसकी बात में आकर मां बेटी मुझे घर से निकलने कहती थी। जब हर समय टॉर्चर करने लगे तो मुझसे सहन नहीं हुआ, इसलिए दोनों की हत्या कर दी। मैं 2 साल पहले बिलासपुर में पुलिस में नौकरी में था, ट्रेनिंग करके छोड़ दिया था, फिर मार्केटिंग लाइन में आ गया था।

### रायपुर में फिर चाकूबाजी, युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी फरार

**रायपुर।** शहर में चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। टिकरापारा इलाके में हाल ही में कारोबारी की हत्या के बाद अब गोकुल नगर में एक और गंभीर वारदात सामने आई है, जहां एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। घायल युवक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। जानकारी के मुताबिक, आवेश खान नाम का युवक घर लौट रहा था, तभी कासिम उर्फ अम्मू ने उस पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने सरेराह आवेश के सीने पर वार किया और मौके से फरार हो गया। घटना की पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे पुलिस को आरोपी की पहचान में मदद मिली है। टिकरापारा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल है।

# जहां कभी नक्सलवाद का था बोलबाला, वहां अब खेलों का हो रहा उदय : केंद्रीय खेल राज्यमंत्री खडसे

### मंत्री ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के दौरान जगदलपुर व रायपुर का किया दौरा

समवेत शिखर न्यूज





**रायपुर।** युवा मामले और खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' के दौरान बुधवार को रायपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यहां के माहौल को ऊर्जा, आशा और बदलाव से भरपूर बताया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि एथलीटों, स्थानीय समुदाय और इस क्षेत्र के लोगों की ओर से मिली प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है।

देशभर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2,500 से ज्यादा एथलीट अलग-अलग खेलों में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में हिस्सा ले रहे हैं। श्रीमती खडसे ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026, केंद्र सरकार की उस प्रतिबद्धता को दिखाता है जिसके तहत आदिवासी युवाओं को अपना भविष्य बनाने के लिए एक मंच दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह खेल एक नई उम्मीद हैं और यह संकेत कि उनकी काबिलियत को पहचाना जा रहा है और उस पर सबसे ऊंचे स्तर पर निवेश किया जा रहा है। युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री ने कहा, '' एक समय था जब छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के लिए जाना जाता था, और यहां के लोगों को एक पिछड़ा समुदाय माना जाता था। आज, मुझे लगता है कि इस क्षेत्र के लिए एक नई दिशा खुल रही है। नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है और खेल के माध्यम से, इस धरती के युवा अब अपनी ऊर्जा और क्षमता को सामने ला सकते हैं और देश के लिए खेल सकते हैं।'' खेल राज्य मंत्री ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 को एक ऐतिहासिक पहल बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, गृह मंत्री अमित शाह (जिन्होंने पूरे देश से नक्सलवाद के खात्मे की घोषणा की है), कैबिनेट मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और पूरी साई टीम को दिया। उन्होंने पूरा भरोसा जताया कि इन खेलों में हिस्सा लेने वाले कई एथलीट आगे चलकर ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और पदक जीतेंगे। युवा मामले और खेल राज्य मंत्री, श्रीमती रक्षा खडसे ने 'अस्मिता लीग' के परिवर्तनकारी प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। इस लीग को 2021 में प्रधानमंत्री मोदी के उस विज़न के तहत शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत की महिलाओं को प्रतिस्पर्धी खेलों में लाना और उन्हें एक पहचान व अवसर प्रदान करना है।

युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री, श्रीमती रक्षा खडसे ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में, नतीजे ज़बरदस्त रहे हैं। हॉकी, वेटलिफ्टिंग और फुटबॉल में हिस्सा लेने वाली लगभग 60 से 70 प्रतिशत लड़कियां 'अस्मिता लीग' खेल चुकी हैं और पदक जीत चुकी हैं। इनमें अंजली मुंडा जैसी बेहतरीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। तैराकी में जीते गए सभी पांचों स्वर्ण पदक भी 'अस्मिता लीग' की खिलाड़ियों ने ही हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास जारी है कि हम 'अस्मिता लीग' को और भी निचले स्तर तक यानी के गांवों तक ले जाएं ताकि खेलों में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ती रहे।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी प्रदेश के लिए गर्व की बात, बस्तर समेत समूचे प्रदेश से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मिलेगा मौका : सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बुधवार को उनके निवास कार्यालय में केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री सुश्री रक्षा निखिल खडसे ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विधायक पुरन्दर मिश्रा, भारतीय खेल प्राधिकरण के उप महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव एवं खेल विभाग के सचिव श्री यशवंत कुमार उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सुश्री खडसे का शॉल, बस्तर आर्ट से निर्मित आकर्षक प्रतिकृति तथा बस्तर दशहरा पर आधारित कॉफी टेबल बुक भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित अवसर, संसाधन और सशक्त मंच उपलब्ध कराने की है। राज्य सरकार खेल एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि हाल ही में आयोजित बस्तर एवं सरगुजा ओलंपिक ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई है। इन आयोजनों के जरिए अनेक छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आई हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। सरकार द्वारा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके कौशल को और निखारने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।



**मुख्यमंत्री विष्णुदेव से केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे की मुलाकात, खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने पर जोर**

# अग्रवाल समाज का भव्य परिचय सम्मेलन 4-5 अप्रैल को, देशभर से जुटेंगे प्रतिभागी : कृष्ण कुमार निगम

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा दो दिवसीय विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन 4 और 5 अप्रैल को छेरीखेड़ी स्थित अग्रसेन धाम में किया जाएगा। करीब 15 वर्षों बाद आयोजित हो रहे इस बड़े सामाजिक आयोजन को लेकर समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजन समिति के अनुसार अब तक देश के 17 राज्यों से 500 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है। खास बात यह है कि इस सम्मेलन में 5 विदेशी युवतियों की भी भागीदारी रहेगी, जिससे कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप भी मिलेगा। अब ऑनलाइन पंजीयन बंद कर दिया गया है और इच्छुक प्रतिभागी स्थल पर ही रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। सम्मेलन के दौरान तीन मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इनमे परिचय सम्मेलन, 'अग्र मंथन' (वैचारिक विमर्श) और 'अग्र धरोहर' का विमोचन शामिल होगा।कार्यक्रम का शुभारंभ 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे होगा। उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें मंत्री राजेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सम्पत अग्रवाल, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल और जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिभागियों और उनके अभिभावकों के लिए दो दिनों तक निःशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को विभिन्न समितियों में जिम्मेदारी दी गई है, जिनमें स्वागत, पंजीयन, भोजन, आवास, पंडाल, समन्वय और प्रचार-प्रसार समितियां शामिल हैं। सभा के अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विवाह योग्य युवाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके तहत कन्या विवाह के लिए 1 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी, साथ ही अग्रसेन धाम में 80 कमरों का भवन निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

# संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा नई डिजिटल सेवाओं का विस्तार

### इंद्रावती भवन में केंद्रीय कोषालय का शुभारंभ

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा राज्य में वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कई नई डिजिटल सेवाओं का शुभारंभ किया गया है। इन पहलों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विभागों एवं अन्य हितधारकों को सरल, सुलभ एवं आधुनिक सेवाएं प्रदान करना है।

इसी क्रम में ई-चालान के अंतर्गत OTC प्रणाली को दिनांक 01 अप्रैल 2026 से समस्त प्रकार की शासकीय प्राप्तियों को जमा करने के लिए प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से अब नागरिक एवं संस्थाएं ऑनलाइन माध्यम से चालान तैयार कर राजस्व का भुगतान आसानी से कर सकेंगे। इससे भुगतान प्रक्रिया अधिक सरल एवं समयबद्ध होगी तथा लेखांकन मे आसानी होगी.

कोषालयों में ऑनलाइन बीटीआर सुविधा भी प्रारंभ की गई है। संचालक कोष, लेख एवं पेंशन की संचालक श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के करकमलों से इंद्रावती भवन, कोष लेखा विभाग में राज्य के केंद्रीय कोषालय का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के तहत भारत सरकार से प्राप्त होने वाली राशि के लिए उपयोग की जाने वाली SNA SPARSH प्रणाली से संबंधित भुगतानों का संचालन अब अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं केंद्रीकृत तरीके से किया जाएगा, जिससे भुगतान प्रक्रियाओं में दक्षता आएगी। इसके अतिरिक्त, संचालनालय कोष एवं लेखा की नई वेबसाइट भी लॉन्च की गई है, जिसमें उपयोगकर्ता को कार्यालय से सबन्धित अद्यतन जानकारी, विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं एवं आवश्यक सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जाएंगी। संचालनालय का यह अभिनव प्रयास राज्य में वित्तीय प्रशासन को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने तथा डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक भागीरथी विशाल, सुश्री अल्पना घोष, श्रीमती श्रद्धा थवाईत, पी एल सहारा, कमल वर्मा, श्री अभिषेक शर्मा, शिशिर रायजादा, श्री रोहित साहू, अनिल पटेल, नन्द किशोर चक्रधारी, शरद परसाई, हरीश कंवर,सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार की विफलता के कारण महंगाई बढ़ गई : कांग्रेस

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** मोदी सरकार की विफलता के कारण महंगाई बढ़ गयी है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि आज ही मोदी सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस के दाम में 218 रू. की बढ़ोतरी कर दिया। इसके पहले तीन महीने में कमर्शियल गैस के दाम में 525 रू. की बढ़ोतरी हुई थी, पिछले हफ्ते ही मोदी सरकार ने घरेलू गैस के दाम में 62 रू की बढ़ोतरी कर दिया। सरकार ने खूब वाहवाही लिया कि पेट्रोल, डीजल पर एक्साइज कम कर दिया लेकिन आज ही पेट्रोल के दाम में 1 रू. से 2 रू. की बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में हुई है।



नायरा के पेट्रोल पंप में तो यह बढ़ोतरी 4 रू. की है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि खाद्य तेल, मावा, राशन सामग्री सभी के दाम बेतहाशा बढ़ गये है। दूध के दाम भी बढ़ गये। आम आदमी के किचन का बजट मोदी सरकार ने बढ़ा दिया है। खाद्य तेल को 70 रुपए प्रति लीटर तक पहुंचने में 70 साल लग गए थे, लेकिन मोदी राज के चंद दिनों में ही 200 पार हो गया। घरेलू गैस सिलेंडर जो भाजपाइयों को 400 रुपए में महंगा लगाता था, उसे 900-1000 तक पहुंचा दिए, कमर्शियल गैस सिलेण्डर के दाम आज से 1580 से बढ़कर 1691 हो गया है। भाजपा सरकारों को जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आम आदमी का जीवन स्तर दिनों दिन खराब हुआ है, सारी राहत और रियायत केवल भाजपाइयों के पूंजीपति मित्रों के लिए है, देश के संसाधन, सार्वजनिक उपक्रम उन्हीं पर लुटाए जा रहे हैं, आम जनता इस महंगाई में परिवार पालने के लिए संघर्ष कर रहा है। मनमोहन सिंह के नेतृत्व में पूर्ववर्ती यूपीए की सरकार ने मनरेगा के नाम से रोजगार की कानूनी गारंटी का प्रावधान किया था जिसे मोदी सरकार ने महज़ योजना में परिवर्तित कर गरीबों का रोजगार का हक छीन लिया है, आम जनता की कमाई लगातार घट रही है।

# भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान विभिन्न मंडलों में हुआ

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत रायपुर जिले के विभिन्न मंडलों–तेलीबांधा, शंकरनगर, पुरानीबस्ती, सदर बाजार, सिविललाइन, भांठागांव, डी.डी. नगर, तात्यापारा, रामनगर, टाटीबंध, बीरगांव, रायपुर ग्रामीण, भनपुरी, माना मंडल, मोवा मंडल एवं मां बंजारी मंडल–में प्रशिक्षण वर्गों का सफल आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण वर्गों में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्य पद्धति, विचारधारा एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी गई।

जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों पर आधारित यह प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने ÷एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र प्रथम एवं अंत्योदय की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में अनुशासन, समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जिससे संगठन और अधिक सशक्त बनता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाने एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान तात्यापारा मंडल में शिविर के समापन सत्र में छ.ग. शासन के केबिनेट मंत्री श्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। समस्त मंडलों के प्रशिक्षण वर्गों में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आयुष्मान वय वंदना कार्ड से वरिष्ठ नागरिकों को मिल रही स्वास्थ्य सुरक्षा

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में महावीर भगवान की जयंती के पावन उपलक्ष्य में जैन एडवोकेट ग्रुप द्वारा जैन मंदिर दादा बाड़ी परिसर रायपुर में तीन दिवसीय, 28 मार्च से 30 मार्च 2026 तक आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें शासन की स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ना था। तीन दिनों में 300 से अधिक पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाए गए, जिनमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे।

# जहां संस्कृति का सम्मान होता है, वहीं से विकास की नई शुरुआत होती है : मुख्यमंत्री साय

### लोक-आस्था, परंपरा और विकास का संगम बना कुंवरगढ़ महोत्सव

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास के संगम का सशक्त प्रतीक 'कुँवरगढ़ महोत्सव' का कल 31मार्च को धरसींवा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने 136 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करते हुए क्षेत्र को बड़ी सौगात दी। उन्होंने ग्राम कूंरा का नाम उसके ऐतिहासिक गौरव के अनुरूप 'कुँवरगढ़' करने की महत्वपूर्ण घोषणा की, जिससे क्षेत्रवासियों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि कुँवरगढ़ महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक-आस्था, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और उसे नई पहचान देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और बस्तर, सरगुजा, कोरिया तथा सिरपुर महोत्सव की श्रृंखला में अब कुँवरगढ़ महोत्सव भी एक विशिष्ट पहचान बनाएगा। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित तहसील कार्यालय का लोकार्पण करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों में त्वरित और बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने क्षेत्र के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से गौरवपथ निर्माण, रानीसागर तालाब के सौंदर्यीकरण, पुलिस चौकी की स्थापना, खारून नदी में एनीकट निर्माण, खेल मैदान के उन्नयन तथा रायपुर के टेकारी-नयापारा से बड़े नाला मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और आमजन के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आएगा। उल्लेखनीय है कि धरसींवा क्षेत्र का प्राचीन ग्राम कूंरा, जिसे अब 'कुँवरगढ़' के रूप में पुनर्स्थापित किया जा रहा है, अपने भीतर गौरवशाली इतिहास समेटे हुए है। यह क्षेत्र आदिवासी शासक राजा कुँवर सिंह गोंड के साम्राज्य का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, जिनकी वीरता और विरासत आज भी यहां के जनजीवन में जीवंत है। उत्तर में माता कंकालिन, दक्षिण में माता चंडी, पश्चिम में माता महामाया और पूर्व में भगवान चतुर्भुजी की उपस्थिति इस क्षेत्र को धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। लगभग 12 हजार की आबादी वाला यह क्षेत्र अपनी परंपरा और विकास के संतुलन के साथ आगे बढ़ रहा है। महोत्सव में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं तथा स्थानीय लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनते हैं और प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि अनेक क्रांतियों और परंपराओं की साक्षी रही है। उन्होंने लोगों को नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह जनजातीय संग्रहालय के अवलोकन के लिए भी प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की पावन धरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रभु श्री राम का ननिहाल है और वनवास काल का अधिकांश समय उन्होंने यहीं व्यतीत किया।दंडकारण्य, माता शबरी का आश्रम, माता कौशल्या की नगरी तथा गुरु घासीदास जी और गहिरा गुरु जैसे संतों की तपोभूमि होने के कारण यह प्रदेश आध्यात्मिक रूप से अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करते हुए कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ अनेक क्रांतियां इस धरती पर हुई हैं। मुख्यमंत्री ने धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा की इस पहल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# कैरम एकल खिताब पर पलाश तिवारी का कब्जा

### प्रेस क्लब खेल मड़ई-2: स्व. रमेश नैयर स्मृति कैरम एकल प्रतियोगिता, रोमांचक फाइनल में पलाश तिवारी ने दिनेश यदु को 30-26 से हराया

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई-2 के तहत आयोजित स्व. रमेश नैयर स्मृति कैरम एकल प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मैच में पलाश तिवारी ने दिनेश यदु को 30-26 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। फाइनल मैच में प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी ने टॉस कराकर मैच शुरू कराया। मैच के दौरान प्रेस क्लब महासचिव गौरव शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी व प्रेस क्लब सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बुधवार को खेले गए फाइनल में बेहद कड़ा मुकाबला देखने को मिला। करीब एक घंटे चले मैच में 14 राउंड तक कड़े मुकाबले हुए। दर्शकों को पूरे समय राउंड-दर-राउंड रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। पहले चार राउंड तक पलाश तिवारी ने 14-0 से बढ़त बनाए रखी। पांचवें राउंड से दिनेश यदु ने खेल में जबरदस्त वापसी की और लगातार जीत हासिल कर मैच का स्कोर 25-28 तक ले जाकर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। आखिरी राउंड में पलाश ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच 30-26 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस दौरान दोनों खिलाड़ियों ने कई बेहतरीन स्ट्रोक लगाकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। मैच के निर्णायक किशन राव लोखंडे व लक्ष्मण लेखवानी रहे।



### प्रेस क्लब कैरम युगल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई-2 के तहत आयोजित स्व. रमेश नैयर स्मृति कैरम युगल प्रतियोगिता का बुधवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन नॉकआउट दौर के 7 और क्वार्टर फाइनल के 2 मैच खेले गए। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में किशन लोखंडे व त्रिलोचन मानिकपुरी और मुकेश वर्मा व प्रशांत दुबे की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

पहले क्वार्टर फाइनल में किशन राव लोखंडे व त्रिलोचन मानिकपुरी की जोड़ी ने कौशल तिवारी व विनय घाटगे को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे क्वार्टर फाइनल में मुकेश वर्मा व प्रशांत दुबे ने पंकज चौहान व संजय शुक्ला की जोड़ी को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय

## नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ का सशस्त्र नक्सलवाद से मुक्त होना राज्य और देश, दोनों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। दशकों तक बस्तर और आसपास के आदिवासी अंचल सशस्त्र हिंसा, भय और अस्थिरता से जूझते रहे। बंदूक की आवाज़ ने विकास की रफ्तार को रोक दिया था और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं बाधित हो रही थीं। ऐसे में नक्सलवाद से मुक्ति केवल सुरक्षा की सफलता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। नक्सलवाद की जड़ें सामाजिक-आर्थिक असंतोष, पिछड़ापन और प्रशासन से दूरी में रही हैं।

आरंभिक दौर में यह आंदोलन स्थानीय मुद्दों के सहारे पनपा, लेकिन समय के साथ हिंसा और विध्वंस इसका प्रमुख चेहरा बन गया। स्कूल भवनों को उड़ाना, सड़कों को क्षतिग्रस्त करना और निर्दोष लोगों को निशाना बनाना–इन घटनाओं ने आम नागरिकों को भय के माहौल में जीने को मजबूर कर दिया था। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने दोहरी रणनीति अपनाई–एक ओर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था और दूसरी ओर तीव्र विकास कार्य। दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क और बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार किया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के प्रयास हुए। वनाधिकार कानून के तहत भूमि अधिकार दिए गए और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया। साथ ही, आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति ने भी अहम भूमिका निभाई। कई युवाओं ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। यह संकेत था कि राज्य ने कठोरता के साथ-साथ संवेदनशीलता भी दिखाई। केवल बंदूक से समस्या का समाधान संभव नहीं था। जनविश्वास जीतना भी उतना ही जरूरी था।

आज जब नक्सलवाद की पकड़ कमजोर हुई है और शांति का वातावरण स्थापित हो रहा है, तो लोकतंत्र की जड़ें भी मजबूत हुई हैं। चुनावों में बढ़ती भागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक गतिविधियों की सक्रियता इस परिवर्तन का प्रमाण हैं। बस्तर जैसे क्षेत्रों में पर्यटन, हस्तशिल्प और कृषि आधारित गतिविधियों को नई पहचान मिल रही है। हालांकि, इस उपलब्धि के बाद आत्मसंतोष खतरनाक हो सकता है।

नक्सलवाद का अंत तभी स्थायी माना जाएगा, जब विकास की प्रक्रिया निरंतर और समावेशी बनी रहे। शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगार के अवसर, पारदर्शी प्रशासन और आदिवासी संस्कृति का सम्मान-इन सभी पहलुओं पर सतत ध्यान देना होगा। छत्तीसगढ़ के लिए यह एक नई शुरुआत है। यह अवसर है कि शांति को स्थायी बनाया जाएं और विकास को जन-केंद्रित रखा जाएं। यदि सरकार और समाज मिलकर इस दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो यह राज्य न केवल नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्त क्षेत्र के रूप में, बल्कि समावेशी और संतुलित विकास के मॉडल के रूप में भी स्थापित हो सकता है। नक्सलवाद से मुक्ति एक पड़ाव है, मंज़िल नहीं। असली सफलता तब होगी, जब हर गांव में भय की जगह भरोसा और हिंसा की जगह अवसरों की गूंज सुनाई।

# नक्सलवाद समाप्ति के बाद नई चुनौतियां

■ शंकर चंद्राकर, वरिष्ठ पत्रकार



छत्तीसगढ़ का नक्सलवाद से मुक्त होना निःसंदेह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। दशकों तक हिंसा, भय और अस्थिरता से जूझने के बाद राज्य ने सुरक्षा, विकास और जनसहभागिता के समन्वित प्रयासों से एक कठिन संघर्ष को पार किया है, परंतु किसी भी संघर्ष का अंत केवल एक पड़ाव होता है, मंज़िल नहीं। असली परीक्षा अब शुरू होगी यानी शांति को स्थायी बनाना, विकास को समावेशी बनाना और समाज में विश्वास की जड़ों को गहरा करना। नक्सलवाद से मुक्ति के बाद छत्तीसगढ़ के सामने कई सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक और मनोवैज्ञानिक चुनौतियां खड़ी हैं। यदि इनका समुचित समाधान नहीं किया गया, तो असंतोष की नई परतें जन्म ले सकती हैं, इसलिए यह समय आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि दूरदर्शी नीति और संवेदनशील शासन का है।

किसी भी उग्रवाद के समाप्त होने के बाद सबसे बड़ी चुनौती संघर्ष पश्चात बेहतर शासन की होती है। वर्षों तक संघर्षग्रस्त रहे क्षेत्रों में प्रशासनिक ढांचा कमजोर हो जाता है। कई गांवों में सरकारी उपस्थिति सीमित रही थी। अब आवश्यक है कि शासन की सक्रिय और संवेदनशील मौजूदगी हर स्तर पर महसूस हो। सिर्फ पुलिस कैंप और पुनर्वास केंद्र खोल देना पर्याप्त नहीं है। स्कूलों का नियमित संचालन, स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यक्षमता, राशन व्यवस्था की पारदर्शिता और पंचायतों की सक्रियता-इन सबका निरंतर मूल्यांकन जरूरी है। यदि शासन की पहुंच कमजोर हुई, तो खाली स्थान को असंतोष भर सकता है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बेरोजगारी और सीमित आजीविका के अवसर लंबे समय से समस्या रहे हैं। युवाओं को यदि स्थायी रोजगार नहीं मिला, तो वे निराशा की ओर बढ़ सकते हैं।

छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से समृद्ध है, परंतु संसाधनों के दोहन और स्थानीय हितों के संतुलन में सावधानी बरतनी होगी। उद्योगों के विस्तार से पहले स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार में प्राथमिकता देना आवश्यक है। कृषि, वनोपज, हस्तशिल्प और लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। तेंदूपत्ता, महुआ, साल बीज और अन्य लघु वनोपज के मूल्य संवर्धन से आदिवासी परिवारों की आय बढ़ सकती है। यदि आर्थिक विकास का लाभ सीधे स्थानीय समुदायों तक नहीं पहुंचा, तो विकास की धारणा खोखली साबित होगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कई वर्षों तक शिक्षा व्यवस्था बाधित रही। स्कूल भवनों को नुकसान पहुंचा, शिक्षक अनुपस्थित रहे और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई। अब जरूरी है कि नक्सल प्रभावित रहे पूरे क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित हो। आदिवासी बच्चों के लिए मातृभाषा आधारित प्रारंभिक शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, खेल और कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देना होगा। उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति और मार्गदर्शन तंत्र मजबूत करना भी आवश्यक है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो हिंसा की वैचारिक जमीन को स्थायी रूप से कमजोर कर सकती है। दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं लंबे समय तक अपर्याप्त रहीं। कुपोषण, मातृ मृत्यु दर और संक्रामक रोग जैसी समस्याएं गंभीर रही हैं। शांति के बाद स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना प्राथमिकता होनी चाहिए। मोबाइल मेडिकल यूनिट, टेलीमेडिसिन और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती से सुधार संभव है। साथ ही, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा, ताकि कमजोर वर्गों को समय पर सहायता मिल सके। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मुख्य रूप से आदिवासी बहुल है। विकास की प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करना होगा कि स्थानीय संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक संरचना का सम्मान बना रहे।



सिर्फ बुनियादी ढांचा खड़ा कर देना विकास नहीं है। ग्राम सभाओं की भूमिका मजबूत करना, वनाधिकार कानून का प्रभावी क्रियान्वयन और प्राकृतिक संसाधनों पर समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। यदि विकास स्थानीय संवेदनशीलताओं की अनदेखी करेगा, तो वह विश्वास अर्जित नहीं कर पाएगा। कई पूर्व नक्सली अब मुख्यधारा में लौट चुके हैं। उनके पुनर्वास की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि उन्हें सम्मानजनक जीवन और स्थायी रोजगार मिल सके। सामाजिक पुनर्संयोजन की प्रक्रिया आसान नहीं होती। समुदाय में विश्वास बहाली, कौशल प्रशिक्षण और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसे कदम आवश्यक हैं। यदि पुनर्वास अधूरा रहा, तो यह असंतोष को जन्म दे सकता है। नक्सलवाद का एक कारण प्रशासनिक उपेक्षा और भ्रष्टाचार की धारणा भी रही है। शांति के बाद यह अनिवार्य है कि शासन पारदर्शी और जवाबदेह बने। ई-गवर्नेंस, सामाजिक मूल्यांकन और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से जनता और प्रशासन के बीच की दूरी कम की जा सकती है। लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना और स्थानीय नेतृत्व को अवसर देना भी दीर्घकालिक स्थिरता के लिए आवश्यक है। हालांकि सशस्त्र गतिविधियां समाप्त हो चुकी हों, परंतु सुरक्षा सतर्कता को पूरी तरह शिथिल नहीं किया जा सकता। सीमावर्ती क्षेत्रों और अंतरराज्यीय संपर्कों पर निगरानी बनाए रखना आवश्यक है। सुरक्षा बलों की भूमिका अब केवल अभियान तक सीमित नहीं, बल्कि सामुदायिक विश्वास निर्माण की भी होनी चाहिए। सुरक्षा और सेवा का संतुलन ही दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित करेगा। वर्षों तक हिंसा झेलने वाले समाज में भय और अविश्वास की मानसिक छाप रहती है। बच्चों और युवाओं पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं, युवा शिविर और सामुदायिक उत्सव सामाजिक पुनर्निर्माण में मदद कर सकते हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ सरकार ने इस दिशा में गंभीर प्रयास करना शुरू कर दिया है। इसी के तहत अब बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं क्षेत्र के विकास को रफ्तार देने के लिए 'नियद नेल्लानार' जैसी परियोजना भी बस्तर संभाग के सभी जिलों में चलाई जा रही है। समाज को यह महसूस होना चाहिए कि अब भविष्य संभावनाओं से भरा है, भय से नहीं।

नक्सलवाद से मुक्ति के बाद छत्तीसगढ़ के सामने औद्योगिक और निवेश के नए अवसर खुलते हैं, परंतु निवेश और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन आवश्यक है। हर परियोजना में स्थानीय भागीदारी और पर्यावरणीय संवेदनशीलता सुनिश्चित करना दीर्घकालिक विकास के लिए अनिवार्य है। अन्यथा विकास और विस्थापन के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। नक्सलवाद से मुक्त छत्तीसगढ़ आज एक नए मोड़ पर खड़ा है। यह उपलब्धि सुरक्षा बलों के साहस, प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनता के धैर्य का परिणाम है, परंतु असली चुनौती अब शुरू होती है-शांति को स्थायी और विकास को समावेशी बनाना। यदि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक सम्मान और पारदर्शी शासन पर समान रूप से ध्यान दिया गया, तो यह राज्य संघर्ष की छाया से निकलकर प्रगति का मॉडल बन सकता है। नक्सलवाद का अंत इतिहास का एक अध्याय है। भविष्य का अध्याय इस बात पर निर्भर करेगा कि छत्तीसगढ़ अपने नागरिकों को कितना अवसर, सम्मान और विश्वास दे पाता है। शांति केवल बंदूक की खामोशी नहीं होती, शांति वह स्थिति है, जहां हर नागरिक को न्याय, अवसर और सम्मान का अनुभव हो। छत्तीसगढ़ के सामने यही सबसे बड़ी चुनौती और सबसे बड़ा अवसर है।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

### धर्म-कर्म

## हनुमान जयंती आज

भारतीय सनातन संस्कृति में प्रत्येक पर्व अपने भीतर आध्यात्मिक चेतना, आस्था और जीवन-दर्शन का गहरा संदेश समेटे होता है। इन्हीं पावन उत्सवों में से एक है हनुमान जन्मोत्सव। जो भगवान श्रीराम के परम भक्त, अद्भुत पराक्रमी और संकटमोचन श्री हनुमान जी के अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है।



**हनुमान जी का दिव्य अवतरण :** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, हनुमान जी भगवान शिव के रुद्रांश अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने वानर रूप में पृथ्वी पर अवतार लेकर धर्म की रक्षा की। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि जब शक्ति के साथ भक्ति और समर्पण जुड़ जाता है, तब असंभव भी संभव हो जाता है। चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व उस दिव्य क्षण की स्मृति है, जब अंजनी माता के गर्भ से पवनपुत्र हनुमान ने जन्म लिया।

**हनुमान जन्मोत्सव कब है?:** हनुमान जयंती का पावन पर्व चैत्र पूर्णिमा को मनाया जाता है। द्रिक पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा 2 अप्रैल को पड़ रही है। इसलिए हनुमान जन्मोत्सव भी 2 अप्रैल, गुरुवार को मनाई जाएगी।

**बाल लीला :** हनुमान जी के बाल्यकाल की लीलाएं उनकी दिव्यता को दर्शाती हैं। एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार, बाल रूप में उन्होंने सूर्य को लाल फल समझकर निगल लिया था। इससे संपूर्ण सृष्टि में अंधकार छा गया। देवताओं के निवेदन पर उन्होंने सूर्यदेव को पुनः मुक्त किया। यह प्रसंग उनके अपार बल का परिचायक है। हनुमान जन्मोत्सव के दिन पवनसुत हनुमान जी का ध्यान करते हुए बोलें-

मनोजवं मारुततुल्यवेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥

अर्थात् जो मन के समान वेगवान हैं, इंद्रियों को जीतने वाले हैं और बुद्धिमानों में श्रेष्ठ हैं, उन पवनपुत्र श्रीरामदूत की मैं शरण लेता हूं।

**भक्ति का सर्वोच्च आदर्श :** हनुमान जी का संपूर्ण जीवन भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित रहा। उनके लिए शक्ति, ज्ञान और सिद्धियाँ केवल साधन थीं। उनका मुख्य उद्देश्य था प्रभु की सेवा। उन्होंने कभी अपने बल का प्रदर्शन अहंकारवश नहीं किया, बल्कि हर कार्य में विनम्रता और समर्पण को प्राथमिकता दी। गोस्वामी तुलसीदास जी ने उन्हें महाप्रभु और महातपस्वी कहा है, जो अपने त्याग और सेवा के आदर्श के कारण अभी भी इस ब्रह्मांड में विद्यमान हैं। यही कारण है कि वे केवल बल के प्रतीक नहीं, बल्कि आदर्श भक्त के रूप में पूजे जाते हैं।

**हनुमान जन्मोत्सव का आध्यात्मिक महत्व :** हनुमान जयंती पर जन्मे संकटमोचन के रूप में पूजित हनुमान जी अपने भक्तों के सभी कष्ट हरने वाले माने जाते हैं। मान्यता है कि जिस घर में हनुमान चालीसा का नियमित पाठ होता है, वहां नकारात्मक शक्तियाँ प्रवेश नहीं कर पातीं। उनका नाम स्वयं में एक दिव्य मंत्र है, जो भय, दुख और संकट को दूर करने की क्षमता रखता है।

### आंचलिक

# महिला सशक्तीकरण को नई दिशा दे रहा छत्तीसगढ़ मॉडल : केंद्रीय राज्यमंत्री खडसे

**स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं**

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने बुधवार को तुरेनार स्थित छत्तीसकला ब्रांड के अंतर्गत ग्रोथ सेंटर एवं प्रगति महिला स्व-सहायता समूह के स्टॉल्स का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय उत्पादों, महिला उद्यमिता एवं स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान श्रीमती रक्षा खडसे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है।

स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत भी बन रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित विभिन्न योजनाएं, जैसे कि महतारी वंदन योजना, महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर रही हैं। साथ ही ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्पादों की बिक्री, रेडी-टू-ईट खाद्य उत्पादों का निर्माण तथा लखपति दीदी योजना जैसे प्रयास महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहे हैं। रक्षा खडसे ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि स्व-सहायता समूह द्वारा रेडी टू इट निर्माण, पोषण सुरक्षा, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने इन प्रयासों को नारी शक्ति के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। इसके अलावा बस्तर जिले के ग्राम चिलकुटी के दौरे के दौरान उन्होंने पारंपरिक कला एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर रक्षा खडसे ने विशेष रूप से पारंपरिक लॉस्ट वैक्स तकनीक (ढोकरा शिल्प) को निकट से देखा, जो आदिवासी कला और शिल्प कौशल की एक अद्वितीय पहचान है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा केवल कला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक स्मृति और स्थानीय कारीगरों की जीवंत विरासत का सशक्त प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान रक्षा खडसे ने महिला उद्यमियों एवं स्थानीय कारीगरों से संवाद किया और उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्व-सहायता समूहों तथा पारंपरिक शिल्प के माध्यम से हो रहा यह परिवर्तन महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और समावेशी आर्थिक वृद्धि का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभर रहा है। इस अवसर पर खेलों इंडिया के संचालक श्री मयंक श्रीवास्तव कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन, एसडीएम बस्तर गगन शर्मा उपस्थित रहे।



## कोण्डागांव में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ

**केशकाल विधायक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम**

समवेत शिखर संवाददाता

**कोण्डागांव।** केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने आज जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, कोण्डागांव में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण के प्रथम बैच में स्व सहायता समूह की 32 महिलाओं के लिए 'बैंक सखी' प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। विधायक टेकाम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रत्येक राज्य, जिला, गांव और प्रत्येक व्यक्ति का आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण केन्द्र के प्रारंभ होने से जिले में आत्मनिर्भरता एवं आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने कहा कि संस्थान का शुभारंभ महिलाओं के प्रशिक्षण के साथ किया जाना एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी।



कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल एवं जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पार्षदगण, उप संचालक पंचायत बलराम मोरे, एलडीएम अशोक मिंज, नाबार्ड के अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### आज का इतिहास

- 1902 : हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के फ़नकार बड़े गुलाम अली खां का जन्म।
- 1933: भारतीय क्रिकेट के जनक माने जाने वाले रणजीत सिंह का निधन।
- 1912 : टाइटैनिक का सामुद्रिक परीक्षण शुरू।
- 1982 : अर्जेंटीना ने दक्षिणी अटलांटिक महासागर में स्थित फॉकलैंड द्वीप समूह पर हमला किया।
- 1986 : अमेरिकी विमानन कंपनी के बोइंग विमान में बीच हवा में बम फटने से सुराख हुआ। चार यात्री हवा के दबाव से विमान से गिरे। पायलट ने विमान को सुरक्षित उतारा।
- 1997 : सुमिता सिन्हा ने एक रिकार्ड बनाया, जब 3200 किलोग्राम वजन का एक ट्रक उनके ऊपर से गुजरा।
- 2005 : वैटिकन का सर्वोच्च पद संभालने वालों में से एक पोप जॉन पॉल द्वितीय का निधन।
- 2011 : भारत ने 1983 में विश्व कप की शानदार जीत को दोहराते हुए दूसरी बार विश्व कप जीता।

## कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक

**शैक्षणिक सत्र हेतु तय की प्राथमिकताएं**

समवेत शिखर संवाददाता

**बीजापुर।** कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में आदिवासी विकास विभाग बीजापुर द्वारा जिले में संचालित आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षक, अधीक्षिकाओं का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास देवेन्द्र सिंह सहित विकास खण्ड से समस्त मण्डल संयोजक एवं आश्रम, छात्रावासों के अधीक्षक, अधीक्षिकाएं एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी बीजापुर के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नये शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिन बच्चों के गांव में शासकीय विद्यालय उपलब्ध है, उनका प्रवेश उसी गांव में स्थित विद्यालय में कराया जाए।

ऐसे विद्यार्थियों का आश्रम/छात्रावास में प्रवेश न लिया जाए जिन्हे उनके निकटस्थ गांव के विद्यालय में प्रवेश दिया जाये। शाला त्यागी एवं दुर्गम क्षेत्र के बच्चों प्राथमिकता के आधार पर जिला कार्यालय के अनुमति के पश्चात प्रवेश दिया जा सकता है।

## बस्तर जनता को समर्पित की गईं 15 अत्याधुनिक एम्बुलेंस

**महापौर संजय पांडे ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की जनहितैषी पहल के अंतर्गत बस्तर की जनता को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ 15 नई एम्बुलेंस सौंपी गई। इस महत्वपूर्ण सौगात के साथ अब जिले के वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक सुगम हो गई है, जिससे विशेष रूप से आकस्मिक दुर्घटनाओं और प्रसव के मामलों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुँचाना संभव हो सकेगा।



बुधवार 01 अप्रैल को जगदलपुर स्थित महारानी अस्पताल के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर श्री संजय पांडे ने इन एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवानगी से पहले महापौर ने एम्बुलेंस में मौजूद आधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों का निरीक्षण किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर इन वाहनों को बस्तर की जनता की सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है और ये एम्बुलेंस इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्री लक्ष्मण झा, श्री निर्मल पाणिग्राही और श्री संजय विश्वकर्मा के साथ स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी और डॉ. नीरज ओझा सहित महारानी अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई इस बड़ी सौगात से बस्तर के चिकित्सा तंत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है, जो संकट के समय आम जनमानस के लिए जीवनदायिनी साबित होगी।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में नेम टैग गतिविधि का आयोजन

**नन्हें हाथों ने खुद गढ़ी अपनी पहचान**

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** बच्चों के प्रारंभिक विकास और उनकी रचनात्मकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से बस्तर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में हाल ही में एक अत्यंत उत्साहजनक और प्रेरणादायक गतिविधि संपन्न हुई। तितली संस्था के सहयोग से आयोजित इस नेम टैग बनाओ पहल के माध्यम से आंगनवाड़ी के नन्हे-मुन्नों ने न केवल कला का प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी विशिष्ट पहचान की ओर भी एक मजबूत कदम बढ़ाया। इस गतिविधि के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों का माहौल किसी उत्सव जैसा नजर आया, जहाँ बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को कागजों पर उतारा। छोटे-छोटे हाथों ने रंग-बिरंगे स्केच और कलमों की मदद से खुद के नाम लिखे और बेहद सुंदर नेम टैग (आईडी कार्ड) तैयार किए। बच्चों द्वारा बनाए गए ये कार्ड केवल कागज के टुकड़े नहीं थे, बल्कि उनकी मेहनत और अपनी पहचान के प्रति गौरव का प्रतीक थे। जैसे ही इन बच्चों ने अपने हाथों से बने इन आईडी कार्ड्स को गले में पहना, उनके चेहरों पर एक अलग ही चमक और आत्मविश्वास देखने को मिला। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक पहलू वह रहा जब इन नन्हे बच्चों ने अपने बनाए नेम टैग को पहनकर पूरी निडरता और उत्साह के साथ उपस्थित लोगों के सामने अपना परिचय दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### अंचल में आज हनुमान जयंती पर होंगे विविध आयोजन



**थान खम्हरिया।** तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलो मे आज हनुमान जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजन किये जायेंगे जिसकी तैयारी सभी जगह जोरशोर से चल रही है बहूत सी जगह अखण्ड पाठ तथा सुन्दर काण्ड पाठ किया जायगा।नगर के मुख्य मार्ग मे स्थित सिद्धी हनुमान मंदिर आज सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया मंदिर क्लश चढाई गयी मंदिर को भगवा ध्वज व तोरण से सुसज्जित किया गया है।आज भी हनुमान चालीसा व सुन्दर पाठ किया जायगा।इस अवसर पर हनुमान जी को छप्पन भोग लगायी जायगी वही विशाल भोग भण्डारे का आयोजन भी किया गया है।हनुमान जी को प्रसन्न करने रसीले बूंदी का भोग लखाना शुभ माना जाता है ऐसे मे सभी मंदिर मे हनुमान जी को विशेष भोग लगायी जायगी,ग्रामीण क्षेत्रों कोपेडबरी,उमरावनगर,भुसंडी मोड;खाती,करमू,बनरांका के हनुमान मंदिरो मे विशेष पूजा अर्चना के साथ ही हनुमान चालीसा पाठ किया जायगा जबकि कुछ जगह पर शोभायात्रा भी निकाली जायगी।

### वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्ग कृषि उपज मण्डी के पूर्व अध्यक्ष किशोर चन्द्राकर का निधन



**दुर्ग।** कसारीडिह दुर्ग (तमोरा वाले ) निवासी किशोर चन्द्राकर (63 वर्ष ) का आज निधन हो गया। वे विगत दो माह से गंभीर रुप से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार 02 अप्रैल गुरुवार को सुबह 10 बजे गृहग्राम तमोरा (गाड़ाडीह) में किया जायेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्ग कृषि उपज मण्डी के पूर्व अध्यक्ष किशोर चन्द्राकर श्रीमती श्लेषा चन्द्राकर के पति, भाजयुमो नेता सानिध्य चन्द्राकर, सभ्यता चन्द्राकर के पिता, डां. श्रद्धेय चन्द्राकर के बड़े पिता जी थे।

### खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा आज ग्राम भर्रेगांव, खुटेरी, रवेली, कोटरासरार, अर्जुनी, भोथली, बाघमार सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज अमला द्वारा खनिज मुरूव व मिट्टी एवं मुरूम व मिट्टी का अवैध उत्खनन कर परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें ग्राम खुटेरी निवासी गोविन्द साहू के स्वामित्व की हाईवा-सीजी 07 बीएम 2500 से वाहन चालक ग्राम सिकोला निवासी टोमन यादव द्वारा मुरूम व मिट्टी का अवैध परिवहन तथा ग्राम देवरी निवासी रूपेश साहू के स्वामित्व की जेसीबी-सीजी 24 यू 4031 से वाहन चालक ग्राम केंवट नवागांव निवासी मोहित कुमार द्वारा मुरूम व मिट्टी का अवैध उत्खनन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना सोमनी को सुपुर्द किया गया।

# मंत्री गजेन्द्र यादव ने संभाली एम्बुलेंस की स्टेयरिंग, एम्बुलेंस का शुभारंभ, सेवा और संवेदनशीलता का दिए संदेश

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग जिला अस्पताल से 10 नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किये।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्वयं एम्बुलेंस का स्टेयरिंग संभालते हुए ड्राइवर की भूमिका निभाई और एक प्रेरणादायक संदेश दिया कि जनप्रतिनिधि केवल दायित्वों का निर्वहन करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर आपात स्थिति में मरीजों की सेवा के लिए सदैव तैयार रहते हैं।

जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है और इन नई एम्बुलेंस के जुड़ने से जिले के दूरस्थ एवं जरूरतमंद क्षेत्रों तक त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना और अधिक सहज हो सकेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इन एम्बुलेंस के माध्यम से मरीजों को समय पर उपचार मिलेगा, जिससे अनेक जिंदगियां बचाई जा सकेंगी।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 108 संजीवनी एक्सप्रेस वाहन के जिला स्तरीय शुभारंभ अवसर पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने एम्बुलेंस के ड्राइवर सीट पर बैठकर स्टीयरिंग संभाली और साथ में जिले के कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह एवं सिविल सर्जन डॉ. आशीष मिंज को बिठाकर एम्बुलेंस से शहर कुछ क्षेत्र में



एम्बुलेंस चलाकर अपने इस अनूठे अंदाज से न केवल स्वास्थ्य कर्मियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किये। उनकी सादगी और सरलता ने उपस्थित जनसमूह को विशेष रूप से प्रभावित किये।

इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

नई एम्बुलेंस के संचालन से दुर्ग जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई गति मिलेगी और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को त्वरित सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। आज शुभारंभ किये गये एम्बुलेंस वाहन जिला अस्पताल के अलावा जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे।

कार्यक्रम में सीएचएमओ डॉ. दानी, सभापति श्री श्याम शर्मा, पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्त्ता, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस जनहितकारी पहल का स्वागत करते हुए इसे समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# थनौद में अंडरपास की ऊंचाई को मिली स्वीकृति 6 मीटर उंचाई की बनेगी अंडरपास



समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिले के दुर्ग विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम थनौद के पास निर्माणाधीन भारत माला सड़क में अंडरपास ब्रिज की ऊँचाई 06 मीटर करने की स्वीकृति मिल गई है। उक्त अंडरपास ब्रिज की उंचाई 06 मीटर करने का कार्य आज से प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के सकारात्मक पहल एवं आश्वासन पर विगत दिवस किसानों एवं ग्रामीणों ने वहाँ अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त किया था।

कलेक्टर श्री सिंह ने अंडरपास ब्रिज की ऊँचाई की स्वीकृति नहीं होने तक विवादित स्थल पर कार्य नहीं होने एवं शेष कार्य चालू करने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त किया गया था। आज कृषकों की दो प्रमुख माँगों में से एक अंडरपास की ऊँचाई बढ़ाने की माँग पर मुहर लग गई है। स्वीकृति मिलने के बाद वहाँ कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। कार्य प्रारंभ होने संबंधी जानकारी से ग्रामीणजनों एवं कृषकों को भी अवगत करायी गई है।

उल्लेखनीय है कि पहले अंडरपास की ऊँचाई 04 मीटर थी जिसे लेकर किसान, ग्रामीण, मूर्तिकार आंदोलित थे, उनकी माँग थी कि ऊँचाई बढ़ाई जाये जिससे हार्वेस्टर धान परिवहन, मूर्ति परिवहन में आसानी हो। इन कारणों से उनके द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल कर निर्माणकार्य को प्रभावित किया गया। अंडरपास की ऊँचाई अब 04 मीटर से बढ़ा कर 06 मीटर की जा रही है। प्रशासन की इस पहल से किसान व ग्रामीणजन अब खुश होकर शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किये हैं।

# पैरावट में लगी आग, सरपंच के सूझबूझ से पाया गया काबू

## फायर ब्रिगेड की सुविधा किसान को फिर नहीं मिली

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** तहसील मुख्यालय से 3 किमी दूर समीपस्थ ग्राम उमरावनगर मे फिर एक किसान के पैरावट मे सार्ट सर्किट के चलते आग लग गयी।

हवा चलने के कारण आग तेजी से फैलती गयी वही बिजली बंद होने कारण बोर पंप से आग बुझाई नहीं जा सकी जबकि थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा के माध्यम से नगर पंचायत थान खम्हरिया को फायर ब्रिगेड की मांग रखी गयी तो मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने ट्रेनिंग मे जाने की बात कही जिससे ग्रामीणो आक्रोश देखा गया।

उक्त स्थिति मे आग पर काबू पाने सरपंच राजेश साहू ने कनिष्ठ अभियंता विद्युत विभाग से बिजली चालू करने आग्रह किया उसने सज्ञान लेते हुए 15 मिनट के भीतर ही बिजली चालू कर दिया गया और ग्रामीणो ने बोरपंप के माध्यम से करीब दो घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।ग्रामीण आग पर काबू पाते तब



तक आधे से ज्यादा पैरावट जलकर खाक सो चूका था जीससेनकरीब 30 हजार से अधिक का नुकसान आंका गया है।

गौरतलब है कि नगर मे भीषण आग के चलते एक जूता चप्पल दुकान के खाक होने तथा कोपेडबरी के गेंहू खेत पर लगी आग के बाद भी प्रशासन नही जागी है।लगातार आगजनी की शिकायतो के बाद क्षेत्रवासीयो मे नाराजगी है अग्निशमन यंत्र के साथ सुरक्षा बल की नियुक्ति मांग फिर से उठी है।आज उमरावनगर के पैरावट मे लगी आग उग्र रूप ले सकती थी परंतु ग्रामीणो की मदद व सरपंच की सूझबूझ से तीन से चार बोरपंप की सहायता से महज दो घंटे मे आग पर काबू पा लिया।आगजनी की घटना मे किसान राजेन्द्र साहू के 10 एकड फसल के पैरावट मे आग लगने से करीब 30 हजार का नुकसान हुआ है।किसान को आगजनी के भरपाई के लिए मुआवजे की मांग करने वालो मे सरपंच राजेश साहू,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय, गौरव बिन्दल, पुखराज वर्मा,लीलाधर चंद्राकर, ाजेन्द्र साहू,अजय शर्मा, विजय मिश्रा,फिरोज खान, सिराज कुरैशी, रोहित सिहू, अशोक साहू, डोमन ध्रुव, गब्बर वर्मा, हरिशचंद्र साहू, चुन्नू साहू तथा दिल्ली वर्मा शामिल है।

# मार्च क्लोजिंग के कारण बैंकिंग सेवाएं रही प्रभावित

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** बैंकिंग कार्य को लेकर आज हितग्राहीयो को भटकते देखा गया सभी बैंको सहित बीसी व लोक सेवा केन्द्र मे मनी ट्रांसफर से लेकर सभी प्रकार के देनदेन प्रभालित रहे,नगर के बैंक आफ बडौदा,भारतीय स्टेट बैंक,एचडीएफसी बैंक,एक्सीस बैंक, छग राज्य ग्रामीण बैंक तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मे आज राशि जमा,निकाशी,आरटीजीएस,शासकीय चालान,बैंक ड्राफ्ट,एफडीआर तथा डीडी बनाने जैसे कार्य नही हो सके। अंजाने मे ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए बैंक हीतग्राहीयो को जानकारी के आभाव मे भटकते हुए देखा गया जबकि बीसी सेविओ के बंद रहने से आज व्यवसायिक क्षेत्र भी प्रभावित होते दिखा बाजार सूनी रही,सोना-चांदी,किराना,कपडा,हार्डवेयर,कृषि उपकरणो व कीटनाशक दवाई केंद्रों तथा रोजमर्रा के सामानो की खरीदी भी लोगो के पास राशि नही होने के चलते प्रभावित हुआ। इसके अतिरिक्त आनलाईन बैंकिंग सेविओ मे फोन पे,गूगल पे जैसे सरल माध्यम भी प्रभावित रहा मार्च क्लोजिंग के चलते यूपीआई से मनी ट्रांसफर नही हो पाया जबकि गैस सिलेंडर रिफलिंग,मोबाईल फोन रिचार्ज, डीटीएच टीवी रिचार्ज जैसे बूनियादी सुविधाओ मे भी बाधा पहूंची है।लोक सेवा केन्द्र के संचालक बलराम सिन्हा ने बताया कि आज सभी बैंको मे मार्च क्लोजिंग के चलते सभी प्रकार के लेनदेन ठप्प हो गया है,हीतग्राही सेवा केन्द्र तक जरूर पहूंच रहे है परंतु बैंक सिस्टम



को रिक्रिएट करने के चलते मनी ट्रांसफर व निकासी बाधित है।इस प्रकार आज दिनभर बैंकिंग सेविओ के ठप्प रहने व्यवपारीक केन्द्र भी सूनी सूनी दिखाई दिया आज से बैंकिग सेवाएँ शुरू होने की संभावित है वही लोक सेवा केन्द्र पर भी यूपीआई के माध्यम से सेवाए बहाल हो सकती है।


## नाम परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, शपथकर्ता अंजली, पिता गमलाल, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम टेकापार, तहसील व जिला बालोद (छ.ग.) शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि :-

(1) यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है। मेरा आधार नं. **3393-3516-2117** है।

(2) यह कि, मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अंजली दर्ज है जो कि मेरे आधार एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है।

(3) यह कि, मेरे नाम से जारी पासपोर्ट नंबर **J8334202** में मेरा नाम अंजली यादव अंकित है जो कि मेरा पूर्व नाम है।

(4) यह कि, मैं अपना नाम अंजली यादव को त्याग कर अब से अपना नया नाम अंजली रखना चाहती हूं। अब मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा यही नाम अंजली दर्ज किये जाने की सत्यता के समर्थन में यह शपथपत्र मैं सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता



## न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी थान खम्हरिया, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

राप्रक्र----/ब-121 सन 2025-26

## // ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक **जगतूराम पिता चैन जाति राऊत निवासी ग्राम कातलबोड तहसील थान खम्हरिया जिला बेमेतरा (छ.ग.)** द्वारा इस न्यायालय मे आवेदन प्रस्तुत किया है कि उनकी **माता बेदन बाई पति चैन की मृत्यु दिनांक 09/06/2014 को** ग्राम कातलबोड मे हुआ है, जिनके मृत्यु के संबंध मे ग्राम पंचायत व सचिव के पास पंजीयन नहीं करवाया गया है।आवेदक के द्वारा अपनी माता बेदन बाई पति चैन की मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को उजर/आपत्ति हो तो इस न्यायालय मे उक्त मामले की **सुनवाई दिनांक 06/04/2026** को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है।

आज **दिनांक 19/03/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
थान खम्हरिया जिला-बेमेतरा (छ ग)


# भारत केवल आर्थिक व सामाजिक शक्ति ही नहीं बल्कि गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक है: महेंन्द्र

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान और व्यवहार को लेकर भारत में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

नागरिकों का मानना है कि उनके कुछ व्यक्तियों से भारत के सम्मान को ठेस पहुंची है यह विषय केवल राजनीति का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की गरिमा और आत्म सम्मान से जुड़ा है,भारत एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र है, ऐसे में जब भी कोई अंतरराष्ट्रीय नेता भारत या उसके प्रति असम्मानजनक संकेत देता है, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी से देशवासियों की अपेक्षा रहती है कि वैश्विक मंचों पर भारत के सम्मान की रक्षा के लिए स्पष्ट और दृढ रुख अपनाये भारत केवल आर्थिक व सामाजिक शक्ति ही नही बल्कि गौरवशाली संस्कृति व आत्मसम्मान का प्रतीक भी है उक्त बातें प्रसिद्ध साहित्यकार व समाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र विरदी ने कही है।



अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयिन पर अपनी प्रतिक्रिया मे उन्होने कहा कि कूटनीति में शांति और संयम जरूरी है ,लेकिन जहां राष्ट्र का स्वाभिमान जुड़ा हो वहां दृढता भी उतनी ही आवश्यक है। राष्ट्र का सम्मान किसी भी आर्थिक मुद्दे से ऊपर होता है। कूटनीति में शालीनता जरूरी है लेकिन आत्मसम्मान से समझौता नहीं।करोड़ो भारतीयों की गरिमा सर्वोपरि है, और इसकी रक्षा हर हाल में होनी चाहिए, देश की जनता यह जानना चाहती है क्या हम सिर्फ पेट्रोल डीजल के दामों तक सीमित रहेंगे।महंगाई एक बड़ी समस्या है और शिक्षित बेरोजगारों को काम भी चाहिये। पड़ोसी देश नेपाल, बांग्लादेश की हालत देखकर हमें अपने देश के लिए चिंतन करना चाहिये और देश की प्रतिष्ठा को भी उतनी ही मजबूती से बचाने का पुरजोर प्रयास होना चाहिए। यह विरोध किसी व्यक्ति का नहीं यह आवाज उस सोच के खिलाफ है जो भारत को कम आंकने की गलती करती है, करोड़ो भारतीयों के सम्मान को चोट पहुँचती है, हम सिर्फ जिंदा नहीं-सर उठा के जीना चाहते हैं।

विरदी ने भारत देश के प्रति अपनी निष्ठा व 1971 की याद दिलाते हुए कहा कि भारत केवल आर्थिक या सामाजिक शक्ति नहीं, बल्कि एक गौरवशाली संस्कृति और आत्म सम्मान का प्रतीक है, जब जब भारत के स्वाभिमान को चुनौती मिली है, तब- तब इस देश ने ऐसे नेता दिए ,जिसने दुनिया को झुकने पर मजबूर कर दिया जब दुनिया ताकत का घमंड दिखा रही थी तभी इंदिरा गांधी ने साहस का इतिहास लिखा 1971 में जब हालात कठिन थे तब उन्होंने निर्णायक कदम उठाया बांग्लादेश की मुक्ति, युद्ध जीत हासिल कर बंगाल का निर्माण करवाया। जब भारत गुलामी की जंजीरों से जकड़ा हुआ था तब एक दुबला पतला आदमी पूरी अंग्रेजी हुकूमत से टकरा गया वे थे महात्मा गांधी उन्होंने संयुक्त राज्य जाकर भारत की आवाज इस तरह से उठाया की पूरी दुनिया सुनने को मजबूर हो गई यह ताकत थी-सत्य और आत्म सम्मान की। हम अपने वर्तमान नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से यही अपेक्षा रखते हैं जब भारत के सम्मान पर आंच आए

तो जवाब उतना ही स्पष्ट और कड़ा हो जितना इतिहास में देखने को मिला है। भारत का सम्मान केवल भाषण से नहीं बल्कि दृढ हौसलों से और अटूट साहस से सुरक्षित रहता है

# ग्रामीण जल संकट से परेशान, जनदर्शन में लगाई गुहार

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।**जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 102 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभिन्न जनसमस्याओं से जुड़े आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसी कड़ी में नयापारा वार्डवासियों ने अवैध निर्माण कार्य को रोकने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि दुर्ग के नयापारा वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 स्थित शीतला मंदिर (गौशाला) चौक में कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक एवं शासकीय भूमि पर मंदिर निर्माण करने के लिए सीमेंटीकरण को तोड़ा जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह स्थल वर्षो से धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों जैसे गौरी-गौरा एवं जोत-जवांरा विसर्जन के लिए उपयोग में आता रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और स्थल को सुरक्षित रखने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

दुर्ग जिले के ग्राम बासीन के ग्रामवासियों ने तालाब से मुरूम खनन की शिकायत की। ग्रामवासियों ने बताया कि सरपंच और सचिव द्वारा कीचड़ सफाई के नाम पर अधिक मात्रा में मुरूम खनन का कार्य किया जा रहा है, जिससे तालाब सूख गया है।


## न्यायालय तहसीलदार तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

## // ईश्तहार//

क्रमांक/2966/वा.तह./2026

भिंभौरी, दिनांक 30/03/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक संजय प्रकाश परगनिहा पिता स्व. श्री लखनलाल परगनिहा निवासी ग्राम भालेसर, तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा द्वारा जो कि वह अपनी पत्नी स्व. श्रीमती त्रिवेणी परगनिहा की मृत्यु 28.04.2006 को ग्राम भिंभौरी में हो जाने से अन्य कार्य हेतु मृत्यु प्रमाण की आवश्यकता होने से मृत्यु प्रमाण पक्ष बनवाये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र आधार कार्ड की प्रति, 20/- रुपए चालान की प्रति, रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु पंजीकरण ग्राम पंचायत भालेसर द्वारा जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संलग्न कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने आवेदन प्रस्तुत किया गया। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति करना हो तो वह दिनांक 10/04/2026 को स्वयं या किसी अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा आवेदन पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/03/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.)



## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर व ज़िला रायपुर (छ.म.)

## // ईश्तहार//

**रा.प्र.क्र./ /अ-6(अ)/2025-26 रायपुर, दिनांक 30/04/2026**

**ग्राम-लाभाण्डी प.ह.नं.-65**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण **01. चैतन्य इन्फ्राटेक प्रा.लि. द्वारा बसंत अग्रवाल पिता श्री मिश्रीप्रसाद अग्रवाल साकिन सृष्टि प्लाजो, अवंति विहार तहसील व जिला रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, 02. पवन अग्रवाल पिता स्व. मोतीलाल अग्रवाल निवासी सृष्टि प्लाजो, अवंति विहार, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र अंतर्गत 115 छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 के तहत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम **लाभाण्डी प.ह.नं. 65. तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 112/2 रकबा 0.121 हे. भूमि** आवेदकगण द्वारा धारित की जाती है। आवेदकगण द्वारा **विक्रेता शीतल इंडस्ट्रीज छेरीखेड़ी द्वारा भागीदार 01. श्री सुशील कुमार 02. सुनील कुमार दोनों पिता स्व. श्री शीतलदास निवासी गली नंबर-02, तेलीबांधा रायपुर छ.ग.** से पंजीकृत बैनामा **दिनांक 03/09/2009** के माध्यम से कय किया गया है। कय उपरांत राजस्व अभिलेखों में आवेदकगण अपना नाम दर्ज करा लिया गया है। उक्त रकबा एवं खसरा की ऑनलाईन बी-1, पर त्रुटिवश **शिवाय इन्फा भागीदार उषा शर्मा / कृष्णानंद पाण्डेय** का नाम प्रदर्शित हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि पर से त्रुटिवश दर्ज नाम को विलोतित कर उनके स्थान पर सही नाम आवेदकगण **01. चैतन्य इन्फ्राटेक प्रा.लि. द्वारा बसंत अग्रवाल पिता श्री मिश्रीप्रसाद अग्रवाल साकिन सृष्टि प्लाजो, अवंति विहार तहसील व जिला रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, 02. पवन अग्रवाल पिता स्व. मोतीलाल अग्रवाल निवासी सृष्टि प्लाजो, अवंति विहार, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत **सुनवाई दिनांक 20/04/2026** को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

(संपत्ति कर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2026/1217/05

भिलाई, दिनांक 30/03/2026

## स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्ति कर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रूपेश टांक, पिता स्व. चिरजींवलाल टांक, निवासी-भिलाई आईस एण्ड कोल्ड स्टोरेज, सुपेला मार्केट, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के तरफ से आम मुख्तयार-संजीव कुमार सिंह, आ. स्व. लालदेव सिंह, निवासी-143, वार्ड नं.-07, शीतला तालाब के पास, आर्य नगर, कोहका, भिलाई नगर, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | रोशन कुमार साहू पिता श्री पंचम साहू निवासी-म.नं. सी 7, रशियन आवास, कुर्मी भवन के पास, राधिका नगर, राधिका नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका (वार्ड नं. 09 पुरानी बस्ती वार्ड के दुर्गा मंदिर कर्नल सिंग से कृषि फार्म से सिरसा रोड तक मुख्य मार्ग) भिलाई, खसरा नं.- 797/2, रकबा-1365 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 2. | स्व. श्रीमती मेरी स्करिया धर्म पत्नी स्व. सी.पी. स्करिया निवासी-एमआईजी-1/679, आमदी नगर हुडको, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्री उल्लास स्करिया आ. स्व. सी.पी. स्करिया, निवासी-एमआईजी-1/679, आमदी नगर हुडको, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) | वसीयतनामा | वार्ड नं.-70, आमदी नगर हुडको भिलाई, खसरा नं.-1/2, 2/2, भूखंड/मकान क्रमांक-एमआईजी-1-679, क्षेत्रफल-150 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 3. | स्व. श्रीमती एलीअम्मा मथाई ध.प. पी.जे. मथाई, निवासी-एमआईजी-II/48, आमदी नगर हुडको, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्री सुरेश पी. मैथ्यू पिता स्व. पी.जे. मथाई, निवासी-एमआईजी-II/48, आमदी नगर हुडको, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | वसीयतनामा | वार्ड नं.-70, आमदी नगर हुडको भिलाई, खसरा नं.-1/2, 2/2, भूखंड/मकान क्रमांक-एमआईजी-II/48, क्षेत्रफल-150 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 4. | श्रीमती संतोषी देवी ध.प. स्व. श्री पवन अग्रवाल, निवासी-कैलाश नगर कुरूद, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती शिबानी मिश्र ध.प. श्री सत्यदीप रॉय, निवासी-एमआईजी-1/2892, हाउसिंग बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई तह. व जिला दुर्ग-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद, कोहका वार्ड नं.-16 कुरूद वार्ड अंतर्गत कैलाश नगर अंदर भाग भिलाई, प्लाट नं.-30 का भाग, खसरा नं.-1574/515, क्षेत्रफल-1000 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5. | चौहान हाउसिंग कंपनी जुनवानी, भिलाई, पार्टनर-श्री अजय चौहान, आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, मोहल्ला / ग्राम कालोनी राजीव नगर भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) से श्रीमती मिता चटर्जी, आ. स्व ए.के. चटर्जी मोहल्ला/गांव/कालोनी- बी-49, चौहान टाउन, जुनवानी रोड, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) | सौरभ चटर्जी एवं देबोश्री सान्याल, दोनों पिता स्व. देवाशीष सान्याल, दोनों पता- बी-49, चौहान टाउन भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा/ वारिसान | वार्ड नं.- 01, चौहान हाउसिंग कंपनी चौहान टाउन जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. - 21/A (पेंट हाउस) ब्लॉक-जी. 12, छठवां तल, क्षेत्रफल-670.00 वर्गफीट, आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 6. | मोहम्मद इब्राहिम, पिता मोहम्मद रसीद, निवासी- आदर्श नगर, केम्प-01, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) से संजय कुमार धीमान, पिता श्री गरीब दास धीमान, निवासी- ई.डब्ल्यू. एस.-1260, हाउसिंग बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती त्रिपता कौर केम्बो, पति- सुरेन्द्र सिंह केम्बो, निवासी- केम्बो हाउस वार्ड नं.-25 नंदनी रोड भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद, कोहका (वार्ड नं.-16 कुरूद वार्ड अंतर्गत कैलाश नगर अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.-1572/239, प्लाट नं.03 का भाग एवं 04 का भाग, रकबा-1100 वर्गफीट आवासीय रिक्त भूमि। |
| 7. | स्व. चन्द्रिका सिंह आ. रामपति सिंह से 1. सुधा सिंह पिता स्व. चंद्रिका सिंह, 2. अशोक कुमार पिता स्व. चंद्रिका सिंह, 3. संदीप कुमार पिता स्व. चंद्रिका सिंह, निवासी- वाचनालय के पास कैलाश नगर कुरूद भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | 1. अशोक कुमार पिता स्व. चंद्रिका सिंह, 2. संदीप कुमार, पिता स्व. चंद्रिका सिंह, निवासी वाचनालय के पास कैलाश नगर कुरूद भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | हकत्याग | कुरूद (वार्ड नं.-16 कुरूद वार्ड के कैलाश नगर अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.-1587/31, रकबा 2400 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |

अपर आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

# मिली 8 नई एम्बुलेंस, विधायक एवं कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में राज्य कार्यालय से महासमुंद को 08 नई एम्बुलेंस की सौगात मिली।

इन एम्बुलेंस को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा किशन लाल पटेल एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जीवदायिनी 108 एम्बुलेंस सेवा राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है। नई एम्बुलेंस के जुड़ने से आपातकालीन सेवाएं और अधिक मजबूत होंगी तथा मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सकेगा।कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नई एम्बुलेंस के संचालन से आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और विशेषकर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार उपलब्ध कराना जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और ये एम्बुलेंस इस दिशा में अहम साबित होंगी।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि इन एम्बुलेंस में इनक्यूबेटर, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, सक्शन पंप, नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन मशीन सहित अन्य जीवन रक्षक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही मरीजों को त्वरित एवं प्राथमिक उपचार देने के लिए आवश्यक दवाइयों की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

नई एम्बुलेंस के शुरू होने से जिले में आपातकालीन सेवाओं की पहुंच और तेज होगी। विशेषकर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में मरीजों को समय पर सहायता मिल सकेगी। गंभीर मरीजों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाकर उपचार की संभावना बढ़ेगी तथा एम्बुलेंस में ही प्राथमिक उपचार मिलने से गोल्डन ऑवर का बेहतर उपयोग हो सकेगा। इससे जिले का स्वास्थ्य तंत्र और अधिक मजबूत होगा।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू धृतलहरे एवं गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## न्यूज़ ब्रीफ

### विधायक सिन्हा को मां शीतला का छायाचित्र भेंटकर जताया आभार

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में नगर के धर्मेन्द्र यादव को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर नगर के प्रमुख नेता व जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर कुलदेवी मनोकामना पूर्ण देवी राजराजेश्वर मां शीतला का छायाचित्र और गुलदस्ता भेंट कर मुंह मीठा करा कर विधायक श्री सिन्हा का आभार व्यक्त किया तथा नगर में हो रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई और आने वाले समय में नगर पंचायत तुमगांव में जनहित कार्यों को लेकर तथा विकसित तुमगांव बनाने के विषय को लेकर नए विकास कार्यों को कराने का मांग किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल, राजू साहू, उत्तम निर्मलकर, द्रोणाचार्य साहू, भुनेश्वर साहू ,पार्षद दुकालू ध्रुव, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी डोमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि शुभम टंडन, भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य कुंदन प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में सामूहिक चालीसा पाठ व महाआरती आज

**महासमुंद।** रायपुर रोड स्थित नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए पुरोहित जवाहर त्रिदेवी ने बताया कि सुबह 11 बजे आरती, प्रसाद वितरण, दोपहर 12 बजे भंडारा एवं भजन, शाम 4 बजे रामायण पाठ, 6 बजे भजन व 7 से 8 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। रात्रि 8 बजे सवा लाख बाती की महाआरती व छप्पन भोग लगाया जाएगा। मंदिर समिति के बी.एन गुप्ता, बसंत ठाकुर, बलराम लालवानी, मूलचंद लड्ढा, धर्मेन्द्र साकरकर, लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, कमल राठी, दीपक रूपरेला, नरेश चंद्राकर, कल्लू सोनी, राजेश ठाकुर, विनोद महोबिया, नरेश राठी, उमाशंकर चंद्राकर, सौरभ मालू, पूनम साहू, सुशील शुक्ला, गुमान ठाकुर, हितेश माकड़े आदि सदस्य कार्यक्रम में जुटे हुए है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### नवकिरण अकादमी के 12 प्रशिक्षार्थी देंगे पीएसपी की मुख्य परीक्षा

**महासमुंद।** विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी महासमुंद, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद का संचालन युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु नियमित रूप से संचालित है। जारी विज्ञप्ति में डी बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित हुए हैं। जिसमें नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय के 12 अभ्यर्थियों का चयन सीजी पीएससी मुख्य परीक्षा हेतु हुआ है। जिसमें प्रमिला माण्डले, ओजस्वी कुमार, पीताम्बर डड़सेना, सूरज प्रताप सिंह, भुनेश्वरी झारे, ब्रिजेश बारिक, शेष नारायण शुक्ला, दीपक कुमार यादव, कोमल राठी, पोखेन्द्र दीवान, पूजा महानंद, युगल ध्रुव का चयन हुआ है।

### निधन



**शंकरलाल साहू**

**महासमुंद।** ग्राम डेराडीह निवासी शंकरलाल साहू 80 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे छग जनादेश के प्रधान संपादक केपी साहू, चंद्रभान साहू, मित्रभान साहू के पिता थे।

# हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** झलप क्षेत्र के ग्राम लखनपुर में बाल नाट्य कला समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित 5100 हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए।

उन्होंने भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। श्री साहू ने कहा कि भगवान हनुमान चिरंजीवी हैं। जहां भी प्रभु श्री राम का भजन होता है, वहां वे उपस्थित रहते हैं। हनुमान चालीसा का पाठ करने से सभी दोषों, भय का नाश होता है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए समस्त ग्राम वासियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पंण् आकाश मिश्रा, भीष्म कुमार पटेल, मैंडी साहू, रफीक खान, गिरजा शंकर जोशी, दिगम्बर साहू, पीयूष साहू, गोपी साहू, सन्नी पटेल, दुष्यंत . गोलू साहू, प्रीतम साहू, मन्नू ध्रुव, खेमराज साहू, यशवंत साहू, गंगाधर साहू, प्रिंश मिश्रा, पिंटू साहू, वासु देवांगन, भूपेंद्र भोई, युगल ध्रुवंशी एवं बाल नाट्य कला समिति के सभी सदस्य व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जिले में गहराता पेयजल संकट, टंकियां बनी शोपीस : रश्मि

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है।

इस संबंध में कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले के कई गांवों में तालाब, नदी और नाले सूखने लगे हैं, जिससे निस्तारी और पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। गांवों में लोगों की प्यास बुझाने वाले हैंडपंप भी अब जवाब देने लगे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जलस्तर तक नीचे चला गया है। इतनी गहराई से पानी निकालना हैंडपंपों के लिए संभव नहीं रह गया है। पानी की तलाश में लोग लगातार नए नलकूप खुदवा रहे हैं, डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि गर्मी का अधिकांश समय अभी बाकी है। यदि समय रहते जल संकट पर काबू नहीं पाया गया तो आने वाले दिनों में कई गांवों में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। महासमुंद जिले के अनेक गांव में गहराते पेयजल संकट ने आम जनता का जीवन अत्यंत कठिन बना दिया है। ग्रामीण इलाकों में लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है, जो कि अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। केंद्र सरकार द्वारा बड़े प्रचार.प्रसार के साथ शुरू किया गया जल जीवन मिशन आज जमीनी स्तर पर अपनी अपेक्षाओं पर खरा उतरता दिखाई नहीं दे रहा है। कई गांवों में पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, परंतु नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। कई गांवों में नलकूप खनन ही नहीं हो पाया है,तो कहीं जल स्रोत ही नहीं मिल पा रहा है बिना पानी के टंकिया अब गांवों में शो पीस के तौर पर नजर आ रही हैं। महासमुंद विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पेयजल संकट बनी हुई है ग्राम पंचायत मोंगरा, भलेशर,कनेकेरा,खड़सा, आमा वास,बड़गांव,कौवझर। डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि ग्राम पिरदा मालीडीह सबसे पहले भूमि पूजन इस गांव में हुआ था जो की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है पिरदा गांव के स्कूल में बच्चों को पेयजल पानी टैंकर के माध्यम से दिया जाता है जो कि बहुत ही निंदनीय है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने आगे कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को राजनीति से ऊपर उठकर देखा जाना चाहिए। सरकार को चाहिए कि वह इस मुद्दे पर तत्काल ठोस कदम उठाए, जल स्रोतों के संरक्षण पर ध्यान दे तथा योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करे।



# पांचवीं के बच्चों को दी गई विदाई

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।**प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में छोटे कक्षा के बच्चों द्वारा कक्षा 5 के बच्चों को विदाई दी गई। विदाई में शाला परिवारए उपस्थित पालकों व अतिथियों की ओर से भविष्य की कक्षाओं और शाला के लिए शुभकामनाएं दी गई। इससे पहले कक्षा 3,4 के बच्चों द्वारा कक्षा 5 के बच्चों को उनके कक्षा से फूल बरसाते हुए मंच तक लाया गया। इस मौके पर अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और जनपद पंचायत महासमुन्द के सभापति रोशन पटेल,पत्रकार व समाजसेवी नोहर साहू , सरपंच इंद्रा बाई सिन्हा , प्रमोद सिन्हा पत्रकार उपस्थित थे। पत्रकार नोहर साहू ने बच्चों को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे हमारा दर्पण और भविष्य की धरोहर है। उन्हें उचित राह दिखाना हम बडों की जिम्मेदारी है। वहीं गुरु की महत्ता को भी बताया। जनपद सभापति रोशन पटेल ने स्कूल में सीखी हुई बातों को जीवन मे उतारने व उसे आगे भी जारी रखने को कहा। सरपंच ने बच्चों से गाँव की सम्मान को बढ़ाने के लिए सदैव नवाचार करते रहने का मार्गदर्शन दिए। इससे पहले कक्षा 5 वीं के सभी बच्चों ने इस विद्यालय में बिताए अपनी यादों को बारी.बारी से साझा किया और हमेशा इस स्कूल से जुड़े रहने की बात दोहराई। नोहर साहू ने विद्यालय के सभी बच्चों को उपहार प्रदान किए साथ ही शाला परिवार को माँ सरस्वती की मूर्ति भेंट किए। सरपंच ने बच्चों को शैक्षणिक सामग्री प्रदान किए। कक्षा 5 वीं के बच्चों को पिरित राम साहू, पंचराम ध्रुव, हितेश दीवान, भोजराम साहू, देवकी सिन्हा, हीराबाई साहू, लगन बाई ध्रुव, प्रमिला ध्रुव, नीरा दीवान, फाग बाई यादव, पुनिया यादव, धनेश्वरी साहू, मूलचंद दीवान ने भी प्रेमपूर्वक उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम के आखिर में इको क्लब प्रमुख कक्षा 5 वीं की रूखमणी ध्रुव ने नोहर का साक्षात्कार विधि से पत्रकारिता के संबंध में जानकारी प्राप्त किए। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 4 की छात्रा हिमांशी साहू और प्रियंका यादव ने किया।

# सड़क निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

## ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसाडीह से लहंगर एवं ग्राम लहंगर से पीढ़ी सड़क निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया।

ग्रामीणों ने कहा कि काफी समय से उक्त सड़कों के निर्माण की मांग की जा रही थी। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा और ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। बता दें कि ग्राम लहंगर से पीढ़ी कुल 3 किलोमीटर सड़क के लिए 466.19 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। वहीं ग्राम परसाडीह से लहंगर कुल 3 किलोमीटर सड़क के लिए 629.93 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। बता दें कि बजट वर्ष 2024.25 में महासमुंद अंतर्गत शामिल कई निर्माण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए करोड़ों रूपए के कार्य स्वीकृत हुए हैं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायए उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हमारी सुशासन की सरकार प्रदेश में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र तक विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति मिल रही है। इससे प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार में किसी भी वर्ग को वंचित नहीं रखा जाएगा। मजदूर, किसान, व्यापारी, सरकारी कर्मचारी सभी वर्गों के लिए कार्य हो रहे हैं। आगे कहा कि राज्य एवं केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार होने के कारण डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। डबल इंजन की सरकार के चलते प्रदेश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक एक.एक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर राधेलाल सिन्हा, मनराखन ठाकुर, गौतम मराई, संतोष सोनकर, थनवार धगारे, कुमान ध्रुव, रामप्रसाद, पंचराम, लीलाधर सिन्हा, जयसिंग ध्रुव, हीराराम ध्रुव, छेदूराम ध्रुव, लोभान दीवान आदि उपस्थित थें।

# हर घर जल की उपलब्धता से बिराजपाली के ग्रामीणजनों के दैनिक जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम बिराजपाली में आज हर घर जल की उपलब्धता ग्रामीणजनों के जीवन में खुशियां लेकर आई है।

ग्रामीणजन बताते है कि जहां कभी ग्रामीणों को पेयजल के लिए हैंडपंप या दूरस्थ जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब हर घर जल योजना अंतर्गत हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है। ग्राम बिराजपाली में 21 फरवरी 2026 को हर घर जल का सफल प्रमाणीकरण किया गया। योजना के अंतर्गत ग्राम के कुल 182 घरों को नल कनेक्शन प्रदान किया गया है, जिससे प्रत्येक परिवार को घर पर ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जल आपूर्ति के सुचारू संचालन एवं रखरखाव के लिए ग्राम जल समिति का गठन किया गया है, जो प्रत्येक परिवार से 60 रुपये प्रतिमाह जलकर के रूप में संग्रह कर योजना की स्थिरता एवं निरंतरता सुनिश्चित कर रही है। ग्राम में जलापूर्ति के लिए 94.27 लाख रुपये की लागत से 40 किलोलीटर क्षमता की ओवरहेड टंकी का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 2270 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई हैए जिसके माध्यम से सभी घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम में 13 हैंडपंप एवं 3 पावर पंप भी उपलब्ध हैं, जो जल स्रोतों को सुदृढ बनाते हैं। इस उपलब्धि में ग्राम के सरपंच एतराम साहू एवं सचिव श्रीमती पुष्पलता चौहान की भूमिका रही। उनके नेतृत्व, सतत प्रयासों तथा ग्रामवासियों के सहयोग से यह कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सका। इस योजना से लाभान्वित हितग्राही श्याम बाई बताती हैं कि अब उन्हें पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। यह सुविधा उनके दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आई है।

# जोन स्तरीय प्रस्तुतीकरण में डाइट महासमुंद एवं नगरी ने बनाया प्रथम स्थान

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद में जोन स्तरीय क्रियात्मक अनुसंधान एवं नवाचार प्रस्तुतीकरण सह कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य अरुण प्रधान एवं उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी राजेश चंद्राकर के संयोजन में संपन्न हआ ।

इस अवसर पर डाइट नगरी के उप प्राचार्य आरएन साहू ,व्याख्याता जोहन नेताम ,प्रकाश सिंह डाइट रायपुर के प्राचार्य प्रतिनिधि अजय मिश्रा, व्याख्याता सुमिता सिकरवार सहित सभी डाइट के प्रतिभागी छात्राध्यापक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुये प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि क्रियात्मक अनुसंधान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा शिक्षक या शोधकर्ता विद्यालय कक्षा या शिक्षण अधिगम से जुड़ी तात्कालिक समस्याओं पर अध्ययन कर व्यावहारिक समाधान खोज सकते हैं । उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा ने कहा कि नवाचारी गतिविधियों से बच्चों को सीखने में मदद मिलती है । नवाचार शैक्षिक विकास का इंजन साबित हो सकता है ।

नवाचारी गतिविधियों के प्रस्तुतीकरण में डाइट नगरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये प्रथम स्थान एवं संयुक्त रुप से डाइट महासमुंद एवं रायपुर ने द्वितीय स्थान अजित किया । वही क्रियात्मक अनुसंधान में डाइट महासमुंद प्रथम शेखर शाबीर एवं रायपुर डाइट द्वितीय योगेन्द्र साहू, डाइट नगरी कु ज्योति साहू ने तृतीय स्थान बनाया । इस अवसर पर डाइट महासमुंद के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण, व्याख्याता संतोष साहू एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के निर्देशन में किया गया । बेहतर नवाचारी प्रदर्शन के लिये जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी एवं डाइट रायपुर व महासमुंद से व्याख्याता संतोष साहू, सुमिता सिकरवार को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में निर्णायक के रुप में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद के सहायक प्राध्यापक डॉ सरस्वती वर्मा उपस्थित रही जोन स्तरीय कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन अपने अद्वितीय अंदाज में व्याख्याता टेकराम सेन एवं आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा एवं कार्यक्रम प्रभारी राजेश चंद्राकर ने किया । कार्यक्रम की सफलता में सहायक प्राध्यापक के_ सिंग, सुलमा द्विवेदी, एमडी वर्मा व्याख्याता सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, तिलोत्तमा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू सहित छात्राध्यापक मीना ठाकुर, राजश्री, तनुजा, पुष्पलता, भावना, भारती कालसो, दिव्या पटेल, प्रतिक्षा मिश्रा, सुरेश साहू, रमन मोगरे, ऋतु राज डाइट नगरी से चंचल साहू, ज्योति साहू रायपुर से योगेन्द्र साहूए खिलेश साहू का विशेष योगदान रहा । उक्त जानकारी संस्थान के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी टकराम सेन ने दी है ।

# बूथ एवं पंचायत कांग्रेस कमेटियों के गठन को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक



समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** दिनांक 01 अप्रैल 2026, बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के तत्वावधान में महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक माननीय द्वारिकाधीश यादव जी के मुख्य आतिथ्य में बूथ एवं पंचायत कांग्रेस कमेटियों के गठन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के प्रभारी श्री नरेंद्र सेन जी ने की। इस अवसर पर मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर के सभी अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं समय-सीमा के भीतर बूथ कमेटियों के गठन पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान समय से पूर्व बूथ कमेटियों का गठन पूर्ण करने पर खल्लारी मंडल अध्यक्ष श्री मुकुंद सिन्हा एवं मामा-भांचा मंडल अध्यक्ष श्री चंदूलाल साहू को माननीय विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव जी द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक खल्लारी माननीय द्वारिकाधीश यादव जी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के प्रभारी श्री नरेंद्र सेन जी, ब्लॉक अध्यक्ष श्री देवनाथ साहू जी सहित फूलसिंह ध्रुव, शहज़ान पाशा, मुकुंद सिन्हा, चंदूलाल साहू, हरी यादव, राजू चंद्राकर, राजेश सिन्हा, खोमेश साहू, ओमप्रकाश साहू, राहुल यादव, जीवन नायक, योगेंद्र साहू, शांता साहू, नीलकंठ यादव, रेशम ध्रुव, सेवाराम साहू, ओमप्रकाश निषाद, गंगा प्रसाद, संतोष जांगड़े, राहुल बंछोर, शिव शंकर निषाद, विक्रम नंद, सुरेश पटेल, बलराम ध्रुव, तुलसीराम टंडन, जीतेन्द्र, मोहित पटेल, हरकेश ठाकुर, पांचराम, जगत पाल, पुरुषोत्तम, कालेदरी, सुशीला ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंत में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने एवं आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

# भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए खल्लारी विधायक



समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** ग्राम गड़बेड़ा में साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती, कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सामाजिक संगम कार्यक्रम में खल्लारी विधायक एवं पूर्व ससदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम गड़बेड़ा में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती, कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सामाजिक संगम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष ढालूराम साहू ने की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू,येतराम साहू, साहू संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष धरम साहू सहित लक्ष्मण कुमार साहू, मनोहर साहू, मंगतूराम साहू, देवेश साहू, श्याम कुमार साहू, बसंत कुमार साहू, राम साहू, बुंदा बाई नायक, शिवराम साहू, उर्मिला साहू, प्रीतम साहू, सरला साहू, गायत्री साहू, लालाराम नाग, संतराम साहू एवं अलखराम साहू उपस्थित रहे।

पूजा-अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन भक्ति, त्याग एवं समर्पण का प्रतीक है, जो हमें समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने माता कर्मा को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन डिगम राम साहू एवं राजेंद्र साहू द्वारा किया गया।

# जिला मुख्यालय से सरकारी संस्थाओं का पलायन, कृषि महाविद्यालय शिफ्ट करने पर उपज रहा जनाक्रोश

» सत्ता-विपक्ष एकजुट,आम जनता भी सड़क पर उतरने को तैयार
» मुख्यालय को कमजोर करने की साजिश

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय से एक के बाद एक बड़े सरकारी संस्थानों को बाहर भेजे जाने की खबर ने पूरे इलाके में भूचाल ला दिया है।खासकर कृषि महाविद्यालय को मुख्यालय से बाहर शिफ्ट करने के फैसले ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक में जबरदस्त आक्रोश पैदा कर दिया है।हालात ऐसे हैं कि अब यह मुद्दा राजनीतिक रंग से ऊपर उठकर जनआंदोलन का रूप लेने की ओर बढ़ रहा है।वही यदि कृषि महाविद्यालय को राजिम या फिंगेश्वर क्षेत्र में ले जाया जाता है तो देवभोग मैनपुर क्षेत्र के लोगों को दूरी तो वही पड़ेगा जिसके चलते उस क्षेत्र के लोग सीधे रायपुर में ही रहना पसंद करेंगे।जिला मुख्यालय,जो वर्षो से प्रशासनिक,शैक्षणिक और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र रहा है,अब धीरे-धीरे अपने ही महत्व को खोता नजर आ रहा है।हाल ही में कृषि महाविद्यालय को मुख्यालय से बाहर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी सामने आई है,जिसके बाद क्षेत्र में विरोध की लहर तेज हो गई है।

सिर्फ कृषि महाविद्यालय ही नहीं,बल्कि अन्य कई महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों को भी मुख्यालय से बाहर भेजे जाने की चर्चाओं ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इससे न सिर्फ शहर की पहचान कमजोर होगी,बल्कि रोजगार,व्यापार और सुविधाओं पर भी सीधा असर पड़ेगा।

**सत्ता और विपक्ष आमने-सामने नहीं,एक मंच पर:** इस मुद्दे की खास बात यह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के जनप्रतिनिधि इस फैसले के खिलाफएकजुट नजर आ रहे हैं।जनप्रतिनिधियों का कहना है कि मुख्यालय से संस्थानों को हटाना क्षेत्र के विकास के साथ अन्याय है।

एक जनप्रतिनिधि ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि÷यह फैसला समझ से परे है। मुख्यालय को मजबूत करने के बजाय उसे कमजोर किया जा रहा है,जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।÷

**जनता का फूटा गुस्सा:** आम नागरिकों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है।व्यापारियों,छात्रों और युवाओं का कहना है कि संस्थानों के बाहर जाने से उन्हें रोजमर्रा की सुविधाओं के लिए दूर जाना पड़ेगा,जिससे समय और पैसा दोनों का नुकसान होगा।

कई सामाजिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

**मुख्यालय को खाली करने की साजिश?**

स्थानीय लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम को ÷मुख्यालय को धीरे-धीरे खाली करने की साजिश÷ करार दिया है।उनका आरोप है कि बिना जनभावना और जरूरतों को समझे ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं।

**आगे क्या?**

मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंपने और विरोध प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। यदि प्रशासन ने जल्द कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया,तो आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़े आंदोलन में बदल सकता है।

**समापन लाइन:** जिला मुख्यालय की पहचान और अस्तित्व पर उठते सवाल अब सिर्फ चर्चा नहीं,बल्कि संघर्ष का रूप ले चुके हैं। आने वाले दिनों में यह मुद्दा प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हनुमान जन्मोत्सव पर भाटापारा में जगह-जगह कार्यक्रम व भंडारा होगा



**भाटापारा।** हनुमान जन्मोत्सव पर लगभग 2 दर्जन से अधिक छोटे बड़े हनुमान मंदिरों में भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में एक दिन पूर्व से ही हनुमान मंदिर की साज सज्जा के लिए भक्त जुट गये है। वहीं अधिकांश स्थानों पर भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। शहर के सबसे बड़े हनुमान मंदिर नेहरू वार्ड के अलावा महावीर धर्मशाला हनुमान मंदिर , पालिका परिसर स्थित हनुमान मंदिर , कृषि उपज मंडी हनुमान मंदिर , बस स्टैण्ड हनुमान मंदिर , रेलवे स्टेशन रोड स्थित कुली हनुमान मंदिर , रेलवे अंडर ब्रिज के निकट हनुमान मंदिर , पटपर वार्ड स्थित हनुमान मंदिर , महारानी चौक स्थित हनुमान मंदिर , हथनीपारा स्थित हनुमान मंदिर के अलावा सिद्धबाबा धौराभाठा धार्मिक केन्द्र स्थित हनुमान मंदिर एवं अन्य सभी छोटे बड़े हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर लोग पुरी मुश्तैदी से तैयारी में लगे हुए है।

### राजस्व पखवाड़ा 2026 किसानों के लिए सुनहरा अवसर : साहू



**नवापारा राजिम।** भाजपा किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू ने कहा कि राजस्व पखवाड़ा 2026 छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए भूमि संबंधी विवादों के समाधान और अधिकारों के संरक्षण का सुनहरा अवसर है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सुशासन के तहत यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण के लिए चलाई जा रही है।साहू ने किसानों से अपील की कि वे ग्राम स्तर पर आयोजित शिविरों में सक्रिय भागीदारी कर अपने लंबित प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं भूमि रिकॉर्ड सुधार का मौके पर ही निराकरण कराएं, ताकि शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत खसरा-खतौनी व नक्शा सुधार, डिजिटल रिकॉर्ड अपडेट, भूमि विवादों का समाधान और किसानों के अधिकारों को सुनिश्चित करने का कार्य किया जाएगा। साथ ही कृषक उन्नति योजना और धान की अंतर राशि के भुगतान के लिए भी राजस्व रिकॉर्ड का अपडेट होना आवश्यक है, जो इस पखवाड़े में संभव होगा। परदेसी राम साहू ने इसे छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए विशेष रूप से लाभकारी बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उनके मंत्रिमंडल का आभार जताया।

## रामनवमी उत्सव पर दुकालू यादव के जसगीत पर झूमें राम भक्त



समवेत शिखर संवाददाता

**आरंग।** शिवसेना आरंग विधानसभा द्वारा श्री रामनवमी उत्सव के उपलक्ष्य मे भव्य जगराता कार्यक्रम आयोजित किया गया बस स्टैंड आरंग मे श्री राम भक्तों का जनसैलाब जसगीत सम्राट दुकालु यादव के गीत मे रात्रि 10 बजे से सुबह के 4 बजे तक झूमते रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवसेना रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिलना चाहिए एवं हिन्दुस्तान को शीघ्र ही हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए साथ ही धर्मांतरण को लेकर भी तीखा प्रतिक्रिया व्यक्त किया शिवसेना नगर अध्यक्ष राज दुबे ने कहा कि आरंग शिवसेना सन 2006 से श्री रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा एवं मंच कार्यक्रम आयोजित करते आ रहा है।

इस भक्तिमय कार्यक्रम मे विधानसभा अध्यक्ष राजा तोड़े आरंग नगर उपाध्यक्ष उजाला जलक्षत्री रिंकु यादव व्यास सोनकर शत्रुघन सोनकर टेकू देवांगन रूपेश जलक्षत्री रेखराज अग्रवाल रवि लोधी रघुनंदन देवांगन कोमल यादव राकेश चंद्राकर मोहित चक्रधारी सूरज शर्मा मानस लोधी सागर पटेल सूर्या साहू कमलेश निर्मलकर भुनेश्वर लोधी विराज लोधी नंदन यादव एवं अनेकों शिवसैनिक उपस्थित थे।

## अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेलिंग! फर्जी अधिकारी बनकर पंचायत सचिवों से ठगी का बड़ा खेल उजागर

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूली की कोशिश, कई सचिव दहशत में

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** जिले में इन दिनों साइबर ठगी का एक नया और खतरनाक तरीका सामने आया है,जहां ठग खुद को पुलिस विभाग का अधिकारी बताकर पंचायत सचिवों को अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल कर रहे हैं।फोन कॉल और मैसेज के जरिए डर का माहौल बनाकर उनसे मोटी रकम की मांग की जा रही है,जिससे पंचायत सचिव अमले में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार अज्ञात ठग पहले पंचायत सचिवों को फोन करते हैं और खुद को पुलिस विभाग का अधिकारी या जांच एजेंसी का सदस्य बताते हैं। इसके बाद वे दावा करते हैं कि संबंधित सचिव का कोई 'अश्लील वीडियो' लगातार देख रहा है उसे गुगल के माध्यम से निकाला गया है,उस केश को दबाने के एवज अच्छी खाशी रकम की मांग करता है,और रकम नहीं देने की स्थिति में सचिव के फोन को ट्रेस कर उसे गिरफ्तार करने की




धमकी देता है।जिससे डर और बदनामी के भय का फायदा उठाकर ठग पैसे की मांग करते हैं। कई मामलों में व्हाट्सएप पर फर्जी वीडियो या स्क्रीनशॉट भेजकर भी दबाव बनाया जा रहा है।जिसके चलते कुछ सचिव रकम देने की सोच रहे है तो कुछ सचिव उक्त अज्ञात फोन को अनदेखा कर रहे है।

**सचिवों में डर का माहौल :** इस तरह की घटनाओं से कई पंचायत सचिव मानसिक दबाव में हैं। कुछ मामलों में तो सचिवों ने बिना जांच किए ही पैसे ट्रांसफर कर दिए,ताकि उनकी छवि खराब न हो।

**प्रशासन सतर्क :** मामले की गंभीरता को देखते हुए अब प्रशासन और साइबर सेल सक्रिय हो गई है।पुलिस विभाग के कोतवाली प्रभारी ओपी यादव ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि यह एक संगठित गिरोह हो सकता है,जो सरकारी कर्मचारियों को निशाना बना रहा है।इससे भयभीत न हो ये फर्जी होते है,साथ ही

किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें,डरकर पैसे ट्रांसफर न करें ऐसे कॉल का तुरंत साइबर पुलिस को सूचना दें व्यक्तिगत जानकारी और डेटा सुरक्षित रखें।

यह घटना सिर्फ ठगी नहीं,बल्कि सरकारी कर्मचारियों की छवि और मानसिक स्थिति पर हमला है।जरूरत है सतर्क रहने की और ऐसे ठगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की, ताकि इस तरह के अपराधों पर लगाम लगाई जा सके।

## मौत बन चुकी थीं सड़कें, अब दौड़ेगी जिंदगी, गरियाबंद को मिली 10 नई एंबुलेंस

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** सड़क हादसों और बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था से जूझ रहे गरियाबंद जिले के लिए आखिरकार राहत की खबर सामने आई है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं और एंबुलेंस की अनुपलब्धता को लेकर उठ रही आवाजों के बाद अब प्रशासन हरकत में आया है। जिले को 10 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस मिल गई हैं,जिससे आपातकालीन सेवाओं में बड़ा सुधार होने की उम्मीद है।



**जब सड़क पर तड़पता रहा घायल, सिस्टम रहा गायब**

हाल ही में पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया था। तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल व्यक्ति सड़क पर तड़पता रहा, लेकिन 108 और 112 जैसे आपातकालीन नंबरों से कोई मदद नहीं मिली।आखिरकार, लोगों ने मानवता दिखाते हुए घायल को बाइक से अस्पताल पहुंचाना पड़ा। इस घटना ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी थी।

**खबरों का असर — अब बदलेगी तस्वीर**

लगातार खबरों के प्रकाशन और जनदबाव के बाद प्रशासन ने त्वरित कदम उठाते हुए 10 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाई। ये सभी वाहन अब जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे, जिससे हर ब्लॉक में आपातकालीन सेवा की पहुंच सुनिश्चित होगी।

**हर कोने तक पहुंचेगी मदद**

नई एंबुलेंस की तैनाती इस प्रकार की गई है:

**जिला अस्पताल — 2 वाहन**

पाण्डुका,राजिम,फिंगेश्वर,छुरा,मैनपुर,अमलीपदर, देवभोग,सूपेबेड़ा – 1-1 वाहन शामिल है इनमें से 1 एंबुलेंस एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस है, जबकि बाकी 9 बेसिक लाइफसपोर्ट सिस्टम से युक्त हैं।

**ग्रामीण इलाकों को सबसे बड़ा फायदा**

इन एंबुलेंस के शुरू होने से दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को समय पर इलाज और रेफरल की सुविधा मिल सकेगी। गंभीर मामलों में अब मरीजों को तेजी से बड़े अस्पतालों तक पहुंचाना संभव होगा।

**सेवा में बदलाव, उम्मीदें बढ़ीं**

इस बार एंबुलेंस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी नई एजेंसी को सौंपी गई है, जिससे प्रतिक्रिया समय और सेवा की गुणवत्ता बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**प्रशासन का दावा**

प्रशासन का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है और नई एंबुलेंस से सीधे आम जनता को लाभ मिलेगा।

अब सवाल ये है कि क्या ये नई एंबुलेंस वाकई समय पर पहुंचेंगी?

## गरीब लोगों को नहीं मिल रहा राशन



### पीडीएस का चावल नहीं मिलने से नाराज सिलपट्टी का मामला

समवेत शिखर संवाददाता

**तिल्दा नेवरा।** महिलाओं ने सेल्समेन की शिकायत करते हुए बताया की कई महीनों से शक्कर और नमक नहीं दिया है कुछ बोलने पर उसके द्वारा अभद्रता किया जाता है बोलता है की जो करना है कर लो

गरीबों की थाली भरने वाली सरकारी राशन व्यवस्था रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक में सवालों के घेरे में है. ग्राम पंचायत सिलपट्टी में सैकड़ों परिवार ऐसे हैं. जिनकी रसोई महीनों से सरकारी चावल का इंतजार कर रही है.. इसका खुलासा तब हुआ जब पंचायत के सैकड़ों लोग अनुविभागीय अधिकारी से राशन की मांग करने कार्यालय पहुंचे और उन्होंने राशन व्यस्था सुधारने की मांग की है.

राशन हितग्राही और ग्राम पंचायत सिलपट्टी के सरपंच लोकेश कुमार कश्यप ने बताया कि उचित मूल्य की दुकान से पिछले महीने भी लेट से राशन का वितरण किया गया. जिससे गरीब परिवारों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है.सेल्स मेन द्वारा सर्वर डाउन बताया गया लोगों के सिगनेचर नहीं हो पाया है आगे राशन नहीं मिल पायेगा आज नाराज ग्रामीणों ने एकजुट होकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा है. और राशन वितरण में हो रही अनियमितताओं को सुधार कर राशन वितरण करने की मांग की है।

## रामचरित मानसगान सम्मेलन का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**छुरा।** जिले के ग्राम टेंगनाबासा में तीन दिवसीय भव्य श्री रामचरित मानसगान सम्मेलन का सफल आयोजन संपन्न हुआ। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा से ओतप्रोत इस आयोजन में क्षेत्रभर से मानस मंडलियों एवं श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें ग्रामीणों ने पूरे गांव का भ्रमण कर भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। द्वितीय दिवस पर विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा रामचरित मानसगान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर श्री रामचरित मानस परिवार खलना (ओड़िशा ), ज्ञान ज्योति मानस परिवार नाहनबीरी (मैनपुर), राजहंस मानस परिवार आमदी (धमतरी) एवं रेशमी महिला मानस परिवार बीरकोनी (महासमुंद) ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

तृतीय एवं अंतिम दिवस पर भी कार्यक्रम का उत्साह चरम पर रहा। ज्योति विद्या संकीर्तन मानस परिवार फिंगेश्वरी (छुरा), जय दंतेश्वरी मानस परिवार टोकरो, तुलसी के बिरवा मानस परिवार नागाबूढ़ा (गरियाबंद), परमेश्वर मानस परिवार सेमहरतरा (राजिम), दाई के दुलरवा मानस परिवार कन्हारपूरी (गुरूर) एवं उवत सुरुज मानस परिवार झिथरीडूमर (गरियाबंद) ने रामकथा का भावपूर्ण गायन प्रस्तुत किया। देर रात तक चले इस आयोजन में श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए।

आयोजन की एक विशेषता यह रही कि संध्या आरती के दौरान भगवान श्रीराम के साथ भारत माता की आरती भी की गई। पूरे कार्यक्रम स्थल पर ÷जय श्रीराम÷, ÷भारत माता की जय÷, ÷वंदे मातरम÷ और अमर शहीदों के नारों की गूंज से देशभक्ति और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## आरंग में गैस सिलेंडर वितरण में अव्यवस्था व गड़बड़ी पर नाराजगी

समवेत शिखर संवाददाता

**आरंग।** एल पी जी गैस की सप्लॉई के चलते नागरिको को हो रही दिक्कत को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने आज नगर पालिका में सभी पार्षदों और खाद्य निरीक्षक की उपस्थिति में गिरजा गैस एजेंसी के मालिक हिमांश ठाकुर के साथ बैठक कर नगर में गैस टंकी के सप्लाई में हो रही गड़बड़ी और अव्यवस्थाओ को लेकर कड़ी फटकार लगाई।

बैठक में हिमांश सिंह ठाकुर ने बताया कि गिरजा गैस एजेंसी के संचालन में हस्ताक्षेप करने वाले संतोष सिंह ठाकुर उनके आर्थिक भागीदार होने के साथ प्रबंधकीय भागीदार भी है। हिमांश सिंह ठाकुर से होम डिलीवरी के संबंध में पूछे जाने पर उनके द्वारा यह कबूल किया गया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी योजन उज्ज्वला गैस कनेक्शन के संबंध में पूछे जाने पर उनके द्वारा इस संबंध में भी कोई जानकारी नहीं दिया गया। बैठक में उन्होंने बताया कि गोदाम में व्यवस्था कि कमी है जैसे फायर फाइटिंग, रेत इत्यादि उपलब्ध नही है साथ ही एजेंसी के सामने एवं गोदाम में हितग्राहियों कि भीड़ रहती है उनके लिए किसी प्रकार के शेड या पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध नहीं किया गया है। बैठक में पार्षद और जनप्रतिनोधियों ने बताया कि गैस एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा पार्षदों और जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार किया जाता ऐसे में आम जनता से क्या व्यवहार किया जाता होगा इसका अनुमान लगाया जा सकता है। गैस एजेंसी के कर्मचारी इला दुबे ने भी संतोष सिंह ठाकुर को उक्त गैस एजेंसी में आर्थिक भागीदार एवं प्रबंधकीय भागीदार होने की पुष्टि की है। बैठक में चर्चा के दौरान यह पाया गया कि वह गैस एजेंसी में कर्मचारियों की कमी है जिसके कारण हितग्राहियों को अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। उक्त गैस एजेंसी के प्रोपराइटर हिमांश सिंह ठाकुर द्वारा बैठक के दौरान फील्ड ऑफिसर शांतनु रॉय को मोबाइल में संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु उनका कॉल रिसीव नहीं किया गया। नगर पालिका आरंग के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप जैन ने हितग्राहियों हेतु सुविधा के विस्तार एवं गैस सप्लॉई की व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के संबंध में चर्चा करने हेतु फील्ड ऑफिसर शांतनु रॉय को मोबाइल में संपर्क कर उन्हें सारी समस्ओं से अवगत कराया की गैस एजेंसी से गोदाम की दुरी का अधिक होना, गोदाम में किसी प्रकार की व्यवस्था का न होना, मुलभुत आवश्यकता पानी या शेड, अग्निशमन की व्यवस्था नही होना तथा गैस एजेंसी में कर्मचारियों की कमी के कारण होम डिलीवरी का पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाने के कारण अव्यवस्था हो गई है । उन्होंने इन अव्यवस्थो को दूर करने तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग द्वारा बैठक का पंचनामा तैयार कर उच्च अधिकारियो को प्रेषित किया जा रहा है साथ उन्होंने भी व्यवस्था में तुरन्त सुधार के निर्देश दिए है। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष हिरामन कोसले पार्षद गण नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी,विरेन्द्र कड़रा, पुष्कर साहू, शरद गुप्ता, खिलावन निषाद, समीर गोरी, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, तोषण साहू, खिलेश धुरंधर, राकेश सोनकर,बीजेपी मंडल देवनाथ साहू, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, पूर्व पार्षद सुशील जलक्षत्री, तुलाराम साहू सहित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

## कुरूद में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ

समवेत शिखर संवाददाता

**कुरूद।** नगर पालिका कुरूद वार्ड क्रमांक सात स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के पास माँ चंडी की असीम कृपा से नर्मदेश्वर सेवा समिति वृंदावन सरोवर कुरूद के सहयोग से श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 1 अप्रैल से 9 अप्रैल तक समय प्रतिदिन दोप. 03 बजे से प्रभु इच्छा तक किया जा रहा है।

प्रथम दिवस बुधवार को नगर की आराध्य देवी मां चंडी के दरबार से विधिवत पूजा अर्चना उपरांत भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे नगर में भक्तिमय माहौल रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्तियां पीले वस्त्र में सिर पर कलश धारण किए हुए थीं। भक्ति गीतों से सुसज्जित यह यात्रा चंडी मंदिर से कथा स्थल तक पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। यात्रा के दौरान राधे राधे ,हरि बोल और जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे।



इसके उपरांत व्यास पीठ पर विराजमान पं. श्री नागेश्वर प्रसाद दुबे जी ने विधिवत पूजा अर्चना और स्थापना कार्य संपन्न कर प्रथम दिवस की कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने श्री मुख से भागवत महात्म्य की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्ग है। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म, कर्म और भक्ति के महत्व को सरल और प्रभावी शैली में समझाया।पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज की गई, जो इस आयोजन के प्रति क्षेत्र में उत्साह को दर्शाता है।

कथा के दूसरे दिवस 2 अप्रैल गुरुवार को परिक्षित जन्म, शुकदेव जी द्वारा कथा प्रारंभ, 3 को सति चरित्र, ध्रुव चरित्र, पृथु चरित्र, 4 को भरत चरित्र, अजामिलोपाख्यान , प्रहलाद चरित्र, 5 को गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र , श्री राम अवतार, श्री कृष्ण अवतार, 6 को श्री कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुखमणी विवाह , 7 को भगवान का अन्य विवाह, सुदामा चरित्र,8 को यदुकुल को श्राप, परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 9 को गीता पाठ, यज्ञ - हवन, पूर्णाहुति, कथा विश्राम का आयोजन होगा।प्रथम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय भक्तगण उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा के विशेष आमंत्रित सदस्य बने रामू राम साहू

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रानी श्याम कुमारी चौक के पास उपस्थित होकर वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू का स्वागत अभिनंदन कर खुशियों के साथ बधाई दिए जहां भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे बधाई देने वालों प्रमुखों में वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित,अशोक सिंह राजपूत, पूनम यादव,भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अध्यक्ष श्रीमती मंजू लता हरित, महामंत्री भुवन लाल साहू, प्रेमलाल टोडर, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डॉक्टर संतराम साहू, जिला कार्य समिति सदस्य भुनेश्वर साहू, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली के जन भागीदारी समिति अध्यक्ष गजेंद्र निषाद, पूर्व किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मिंजुन साहू, युवा नेता राकेश सिन्हा, छवि कुमार यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष तुलाराम साहू, दयाराम साहू,अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष खिलावन सोनवानी, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, किशन निषाद ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य किरण सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ प्यारेलाल सोनकर ,सोसाइटी फिंगेश्वर के अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, शीतल साहू, अरुण सिन्हा, दशरथ सिंहा, हीरामन साहू, सीमा, खिलेश्वरी साहू,राम आधार साहू ,श्रीमती संगीता साहू, ओम प्रकाश साहू, मति निषाद, छगन साहू ,रोहित साहू, गुपेश साहू, राम अवतार साहू, सुकालू राम साहू, अरुण ध्रुव, पत्रकार दीपक पोद्दार, अरेंद्र पहाड़िया, नेमीचंद बंजारे, नानिकराम साहू, सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष जाहिर करते हुए बधाइयां दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### धान खरीदी केंद्र शुभारंभ समिति गठित

**भाटापारा।** ग्राम दावनबोड़ में छत्तीसगढ़ सरकार के निर्देशानुसार धान खरीदी केंद्र विगत कुछ वर्षों से संचालित है किंतु किसानों को समिति के पूरक कार्य के लिए गांव से 15 किलोमीटर दूर जांगडा जाना हो रहा था जिसको शासन ने आसान करते हुए गांव में ही सारी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने निर्णय लेते हुए समिति गठन कर किसानों को राहत पहुंचाया है। खाद कृषि ऋण एवं अन्य किसानी दस्तावेज संबंधित सारी सुविधा मुहैय्या होगी। अंचल के किसानों ने सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के प्रयास से गांव में धान खरीदी केंद्र शुरू हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य, दीप्ती गोविंद वर्मा सभापति जिला पंचायत , जनपद पंचायत सदस्य सभापति , सीता शशिकांत ध्रुव, सोसाइटी अध्यक्ष रमेश वर्मा , तुलसी बारले ,सम्मत रामरतन ,टिकेश्वर वर्मा, अजय वर्मा, लालू ध्रुव ,लक्ष्मण कुमार वर्मा, धनुष वर्मा ,रामस्वरूप वर्मा ,रमेश इंद्रकुमार ध्रुव ,नंदकुमार वर्मा सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



### मप्र में 4 दिन का 'स्कूल चलें हम' अभियान: भोपाल में मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, कहा-4 लाख साइकिलों का वितरण करेंगे

**भोपाल।** अब छात्र निजी स्कूलों की बजाय सरकारी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं, जो शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। ड्रॉपआउट की संख्या के अंतर को जीरो कर दिया गया है। यह इस साल की सबसे बड़ी उपलब्धि है। वहीं, नए नामांकन में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी क्रम में कल करीब 4 लाख साइकिलों का वितरण किया जाएगा, ताकि छात्रों को स्कूल आने-जाने में सुविधा मिल सके। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। वे स्कूल चलें हम अभियान के तहत बुधवार को सांदीपनि विद्यालय टीटीनगर में राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव का शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि पढ़ें-लिखें आगे बढ़ें, भविष्य में जहां तक अपने पंख लेकर उड़ना चाहें, उड़ें। उन्होंने कहा कि हमने स्कूली बच्चों, विशेषकर छात्राओं के लिए स्कूटी योजना भी लागू की है। इसके अलावा, सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए करीब 76,000 शिक्षकों की नियुक्ति भी की है। सरकार का लक्ष्य इस वर्ष लगभग 1 करोड़ 45 लाख बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना है, जिससे प्रदेश में शिक्षा का स्तर और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# सभी समाजों के सहयोग से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार : मुख्यमंत्री साय

### उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

समवेत शिखर संवाददाता

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को रायगढ़ के बाबा प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा आयोजित 'उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं 'वंदे उत्कल जननी' के मधुर गायन के साथ हुआ।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को आत्मीयतापूर्वक संबोधित करते हुए कहा कि वे यहां अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की जनता ने उन्हें 20 वर्षों तक सांसद के रूप में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है और वही स्नेह एवं अपनापन उन्हें आज भी प्राप्त हो रहा है।मुख्यमंत्री श्री साय ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों राज्यों के बीच 'रोटी-बेटी' का अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि जशपुर के कुनकुरी से लेकर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में लोग उड़िया भाषा बोलते हैं। देवभोग-गरियाबंद क्षेत्र में आज भी महाप्रसाद के रूप में भात मिलता है और छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में रथ यात्रा का आयोजन होता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज की पत्रिका 'सुविधा' का विमोचन किया, जिसमें समाज के रीति-रिवाज, उपलब्धियां एवं संपर्क विवरण संकलित किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन हेतु 5 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 8 लाख आवास रिकॉर्ड समय में पूर्ण किए जा चुके हैं। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है तथा लगभग 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, जिससे प्रदेश खुशहाली की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत अब तक लगभग 42 हजार श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर भगवान रामलला के दर्शन कर चुके हैं। इस योजना के माध्यम से आम नागरिकों को सुगम एवं व्यवस्थित रूप से तीर्थ दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को भी पुनः प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

# सृजन नई सोच, नई उड़ान द्वारा भव्य ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** सृजन नई सोच, नई उड़ान द्वारा अग्रसेन भवन में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एवं प्रेरणादायक ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों, प्रिंसिपल्स एवं डायरेक्टर्स को सादर आमंत्रित किया गया जिसमें सभी संस्थाओं का अत्यंत सराहनीय सहयोग एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। इस प्रतियोगिता में कुल 120 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर अपने सृजनात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल एक मंच बना, बल्कि उनके आत्मविश्वास, कल्पनाशीलता एवं प्रतिभा को निखारने वाला प्रेरणादायक अनुभव भी सिद्ध हुआ। सृजन टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा , पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा एवं सिविल जज अंकिता गुप्ता की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में मेघा वर्मा, शहर की प्रसिद्ध कलाकार एवं निखिल तिवारी, रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रीति शाह द्वारा किया गया साथ ही श्रीमती इंदरजीत सलूजा, अमरजीत सिंह सलूजा, श्रीमती शम्मी चावला, श्रीमती सोनी छाबड़िया एवं श्रीमती शीतल आर्या उपस्थित थे।

# कलेक्टर के आदेश की उड़ रहीं धज्जियां : प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा बोर खनन

### भू जल के गिरते जलस्तर को देखते 1 अप्रैल से लगाया गया है प्रतिबंध, लेकिन रात-दिन जारी अवैध खनन

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** जिले मे कलेक्टर के आदेश को बोर डीलर गभीरता से लेते नहीं दिख रहे । कलेक्टर के फरमान कि अनदेखी करते हुए बीती रात एक तारीख को ही शहर मे रात 12 बजे से बोर डीलर द्वारा बोर खनन करते देखा गया। रात मे अधिकारियों कि आँखो से तो बच गया पर कैमरे मे कैद हो गया।



उल्लेखनीय है कि जिले में गिरते भूजल स्तर को देखते हुए प्रशासन ने 1 अप्रैल से 30 जून तक बोर खनन पर सख्त प्रतिबंध लगाया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दिन-रात बोर खनन का अवैध खेल जारी है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।जल संकट को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा 1 अप्रैल से बोर खनन पर रोक लगाई गई थी, ताकि लगातार गिरते जलस्तर को बचाया जा सके। लेकिन इस आदेश का असर जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है।

सूत्रों के मुताबिक,शहर और ग्रामीण इलाकों में खुलेआम मशीनों से बोर खनन किया जा रहा है। रात के अंधेरे में तो यह अवैध कार्य और भी तेजी से हो रहा है,जिससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी या तो कमजोर है या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बोर खनन से जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है,जिससे आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गहराने की आशंका है।इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना चिंता का विषय है।इन सब समस्याओं पर आम नागरिकों में इस मुद्दे को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है।लोगों का कहना है कि एक ओर प्रशासन जल संरक्षण के लिए अभियान चला रहा है,वहीं दूसरी ओर अवैध बोर खनन को रोकपाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

वहीं लोगों ने प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि क्या कलेक्टर के आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित हैं?आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है अवैध बोर खनन? क्या जल संकट का इंतजार कर रहा है प्रशासन?

यदि समय रहते इस अवैध बोर खनन पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई,तो आने वाले समय में जिले को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी सख्ती दिखाता है या फिर यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

# नए शिक्षण सत्र पर बच्चों का हुआ भव्य स्वागत

समवेत शिखर संवाददाता

**कुरूद।** कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में बुधवार को नए शिक्षण सत्र 2026-27 के पहले दिन नवप्रवेशी और पूर्व छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत किया गया। प्रार्थना स्थल पर विधिवत रूप से ज्ञानदायनी मां सरस्वती जी की पूजा आराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस दौरान सभी बच्चों का तिलक वंदन एवं मुंह मीठा कर विधिवत स्वागत किया गया।




प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने नए सत्र के आगाज पर बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि आज का पहला दिन आपका अविस्मरणीय होने वाला है।आज से आपका एक नया सत्र एक नई उम्मीद और आशा लेकर आपके सुनहरे भविष्य के सपने संजोए हुए है।जहां आप अपनी मेहनत और लगन से अपने जीवन में सफलता का श्रृंगार करेंगे। इसके उपरांत सभी कक्षाओं की विधिवत कक्षाएं प्रारंभ हुई और सभी बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पहले दिन के इस खास पल को अपनी मीठी मुस्कान और उमंग से मनभावन बना दिया।

इसी तरह प्री प्राईमरी विभाग में भी बच्चों का स्वागत बेहद ही आकर्षक अंदाज में हुआ।विशेष कर नन्हे-मुन्हें बच्चों जिन्होने पहली बार विद्यालय की भूमि पर कदम रखा,उन्हें उनके हाथों से लाल श्रृंगार से थप्पी लगवाकर इस पावन पुनीत समय का यादगार आगाज किया। इस बीच छोटे बच्चों में उत्साह अपने चरम पर रहा। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा की गई व्यवस्थाएं राष्ट्रीय स्तर पर बटोर रही है सराहना

### मैनपाट में 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' का सांस्कृतिक संगम, मेहमानों ने सराहा छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता और आतिथ्य

समवेत शिखर न्यूज

**अंबिकापुर।** 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा की गई व्यवस्थाएं राष्ट्रीय स्तर पर सराहना बटोर रही हैं। विभिन्न राज्यों से आए खेल अधिकारियों एवं कोचों ने सरगुजा जिले के मैनपाट में स्थित प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर यहां की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और आत्मीय आतिथ्य का अनुभव किया।



अतिथियों ने मैनपाट के प्रसिद्ध तिब्बती मोनेस्ट्री, रहस्यमयी उल्टा पानी तथा अद्वितीय प्राकृतिक स्थल जलजली का भ्रमण किया। इन स्थलों की विशिष्टता और प्राकृतिक आकर्षण ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अधिकारियों और कोचों ने कहा कि मैनपाट न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए एक अनूठा पर्यटन गंतव्य है, जहां प्रकृति और शांति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

भ्रमण के दौरान सभी मेहमानों ने छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के सैला रिसॉर्ट में दोपहर भोजन का आनंद लिया। यहां पर परोसे गए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों जैसे चीला, फरा, ठेठरी-खुरमी और देशी स्वाद से भरपूर भोजन की मेहमानों ने खुले दिल से सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि ÷छत्तीसगढ़ का भोजन जितना सरल है, उतना ही स्वादिष्ट और पौष्टिक भी है।÷

अतिथियों ने विशेष रूप से मैनपाट के स्थानीय निवासियों के सहज, सरल और आत्मीय व्यवहार की भी प्रशंसा की। उनका कहना था कि यहां का आतिथ्य उन्हें अपने घर जैसा अपनापन महसूस कराता है, जो छत्तीसगढ़ की पहचान को और मजबूत बनाता है।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के सौजन्य से 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में शामिल खिलाड़ियों, अधिकारियों और कोचों को राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से उन्हें छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और खानपान से परिचित कराया जा रहा है, जिससे राज्य की सकारात्मक छवि राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो रही है।

खेल और पर्यटन के इस समन्वित मॉडल से छत्तीसगढ़ ने एक नई दिशा दिखाई है, जहां खेल आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित न रहकर सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम भी बन रहे हैं। इससे न केवल राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि देशभर में छत्तीसगढ़ की एक सकारात्मक और समृद्ध पहचान भी बन रही है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास राज्य को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर एक मजबूत स्थान दिलाने में सफल हो रहा है।

# शिलांग की युवा एथलीट बेथलीन माकरी ने खुद पर यकीन रखते हुए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जीता कांस्य पदक

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** पिछले साल 29 दिसंबर को शिलांग के साई के स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर में बेथलीन ग्रेस माकरी के कोच ने अचानक इस युवा एथलीट में एक रेस-वॉक एथलीट बनने की काबिलियत देखी। मजे की बात यह है कि बेथलीन खुद इस इवेंट के बारे में लगभग कुछ भी नहीं जानती थी और इसकी तकनीकी बारीकियों की तो बात ही छोड़ दें।



पिछले साल तक, मेघालय की यह युवा एथलीट एक मिडिल और लॉन्ग-डिस्टेंस रनर के तौर पर मुकाबला कर रही थीं। लेकिन 2026 की शुरुआत में, उसे अपना खेल बदलने के लिए कहा गया जिसने उसकी शारीरिक और मानसिक, दोनों तरह की ताकत की परीक्षा ली।

खासी ट्राइब से आने वाली बेथलीन के लिए यह बदलाव बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। उनके लिए शुरुआती कुछ सप्ताह बहुत कठिन थे, जब वह रेस-वॉक की अनजान तकनीक के साथ तालमेल बिठाने की कोशिश कर रही थीं और शरीर में तेज दर्द से जूझ रही थीं। इसके चलते कई रातें बिना नींद के बीतीं और मन में आत्म-संदेह भी पैदा होने लगा।

हालांकि, उनके कोच और परिवार के सहयोग ने उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी। तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी और इकलौती बेटी होने के नाते, बेथलीन ने इस चुनौती को स्वीकार किया और खेल की तकनीकी बारीकियों को सीखने में खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया। इसके बाद उन्होंने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के पहले एडिशन में भाग लेने के लिए जगदलपुर का रुख किया।

उन्होंने साई मीडिया से कहा, '' पहले दो हफ्ते वाकई बहुत मुश्किल थे, खासकर मेरे शरीर के लिए। रेस-वॉक की तकनीकी बारीकियां मध्यम या लंबी दूरी की दौड़ से बिल्कुल अलग होती हैं, इसलिए मुझे इसे समझने में समय लगा। इसके बाद कई रातों तक नींद नहीं आई, घबराहट के पल आए और आखिरकार मुझे खुद पर शक होने लगा कि क्या मेरा फैसला सही था।''

# पुरुष फुटबॉल : छत्तीसगढ़ और प. बंगाल ने फाइनल में बनाई जगह



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स स्टेडियम, कोटा में खेले गए पुरुष फुटबॉल के सेमीफाइनल मुकाबलों में छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल ने शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

### केंद्रीय खेल राज्य मंत्री ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

खेले गए एक रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने अरुणाचल प्रदेश को 3-2 से हराया। मैच की शुरुआत से ही छत्तीसगढ़ टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और पहले हाफ की समाप्ति तक 2-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में अरुणाचल प्रदेश ने वापसी की कोशिश की, लेकिन छत्तीसगढ़ ने बढ़त कायम रखते हुए मैच 3-2 से अपने नाम किया। इसी प्रकार पहले खेले गए सेमीफाइनल मैच में पश्चिम बंगाल ने गोवा को 5-2 से हराकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। इस अवसर पर केन्द्रीय युवा कार्य एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण के उप महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव एवं खेल विभाग के सचिव यशवंत कुमार, खेल विभाग के अधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य, बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुदूर बस्तर का अबूझमाड़ रामकृष्ण मिशन आश्रम का फुटबॉल टैलेंट पाइपलाइन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में चमका

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** जिले के दूरस्थ अबूझमाड़ क्षेत्र में आदिवासी समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से 1986 में स्थापित रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम आज चुपचाप फुटबॉल प्रतिभाओं की एक अनोखी नर्सरी बनकर उभरा है। यह आश्रम छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में स्थित है और राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 250 किलोमीटर दूर है।

इसका प्रभाव मौजूदा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में साफ दिखाई दे रहा है, जहां पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों में एक दर्जन से अधिक खिलाड़ी आश्रम में प्रशिक्षण पाकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जहां महिला टीम फाइनल में पहुंच चुकी है, वहीं पुरुष टीम ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है।छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ (छ्फ्स) के सहायक महासचिव और एआईएफएफकार्यकारी समिति के सदस्य मोहन लाल ने कहा, ÷केआईटीजी 2026 में प्रतिस्पर्धा कर रही पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों में प्रत्येक में लगभग 12-13 खिलाड़ी इसी अकादमी से हैं।÷कभी अलगाव और संघर्ष के लिए पहचाने जाने वाले बस्तर क्षेत्र में स्थित आरके मिशन दशकों से बेहद दूरदराज के आदिवासी गांवों के बच्चों तक शिक्षा और अवसर पहुंचाने का काम कर रहा है। इनमें से कई गांव घने जंगलों के भीतर हैं, जहां औपचारिक शिक्षा तक पहुंच बहुत सीमित या लगभग नहीं के बराबर है।



आश्रम इन बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है, साथ ही संगीत और खेलों में उनकी रुचि को भी विकसित करता है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल आश्रम के विकास कार्यक्रम का एक अहम स्तंभ बन चुका है।बच्चों को कम उम्र में ही विभिन्न खेलों से परिचित कराया जाता है और शिक्षा के साथ-साथ उन्हें व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए खेलों में करियर बना सकें।हर साल संस्थान के लगभग 50 से 60 छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलता है।

### पुरुष हॉकी फाइनल में ओडिशा ने जीता स्वर्ण पदक




**रायपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के अंतर्गत राजधानी स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में खेले गए पुरुष हॉकी फाइनल मुकाबले में ओडिशा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मैच की शुरुआत में झारखंड ने आक्रामक खेल दिखाते हुए पहले क्वार्टर में 1-0 की बढ़त बना ली। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में ओडिशा ने जोरदार वापसी करते हुए दो गोल दागे और 2-1 से बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर तक मुकाबला रोमांचक बना रहा, लेकिन ओडिशा ने अपना दबदबा कायम रखते हुए स्कोर 3-1 कर लिया। अंतिम क्वार्टर में भी ओडिशा ने एक और गोल कर बढ़त मजबूत की और अंततः मैच 4-1 से जीत लिया। पूरे मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन ओडिशा की सधी हुई रणनीति और बेहतर तालमेल ने उसे जीत दिलाई। इस जीत के साथ ओडिशा ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि झारखंड को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*

( * पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2026-28 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### जिले में गैस, पेट्रोल-डीजल पर्याप्त जबरिया स्टॉक व कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई

**दंतेवाड़ा।** जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी आवश्यक ईंधनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा नियमित रूप से आपूर्ति भी जारी है। वर्तमान में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का लगभग 1000 नग स्टॉक उपलब्ध है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गैस, पेट्रोल या डीजल की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा जबरन स्टॉक करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज की जाएगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे घबराहट में अनावश्यक बुकिंग न करें और ईंधन का सिमित उपयोग करें। बताया गया है कि उज्ज्वला योजना के कुछ उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय तक बुकिंग न करने के बाद अचानक पैनिक बुकिंग करने से आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### बच्चों ने दिखाया नवाचार और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन

**दंतेवाड़ा।** दूरस्थ एवं आदिवासी अंचल दंतेवाड़ा में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जहाँ बच्चों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के माध्यम से अपने नवाचार और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नव गुरुकुल सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से एक दिवसीय जिला स्तरीय ए.आई. के साथ भविष्य की खोज -कृत्रिम बुद्धिमत्ता हैकाथॉन 2026÷ का आयोजन गीदम विकासखंड अंतर्गत एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित नव गुरुकुल प्रशिक्षण केंद्र में किया गया।

# कमिश्नर डोमन सिंह ने आड़ावाल और साड़गुड़ राजस्व शिविरों का किया निरीक्षण

### राजस्व पखवाड़े के जरिए सीधे जनता तक पहुंच रहा प्रशासन

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे राजस्व पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत बस्तर संभाग में जमीनी स्तर पर कार्य तेज हो गया है। इसी तारतम्य में बुधवार को कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने जगदलपुर तहसील के ग्राम आड़ावाल और नानगुर तहसील के ग्राम साड़गुड़ में आयोजित विशेष राजस्व शिविरों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

शिविर स्थल पर पहुँचकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें, राजस्व संबधी कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और आम जनता को सहूलियत प्रदान कर शिविर में ही समाधान उपलब्ध कराया जाए। कमिश्नर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से अविवादित नामांतरण और बंटवारा के लंबित प्रकरणों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इनका समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों की बैठक में उक्त प्रकरणों को मौके पर निराकृत किया जाए।

उन्होंने नक्शा बटांकन के कार्य को प्राथमिकता देकर शत-प्रतिशत पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्होंने प्रत्येक भूमि स्वामी के खातों में आधार नंबर और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसानों को योजनाओं का लाभ सीधे मिल सके।

कमिश्नर ने ग्रामीणों को राहत पहुँचाने की दिशा में आरबीसी 6-4 के तहत लंबित राहत प्रकरणों का भी त्वरित निपटारा करने को कहा और मौके पर ही खसरा एवं बी-1 जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रदाय करने के निर्देश दिए। शिविर की सार्थकता को बढ़ाने के लिए उन्होंने प्रचार-प्रसार की रणनीति पर बल देते हुए कहा कि किसी भी शिविर के आयोजन से पूर्व संबंधित क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए। इसके लिए उन्होंने मैदानी अमले को सक्रिय रह कर ग्रामीणों को जानकारी देने सहित कोटवारों के माध्यम से गांव-गांव में मुनादी करवाने की बात कही, ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति भी शिविर के माध्यम से लाभान्वित हो सकें। इसके साथ ही शिविर स्थल में फ्लेक्स-बैनर लगाए जाने कहा। कमिश्नर ने अपने निरीक्षण भ्रमण के दौरान पंचायत पदाधिकारियों सहित पटेल-कोटवार एवं ग्रामीणों से रूबरू होकर पेयजल, बिजली, एवं स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता के बारे में चर्चा की और उचित मूल्य दुकान से नियमित तौर पर खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों की सुलभता, स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना और सचिव-पटवारी एवं अन्य मैदानी अमले की सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान संबधित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ते कदम, कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा का व्यापक प्रशिक्षण अभियान




समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** जिले में टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा द्वारा सराहनीय पहल की गई। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत 28, 30 एवं 31 मार्च को जिले के ग्राम हारम, भूतपदर, पुरनतराई, गाटम एवं श्यामगिरी में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों से परिचित कराना, कम लागत में अधिक उत्पादन के उपाय बताए तथा रासायनिक उर्वरकों के सुरक्षित विकल्पों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान लगभग 250 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रशिक्षण का लाभ उठाया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. डिप्रोशन बंजारा, डॉ. प्रवीण निषाद, डॉ. ईशांत सुकदेवे एवं डॉ. खेमलता ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जीवामृत एवं घनजीवामृत के निर्माण और उपयोग, बीज उपचार की विधियों, कीट एवं रोग प्रबंधन के प्राकृतिक उपायों तथा मृदा स्वास्थ्य सुधार की तकनीकों को सरल एवं व्यवहारिक तरीके से समझाया। विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से न केवल उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहती है। साथ ही यह पद्धति पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। कृषि विज्ञान केंद्र की इस पहल से जिले के किसानों में प्राकृतिक खेती के प्रति रुचि बढ़ रही है, जो भविष्य में आत्मनिर्भर और टिकाऊ कृषि व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

# दूरस्थ क्षेत्रों में पेयजल, स्वास्थ्य और योजनाओं पर फोकस, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

### कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामों में पेयजल समस्या के समाधान हेतु विशेष प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाए। जिन क्षेत्रों में बोर मशीन पहुंचना संभव नहीं है, वहां पारंपरिक तरीके से कुएं खुदवाने के निर्देश दिए गए। लावा, पूरगेल, बैंगपाल और बड़ेपल्ली जैसे ग्रामों में यह कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने विशेष रूप से अंतर-विभागीय समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके और आमजन को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अन्य बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए नक्सल पीड़ित परिवारों एवं आत्मसमर्पित व्यक्तियों के स्वरोजगार हेतु ड्राईविंग लाईसेंस, एवं उनके आवास निर्माण की प्रगति, की जानकारी लेते हुए मुख्यालय में निर्माणाधीन प्लेनेटोरियम, स्पोर्ट्स सिटी एवं बारसूर में टूरिस्ट कॉटेज निर्माण की अद्यतन प्रगति का ब्यौरा लिया। कलेक्टर ने जिले में जल संरक्षण के संबंध में किए जा रहे प्रयासों को बेहतर बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने हेतु कृषि विभाग को निर्देशित किया। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों में विशेष हेल्थ कैंप आयोजित कर परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को बोधघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि थाना बोधघाट क्षेत्र के नाबालिक पीड़िता थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 31.03.26 को जब पीड़िता अपने काम से कोर्ट तिराहा की ओर जा रही थी कि बीच रास्ते में मुकेश ध्रुव नाम का लड़का इसके सामने आकर इसका रास्ता रोककर इसका हाथ पकड़कर इसके साथ छेड़खानी किया कि रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक, श्री शलभ कुमार सिन्हा के दिशा निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक श्री माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर, तत्काल कार्यवाही हेतु टीम रवाना किया गया जो उक्त टीम के द्वारा आरोपी मुकेश ध्रुव पिता महेश ध्रुव को पकड़कर उससे पूछताछ किया गया, जिसने अपना अपराध कबूल किया।



# बस्तर के कृषि उत्पादों को मिलेगी वैश्विक पहचान

### निर्यात जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की पहल

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग की समृद्ध कृषि परंपरा और अद्वितीय वनोपजों को अंतरराष्ट्रीय पटल पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल किया जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत सभागार में बीते सोमवार 30 मार्च को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा एक वृहद निर्यात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला का क्रियान्वयन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और लक्षद्वीप प्रोड्यूसर कंपनी बकावंड के साझा सहयोग से किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले में उपलब्ध अनाज, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों, ताजे फलों और सब्जियों के लिए निर्यात के नए द्वार खोलना था।

इस कार्यक्रम की सार्थकता इस तथ्य से और महत्वपूर्ण हो गई है कि वर्तमान वर्ष 2026 को वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के अनुरूप, कार्यशाला में बस्तर की महिला शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ जिले के विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों के कुल 73 सदस्यों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान कृषि निर्यात की असीम संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए विशेषज्ञों ने गुणवत्ता मानकों, आधुनिक पैकेजिंग तकनीकों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अनिवार्य प्रमाणन व दस्तावेजीकरण की प्रक्रियाओं पर गहन चर्चा की। इस दौरान एफपीओ के माध्यम से उत्पादन की मात्रा को प्रबंधित करने और स्वयं सहायता समूहों द्वारा मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) कर उत्पादों को वैश्विक स्तर के अनुरूप बनाने पर विशेष बल दिया गया, साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एनपीओपी प्रमाणन की बारीकियों को भी साझा किया गया।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# न्यूजीलैंड का विमेंस वनडे में सबसे बड़ा रनचेज: भारत का रिकॉर्ड तोड़ा

### केर ने 179 रन बनाए; साउथ अफ्रीका को 2 विकेट से हराया

**वेलिंग्टन (ए)।** न्यूजीलैंड ने विमेंस वनडे का सबसे बड़ा रनचेज कर लिया। टीम ने दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 विकेट से जीत हासिल की। अमेलिया केर की नाबाद 179 रन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने 348 रन का लक्ष्य 49.4 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल किया और सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। वेलिंग्टन में बुधवार को न्यूजीलैंड ने भारत का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में इंडियन विमेंस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट खोकर 341 रन का टारगेट हासिल किया था। 348 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सूजी बेट्स जल्दी आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर ने पारी संभाली और जॉर्जिया प्लिमर के साथ 52 रन की साझेदारी की। मिडिल ओवर्स में टीम का स्कोर 130/4 हो गया था और मैच साउथ अफ्रीका की पकड़ में दिख रहा था। तभी केर को इसाबेला गेज का साथ मिला, जिन्होंने 48 गेंद में 68 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया। दोनों के बीच 120 रन की तेज साझेदारी हुई, जिसने न्यूजीलैंड को मुकाबले में वापस ला दिया।



# भारत जुलाई में जिम्बाब्वे का दौरा करेगा: 23 तारीख से 3 टी-20 मैच खेले जाएंगे, हरारे में सभी मुकाबले होंगे

**नईदिल्ली (ए)।** भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई 2026 में जिम्बाब्वे दौरे पर जाएगी। इस दौरे पर तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेली जाएगी। सभी मुकाबले हरारे में होंगे।

बुधवार को जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज की तारीखों की पुष्टि की। 23 जुलाई को पहला टी-20 खेला जाएगा। 25 और 26 जुलाई को दूसरा और तीसरा मैच होगा।

भारत ने आखिरी बार 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था। उस समय कप्तानी शुभमन गिल ने संभाली थी। भारत ने पहला मैच गंवाने के बाद वापसी की और सीरीज 4-1 से अपने नाम की थी।

जिम्बाब्वे क्रिकेट के निदेशक गिवमोर मकोनी ने कहा कि भारत के खिलाफ मैच हमेशा दर्शकों में उत्साह पैदा करते हैं। उनके अनुसार, यह सीरीज घरेलू मैदान पर खिलाड़ियों के लिए खुद को परखने का अच्छा अवसर होगी। जिम्बाब्वे टीम जनवरी 2027 में भारत दौरे पर आएगी। इस दौरान तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। मुकाबले कोलकाता (3 जनवरी), हैदराबाद (6 जनवरी) और मुंबई (9 जनवरी) में होंगे।



### टी-20 बैटर्स रैंकिंग में भारत के 4 बल्लेबाज टॉप-10 में

**नईदिल्ली (ए)।** आईसीसी टी-20 बैटर्स रैंकिंग में भारत के 4 बल्लेबाज टॉप-10 में हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ5 मैचों की टी-20 सीरीज में 200 रन बनाने वाले साउथ अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन 64 स्थान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स रैंकिंग में हार्दिक पंड्या नंबर-2 पर बने हुए हैं। टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 875 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर भी भारत के ईशान किशन हैं। टॉप-10 में भारत के कुल 4 बल्लेबाज शामिल हैं। इसमें तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव भी जगह बनाने में सफल रहे हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे नंबर पर हैं, जबकि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट चौथे स्थान पर हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा 328 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर हैं। भारत के हार्दिक पंड्या 299 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के सैम अयूब तीसरे और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी चौथे नंबर पर हैं।

### विक्की कौशल बोले- धुरंधर 2 फिल्म मेकिंग का गोल्ड स्टैंडर्ड: कहा- रणवीर सिंह की एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं

**मुंबई (ए)।** बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल ने आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' का रिव्यू शेयर किया है। विक्की ने सोशल मीडिया पर फिल्म की मेकिंग और रणवीर सिंह की एक्टिंग की जमकर तारीफ की है। विक्की कौशल ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ÷आदित्य धर... मैं इस फिल्म को बनाने में की गई क्राफ्ट, मेहनत और ईमानदारी को देखकर हैरान हूं। यह फिल्म मेकिंग का 'गोल्ड स्टैंडर्ड' है। आप इस बड़ी सफलता के हकदार हैं, बधाई हो भाई। विक्की ने रणवीर सिंह की तारीफ करते हुए लिखा कि वे उनके लिए प्रेरणा हैं और उनकी एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं है। आर. माधवन और पूरी टीम को दी बधाई विक्की ने अपनी पोस्ट में फिल्म की बाकी कास्ट की भी तारीफकी। उन्होंने आर. माधवन (मैडी) के काम को शानदार बताया और राकेश बेदी को 'कमाल' कहा। इसके अलावा उन्होंने एडिटर शिवकुमार पणिक्कर, म्यूजिक डायरेक्टर शाश्वत और प्रोड्यूसर ज्योति देशपांडे (जियो स्टूडियोज) व लोकेश धर को भी क्रेडिट दिया। धुरंधर 2 (धुरंधरः द रिवेंज) बॉक्स ऑफिस पर लगातार रिकॉर्ड बना रही है। 13 दिनों में फिल्म ने 1435 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया और RRR के ऑल टाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही यह भारत की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। आदित्य धर और विक्की का पुराना कनेक्शन आदित्य धर और विक्की कौशल की जोड़ी ने साल 2019 में 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी थी। यही वजह है कि फैंस विक्की के रिव्यू का इंतजार कर रहे थे। 'धुरंधरः द रिवेंज' की सफलता ने साबित कर दिया है कि आदित्य धर बड़े स्केल की मास फिल्मों को डायरेक्ट करने में माहिर हैं।



# डॉलर लहर ने गर्मियों के जरूरी पहनावे में पेश किया एक 'अकल्पनीय' ट्विस्ट

**कोलकाता (ए)।** डॉलर लहर इस गर्मी के मौसम में एक नये अभियान के साथ उत्साह बढ़ा रहा है, जो हास्य, कल्पना और एक अप्रत्याशित 'साइ-फाई' मोड़ का अनूठा मिश्रण है।

जैसे ही इनरवियर श्रेणी अपने सबसे व्यस्त सीजन में प्रवेश कर रही है, ब्रांड एक हाईवे ढाबे की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिलचस्प कहानी लेकर आया है- जहाँ एक साधारण रात असाधारण मोड़ लेती है। इस अभियान के माध्यम से डॉलर लहर खुद को एक भरोसेमंद 'डेली एसेंशियल' (रोज़मर्रा की ज़रूरत) के रूप में मजबूती से स्थापित करता है, जिसे एक मनोरंजक और यादगार कहानी के जरिए पेश किया गया है। ब्रांड अभियान और इसके ब्रांड एंबेसडर के बारे मेंडॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, विनोद कुमार गुप्ताने कहा, ÷सैफ अली खान के साथ हमारे जुड़ाव ने ब्रांड को एक नई ऊंचाई दी है। उनकी हाजिरजवाबी और साख पुरुष दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय है और यही जुड़ाव हमारे व्यापार की बढ़त में तब्दील हुआ है। इस साझेदारी की सबसे खास बात यह है कि उनका व्यक्तित्व हमारे ब्रांड की सोच के साथ पूरी तरह मेल खाता है, इसलिए इस साथ को आगे बढ़ाना हमारे लिए एक बहुत ही स्वाभाविक कदम था। TBWA/Lintas द्वारा तैयार और मशहूर एड-फिल्म मेकरउजेर खानद्वारा निर्देशित यह नया विज्ञापन, रोज़मर्रा की कहानियों में एक कल्पनाशील मोड़ लाता है। फिल्म में दोस्तों का एक समूह अचानक एलियंसके सामने आ जाता है, जिससे शुरुआत में माहौल काफी तनावपूर्ण लगता है। हालांकि, वह पल तुरंत ही मजाक और मस्ती में बदल जाता है, जहाँ डॉलर लहर इनरवियर को एक बहुत ही चतुर और अप्रत्याशित तरीके से दिखाया गया है। शब्दों के बेहतरीन तालमेल और हल्के-फुल्के हास्य के साथ, डॉलर लहर बनियान का प्रदर्शन इस कहानी का मुख्य केंद्र बन जाता है, जो इसे एक ऐसे भरोसेमंद साथी के रूप में पेश करता है जो किसी भी स्थिति में आपके साथ खड़ा रहता है।



# 'इंडियास सेफेस्ट प्राइवेट बैंक' व 'इंडियास बेस्ट प्रीमियर बैंकिंग' का पुरस्कार मिला

### एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड- 2026

**मुंबई (ए)।** भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड- 2026 में 'इंडियास सेफेस्ट प्राइवेट बैंक' व 'इंडियास बेस्ट प्रीमियर बैंकिंग' के रूप में सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों का आयोजन यूरोमनी पत्रिका द्वारा किया गया था। भारत में सबसे सुरक्षित निजी बैंक के रूप में एचडीएफसी बैंक की पहचान तीन मुख्य क्षेत्रों, पूंजीगत लचीलापन, ऋण जोखिम के प्रति अनुशासित दृष्टिकोण, और मजबूत जोखिम प्रबंधन की नींव के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता के मजबूती पर आधारित है। एचडीएफसी बैंक ने इस वर्ष 'प्रीमियर बैंकिंग के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' का खिताब हासिल किया है। यह उपलब्धि बैंक के प्रदर्शन, उत्पादों की विविधता, डिजिटल क्षमताओं और मानव संसाधन विकास के क्षेत्रों में लगातार हो रही प्रगति का परिणाम है। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड - इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, प्राइवेट बैंकिंग, इंटरनेशनल बैंकिंग, डिजिटल इकोसिस्टम और बीएएएस, राकेश के. सिंह ने कहा, हमें इस बात की खुशी है कि हमें 'भारत का सबसे सुरक्षित निजी बैंक' और 'प्रीमियर बैंकिंग के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' के रूप में मान्यता मिली है। ये पुरस्कार हमारे ग्राहकों की सेवा के प्रति हमारी टीम की अटूट प्रतिबद्धता और उस भरोसे को दर्शाते हैं, जो ग्राहकों ने लगभग तीन दशकों से एचडीएफसी बैंक पर बनाए रखा है।

EUROMONEY PRIVATE BANKING AWARDS 2026 INDIA BEST FOR PREMIER BANKING

# स्मार्ट कूलिंग, स्मार्ट गर्मियां, कुल बचत: सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी करते हैं यह काम

**नईदिल्ली (ए)।** भारतीय गर्मियों के लिए सबसे अच्छा एसी चुनते समय, मुख्य बातों में तेज कूलिंग, एनर्जी की बचत, अचानक बढ़ती गर्मी के हिसाब से ढलना और स्मार्ट कंट्रोल शामिल हैं। सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज इन रूरतों को पूरा करने के लिए ही बनाई गई है। यह एआई का इस्तेमाल कर कमरे के हालात और इस्तेमाल के तरीकों के आधार पर कूलिंग को एडजस्ट करती है, जिससे एनर्जी बचाते हुए आपको सबसे ज़्यादा आराम मिलता है। सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी में एआई ऑटो कूलिंग, एआई एनर्जी मोड और डिजिटल इन्वर्टर टेक्नोलॉजी शामिल हैं, जो असरदार और हालात के हिसाब से बदलने वाली कूलिंग देते हैं। इस्तेमाल के तरीकों और बाहर के हालात का विश्लेषण करके, ये एसी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाते हैं और साथ ही एनर्जी की खपत को भी कम करते हैं, जिससे ये भारत की कभी भी बदलने वाली गर्मियों के मौसम के लिए एकदम सही हैं। यहाँ तीन सैमसंग बीस्पोक एआई एसी दिए गए हैं, जिन्हें गर्मियों में कूलिंग की अलग-अलग ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया हैः ओवरऑल बेस्ट ङ्क सैमसंग का बीस्पोक एआई 1.5 टन 3 स्टार इन्वर्टर एसी। सैमसंग का बीस्पोक एआई 1.5 टन 3 स्टार इन्वर्टर एसी।

SAMSUNG

## न्यूज ब्रीफ

### 108 संजीविनी 06 एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जांजगीर- चांपा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला चिकित्सालय-जांजगीर से पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव श्री अंबेश जांगड़े एवं जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता मिरी द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित 06 एंबुलेंसो को रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिता श्रीवास्तव ने बताया कि एम्बुलेंस में मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक एवं उन्नत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए बी.पी. मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ई.सी.जी. मॉनिटर, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाओं के साथ ऑक्सीजन सपोर्ट, नेब्युलाईजेशन एवं अन्य आपातकालीन उपचार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। साथ ही गंभीर मरीजों के सुरक्षित स्थानांनतरण हेतु पोर्टेबल वेंटिलेटर डिफिब्रिलेटर मॉनिटर, सिरिंज पंप, लैरिंजोस्कोप सहित अन्य उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें 05 बेसिक लाईफसपोर्ट और 01 एडवांस लाईफसपोर्ट ऐंबुलेंस शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त नवीन 108 एम्बुलेंस वाहनो को जनमानस की सेवा हेतु प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. कूजूर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्री उत्कर्ष तिवारी, अस्पताल प्रबंधक श्री अंकित ताम्रकार तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जयनगर में विकास की मजबूत नींव, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में सड़क निर्माण का शुभारंभ

**सूरजपुर।** भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जयनगर ने आज एक महत्वपूर्ण क्षण का साक्षी बनकर विकास की नई इबारत लिखी महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जयनगर एनएच से कासापारा तक प्रस्तावित 3 करोड़ 80 लाख 15 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का विधिवत पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया ।यह केवल एक निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं बल्कि क्षेत्रीय विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त संकेत भी है। भूमिपूजन कार्यक्रम में उमड़े जनसमूह ने यह स्पष्ट कर दिया कि शासन और जनता के बीच विश्वास की डोर कितनी मजबूत है। अपने संबोधन में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रदेश में विकास की सतत गति का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन केवल एक नारा नहीं बल्कि धरातल पर उतरता हुआ संकल्प है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है और यह सड़क उसी दिशा में एक सार्थक पहल है। साथ ही बेहतर सड़कें केवल आवागमन को सुगम नहीं बनातीं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए द्वार खोलती हैं। जयनगर से कासापारा तक बनने वाली यह सड़क आने वाले समय में क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को गति देगी। इस कार्यक्रम में श्री हरीश राजवाड़े, श्री देवधन बिंझिया, श्री अशोक अग्रवाल, श्री रितेश जायसवाल, जनपद सदस्य श्रीमती धनेश्वरी सिरदार, सरपंच श्रीमती राधा सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 9 नई 108 एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

### शहरों में 15 और गांवों में 30 मिनट में पहुंचने का लक्ष्य

समवेत शिखर संवाददाता



**सूरजपुर।** जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज 09 नई 108 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये एम्बुलेंस जिले एवं विकासखंड स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित करने के लिए तैनात की गई हैं।

एडवांस एवं बेसिक लाइफसपोर्ट से लैस इन नवीन एम्बुलेंसों में एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) दोनों की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

प्रत्येक एम्बुलेंस में बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन सपोर्ट सहित प्राथमिक से लेकर आपातकालीन चिकित्सा की समस्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं, ताकि मरीज को घटनास्थल पर ही त्वरित उपचार मिल सके एवं उच्च संस्थाओं में समय पर संदर्भ हो सके।

समय सीमा तय - शहर में 15, गाँव में 30 मिनटः-

शासन ने 108 सेवा के लिए स्पष्ट समय सीमा निर्धारित की है। शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर एम्बुलेंस पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। इन नई एम्बुलेंसों के जुड़ने से जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों में भी आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएँ और अधिक प्रभावी होंगी। इस अवसर पर पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष श्री भीमसेन अग्रवाल, श्री मुरली मनोहर सोनी, श्री शशीकांत गर्ग, श्री संदीप अग्रवाल, श्री राजेश्वर तिवारी, श्री देव गुप्ता, श्री रितेश गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री कपिल देव पैकरा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम, डॉ. राजेश पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप नामदेव, अस्पताल सलाहकार श्री नीलेश गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## अभाविप द्वारा जिलें में शासकीय विवि के स्थापना की मांग को लेकर छात्रहित में सौंपा गया ज्ञापन



समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में शासकीय विश्वविद्यालय की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जांजगीर चांपा द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम जिलाधीश महोदय को सौंपा गया ज्ञापन। जिले में अनेक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय संचालित है, जहां हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, परन्तु जिले में शासकीय विश्वविद्यालय के अभाव में हजारों छात्रों की उच्च शिक्षा में बाधा बनी हुई है, अतः इस गंभीर विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जांजगीर चांपा द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया , जिसमें जिले भर के अनेक शासकीय व अशासकीय शिक्षण संस्थानों , महाविद्यालयों में अध्ययनरत हजारों छात्र-छात्राओं ने इस अभियान की सराहना करते हुए अपना समर्थन दिया, जिसे अभाविप जांजगीर-चांपा द्वारा संकलित कर शासकीय विश्वविद्यालय की मांग के ज्ञापन के साथ संलग्न कर जिलाधीश महोदय को ज्ञापन सौंपा गया।प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी जांजगीर चांपा के जिला संयोजक उदय पाण्डेय,जिला संगठन मंत्री ताम्रध्वज साहू जी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनामिका सिंह जी , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ तिवारी जी, नगर सहमंत्री आर्यन सिंह जी,नगर सहमंत्री शिवांश सिंह जी, महाविद्यालय प्रमुख अनुराग त्रिपाठी जी,कार्यकारिणी सदस्य रितेश राठौर जी शामिल रहे।

# अमीरबने नगर महामंत्री, कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा का संचार

### डॉ. चरणदास महंत के करीबी भूरू अग्रवाल को बड़ी जिम्मेदारी, संगठन को मिलेगी नई मजबूती

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** नगर कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूत करने की दिशा में लगातार नई नियुक्तियों का दौर जारी है। इसी कड़ी में वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता और कट्टर महंत समर्थक अमीर चंद अग्रवाल (भूरू) को नगर कांग्रेस कमेटी का नगर महामंत्री नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद स्थानीय राजनीति में नई हलचल देखी जा रही है।

अमीर चंद अग्रवाल को छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का करीबी माना जाता है। राजनीतिक गलियारों में उनकी इस नियुक्ति को डॉ. महंत के प्रभाव और भूरू अग्रवाल की संगठन के प्रति निष्ठा का परिणाम बताया जा रहा है। लंबे समय से कांग्रेस विचारधारा के प्रति समर्पित रहे भूरू अग्रवाल की सक्रियता और



कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति की खबर सामने आते ही सक्ती नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उनके निवास और कांग्रेस कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लग गया। समर्थकों का कहना है कि भूरू अग्रवाल के नेतृत्व में नगर कांग्रेस को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी, जिससे संगठन जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत होगा।

नवनियुक्त नगर महामंत्री अमीर चंद अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे कार्यकर्ताओं को एकजुट कर नगर में कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भूरू अग्रवाल की यह नियुक्ति आगामी चुनावी समीकरणों को ध्यान में रखकर की गई एक रणनीतिक पहल है, जिससे नगर कांग्रेस को संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जनाधार बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

# सूचना संवाद और प्रभाव इन्हीं तीन स्तंभों पर आईटी सेल की ताकत खड़ी है: अनिल शर्मा

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान मे जांजगीर ग्रामीण मंडल के उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए।

आई टी सेल के जिला संयोजक अनिल शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान मे आई टी सेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है जो सूचना संवाद और प्रभाव की ताकत पर खड़ी है यह वाक्य बताता है कि किसी भी संगठन का आई टी सेल तभी मजबूत होता है जब वह इन तीनों पहलुओं पर संतुलित और रणनीतिक तरीके से काम करे सूचना मतलब सही प्रमाणिक और समय पर जानकारी जुटाना और साझा करना संवाद मतलब जनता और संगठन के बीच दो तरफा बातचीत और प्रभाव मतलब जो सूचना और संवाद किया गया है उसका जनता पर अच्छे ढंग से असर पड़े और यह इसलिए जरुरी है क्योंकि इससे लोगों की राय और सोच प्रभावित होती है संगठन की पहुँच और लोकप्रियता तभी बढ़ती है जब संदेश ज्यादा लोगों तक तेजी से फैलता है सार बात यह है कि सही सूचना से विश्वास अच्छे संवाद से जुड़ाव, और मजबूत प्रभाव से संगठन की पहचान बनती है।

# पुलिस ने बाल विवाह पर बालिका को सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया

समवेत शिखर संवाददाता



**सूरजपुर।** बाल विवाह मुक्त सूरजपुर बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह चुस्त है, कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री शुभम बंसल एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड लाईन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम पूरी तरह से सक्रिय है।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी को पूर्व में जानकारी प्राप्त हुई थी कि एक 17 वर्षीय बालिका का बाल विवाह भैयाथान के एक ग्राम में किया जा रहा है। बालिका का मंडप 28 मार्च एवं विवाह 30 मार्च को होना है। सूचना प्राप्त होते ही जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री शुभम बंसल को दी गई जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर गांव में संयुक्त टीम गई जहां बालिका के परिजन उम्र हो जाने पर विवाह करने की सहमति दिये और विवाह रोकने का पंचनामा, कथन बालिका का स्कूल का दस्तावेज लिया गया। 30 मार्च को शाम फिर सूचना प्राप्त हुई कि बारात आ रहा है और विवाह की पूरी तैयारी हो चुकी है। आज ही विवाह सम्पन्न होने वाला है। मेहमान आ गये है, विवाह हेतु टेंट लगाया गया है, भोजन बन रहा है और पूरी धूमधाम के साथ विवाह होने वाला है।

इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल ने इस बात की सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर शाम 7:00 बजे संयुक्त टीम भैयाथान के उक्त ग्राम के लिए रवाना हुई टीम पर्याप्त पुलिस बल के साथ गांव पहुंची तो सूचना के अनुसार टेन्ट पंडाल लाइट, डेकोरेशन और मेहमानों का मजमा लगा हुआ था। बात चीत करने पर विवाह की संभावना लग रही रही थी जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बारात की स्थिति जानने के लिए संबंधित थाने में फोन लगा कर बात की तो पता चला की वहां से बारात निकलने वाली है। गांव में सरपंच एवं सचिव सम्बन्धित पर्यवेक्षक को बुलाया गया। बालिका के परिजनों को बताया गया कि पूर्व में पंचनामा और आय दस्तावेज तैयार किया गया था विवाह नहीं करने को सभी सहमत थे तो क्यों किया जा रहा है। तो परिजनों ने कहा कि विवाह नहीं कर रह है। और दावत दे रहे है। टीम द्वारा या तो विवाह पर अपराध पंजीबद्ध करने की बात कही या फिर बालिका को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने हेतु अपने साथ ले जाने की बात कही समझाया गया कि बालिका को सखी वन स्टॉप सेंटर में रखा जाएगा जहां केवल महिलाएँ रहती है। बालिका के साथ और भी महिलाएं जा सकती है। बहुत जद्दोजहद के बाद परिजन बालिका को भेजने को तैयार हुए। संयुक्त टीम के मौजुद महिला कर्मचारियों द्वारा रात्रि 9:00 बजे बालिका को लेकर बाल कल्याण समिति को सूचित कर समिति के आदेश से सखी वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है।

# सब-इंस्पेक्टर बनकर लौटे पुष्पेन्द्र जायसवाल का भव्य स्वागत, चांपा में गूंजे बधाई के स्वर

### बाजे-गाजे, पुष्पवर्षा और आत्मीय अभिनंदन के बीच गृहग्राम पहुंचने पर उमड़ा जनसैलाब

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** पुण्य सलिला हसदेव एवं कांसा-कंचन कोसा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अलंकृत चांपा शहर एक बार फिर गौरव के क्षणों का साक्षी बना, जब छत्तीसगढ़ पुलिस में सब-इंस्पेक्टर पद पर प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे लोहार पारा चांपा निवासी पुष्पेन्द्र जायसवाल का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। उनके नगर आगमन पर बाजे-गाजे, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण के साथ नागरिकों ने हर्षोल्लास से उनका अभिनंदन किया।

पुष्पेन्द्र जायसवाल की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे चांपा शहर को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि वे पूर्व में आईटीआई कोरबा में छात्रावास अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस में सब-इंस्पेक्टर पद हेतु चयन प्राप्त किया। चयन उपरांत उन्होंने रायपुर में एक वर्ष का विभागीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया और सोमवार को प्रशिक्षण पूर्ण कर अपने नगर चांपा लौटे।

पुष्पेन्द्र जायसवाल, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं श्रीमती कामिनी जायसवाल के सुपुत्र हैं। उनकी सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण और परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। वे आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा के सशक्त स्तंभ बनकर उभरे हैं।

स्वागत समारोह में परिवारजनों, मित्रों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही। सभी ने पुष्पमाला, गुलदस्ते एवं शुभकामनाओं के साथ उनका अभिनंदन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ रविन्द्र द्विवेदी, प्रांतीय मंत्री भुवनेश्वर देवांगन, सचिव लक्ष्मी तिवारी, प्रदीप श्रीवास, विजय थवाईत जय तिवारी सहित नगर एवं वार्ड निवासी अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बिलासपुर रेंज आईजी ने किया महिला थाना का उद्घाटन

### पुलिस ड्रोन कैमरा को बारीकी से देखा एवं रख रखाव के सावधानी के लिए आवश्यक जानकारी दिया

समवेत शिखर संवाददाता




**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज दिनांक 31 मार्च 2026 को महिला थाना जांजगीर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर रेंज IG के द्वारा फीता काटकर नए महिला थाने का उद्घाटन किया गया।

**परिवार परामर्श से जुड़े काउंसलरों को किया सम्मानित** -IG बिलासपुर रेंज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में परिवार परामर्श से जुड़े काउंसलरों को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं समाज में पारिवारिक विवादों के समाधान हेतु किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईजी सर ने काउंसलरों की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका योगदान समाज में पारिवारिक समरसता एवं सौहार्द बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने भी काउंसलरों के कार्यों की सराहना की।÷

**जिले के महिला कमांडो टीम की प्रशंसा**- कार्यक्रम के दौरान जिले महिला कमांडो टीम उपस्थित रहे जिनको ÷ढ्ढत्र बिलासपुर रेंज बिलासपुर के द्वारा जांजगीर-चांपा जिला की गठित महिला कमांडो टीम की सराहना करते हुए उनके सहयोग और उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की गई।÷

**प्रेस प्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण भेंट**- IG बिलासपुर रेंज बिलासपुर ने जिले के प्रेस प्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण भेंट कर पुलिस की प्राथमिकताओं और महिला सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को साझा किया। उन्होंने कहा कि महिला थाना न केवल महिलाओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण में सहायक होगा, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और विश्वासपूर्ण वातावरण भी प्रदान करेगा।

**संचार साथी÷ मोबाइल एप के संबंध में विस्तृत जानकारी**-आम नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से भारत सरकार के दूरसंचार विभाग (DoT) द्वारा ÷संचार साथी÷ मोबाइल एप एवं पोर्टल शुरू किया गया है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपयोगकर्ता संदिग्ध कॉल, एसएमएस व व्हाट्सएप मैसेज की शिकायत ÷चक्षु÷ सुविधा से कर सकते हैं, वहीं CEIR के जरिए खोए या चोरी हुए मोबाइल की रिपोर्ट दर्ज कर IMEI ब्लॉक कराया जा सकता है।

पोर्टल पर TAFCOP सुविधा के माध्यम से आधार से जुड़े अनजान मोबाइल नंबरों की जानकारी लेकर उन्हें ब्लॉक किया जा सकता है। साथ ही Genuineness of Mobile Handset से सेकंड हैंड मोबाइल की सत्यता जांची जा सकती है। उपयोगकर्ता फर्जी इंटरनेशनल कॉल्स को ब्लॉक करने, अपने क्षेत्र के इंटरनेट सेवा प्रदाताओं की जानकारी प्राप्त करने तथा Trusted Contact Details के जरिए बैंक/वित्तीय संस्थाओं के सत्यापित संपर्क विवरण भी प्राप्त कर सकते हैं।

यह एप Android एवं iOS प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण प्रदान करना है।

**सायबर थाना का निरीक्षण एवं सायबर जागरूकता कार्यक्रम** -सायबर थाना जांजगीर का निरीक्षण ढ्ढत्र द्वारा प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं, उपलब्ध आधुनिक तकनीकी संसाधनों तथा सायबर अपराधों की जांच प्रक्रिया का गहनता से अवलोकन किया।

आईजी ने दर्ज प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण पर विशेष जोर दिया।

# सेवानिवृत्ति के प्रधानपाठक पैंकरा को मिला पीपीओ, बीईओ ने किया सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता



**पत्थलगांव।** पत्थलगांव विकासखंड में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को समय पर पेंशन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में खंड शिक्षा अधिकारी श्री वेदानंद आर्य द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। संयुक्त संचालक शिक्षा श्री संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री नरेन्द्र सिन्हा के निर्देश पर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को सेवानिवृत्ति से पूर्व ही पी.पी.ओ. (पेंशन अदायगी आदेश) उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

इसी क्रम में 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए पत्थलगांव विकासखंड के श्री वेदराम पैंकरा, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला कोईलारभदरा को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि के दिन ही पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) एवं आवश्यक दस्तावेज सौंपे गए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्री वेदानंद आर्य ने उन्हें मिठाई खिलाकर सुखमय एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान कार्यालय स्टॉफ की उपस्थिति में श्री वेदराम पैंकरा को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके लंबे शैक्षणिक सेवाकाल और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

संयुक्त संचालक शिक्षा श्री संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री नरेन्द्र सिन्हा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ एवं आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए जाने की इस व्यवस्था से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। कर्मचारियों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को पेंशन से जुड़ी प्रक्रियाओं में अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।